GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

# बीएमएस आज डीएम को सौंपेगा ज्ञापन

**गोरखपुर (एसएनबी)**। भारतीय मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में 26 अप्रैल 2023 को लखनऊ में प्रस्तावित विशाल धरना-प्रदर्शन के क्रम में संबंधित मदों का ज्ञापन 16 मार्च दिन बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी गोरखपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को विचार व आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। उपरोक्त के अनुपालन में संजय त्रिपाठी (जिला मंत्री) भारतीय मजदूर संघ गोरखपुर के नेतृत्व में जिलाधिकारी को समय 12 बजे दोपहर ज्ञापन दिया जाएगा। यह जानकारी कार्यालय मंत्री जिला इकाई गोरखपुर कामेश्वर दूबे ने एक विज्ञप्ति में दी।

# नशे को लेकर किया जागरूक

**गोरखपुर (एसएनबी)**। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित गुरु श्री गोरक्षनाथ कालेज आफ नर्सिंग में अध्ययनरत द्वितीय वर्ष की 30 छात्राओं द्वारा बैजनाथपुर के औरैया गाँव में सामूहिक स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने लोगों को नशे के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान शिक्षिकाएं मिस खुशबू, मिस शाइनी व शिक्षक विश्वजीत आदि मौजूद रहे।

# पिपराइच फूड प्वाइजनिंग मामले में रसमलाई हानिकारक होने की पुष्टि

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीते 5 मार्च को पिपराइच में शादी समारोह में हुए फूड प्वाइजनिंग के मामले में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा भेजे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आ गई है। जिला प्रशासन के मुताबिक जांच में रसमलाई को मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया गया है। इसमें अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा मिला है। इसी की वजह से खाने वालों को उल्टी और दस्त होने लगा। रसमलाई, कुशीनगर की एक दुकान से खरीदी गई थी। इसलिए यहां का खाद्य सुरक्षा विभाग, कुशीनगर कार्यालय को मामला शिफ्ट कर रहा है। कुशीनगर का खाद्य सुरक्षा विभाग सिविल न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराएगा। न्यायालय ऐसे मामलों में जुर्माना या कारावास की सजा सुना सकता है।

गोरखपुर के मेडिकल कालेज स्थित लैब में हुई नमूने की जांच

कुशीनगर की एक दुकान से आई थी रसमलाई

कुशीनगर के खाद्य सुरक्षा विभाग को हैंडओवर किया जाएगा मामला

सिविल न्यायालय में दर्ज होगा केस

बीते 5 मार्च की रात पिपराइच के एक मैरेज हाल में फूड प्वाइजनिंग की घटना हो गयी। जानकारी होते ही खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने वहां से रसमलाई, गुलाब जामुन, फिश फ्राई, चिकन करी, गोलगप्पा के छोला और उसके पानी का नमूना लिया था। गोरखपुर के खाद्य नमूनों को जांच के लिए झांसी भेजा जाता है लेकिन गंभीर मामला होने की वजह से शासन की अनुमति पर इसे जांच के लिए मेडिकल कालेज स्थित लैब भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा संग्रहित नमूनों की तीन तरह की जांच रिपोर्ट होती है। अद्योमानक और मिथ्याछाप के मामलों में एडीएम सिटी न्यायालय में मुकदमा दर्ज होता है जिसमें सिर्फ जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाए जाने वाले नमूनों के मामलों में सिविल न्यायालय में मुकदमा दर्ज होता है जिसमें जुर्माने के साथ सजा का भी प्रावधान है। पिपराइच के मैरेज हाल से लिए गए नमूनों में रसमलाई का नमूना मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया गया है। उसमें अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा मिला है जिससे लोगों की तबियत खराब हुई थी। यह मिठाई कुशीनगर से मंगाई गई थी लिहाजा आगे की कार्रवाई, वहां का विभाग करेगा। मामला हैंडओवर किया जा रहा है।

**विनीत सिंह, न्याय निर्णायक अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग/ एडीएम सिटी**

बुधवार को जांच रिपोर्ट आ गयी है। विभाग के मुताबिक जांच में बाकी सामग्री तो ठीक मिली लेकिन रसमलाई में मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं। रसमलाई को कुशीनगर से लाया गया था। इसलिए आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट आदि प्रपत्र वहां के खाद्य सुरक्षा विभाग को भेजे जा रहे हैं।

# बेटियां घबराएं नहीं, खुद को मजबूत बनाएं

**गोरखपुर (एसएनबी)।** प्रगति सिंधी क्लब आफ गोरखपुर के तत्वावधान में बुधवार को जटाशंकर पर महिलाओं को कानून की जानकारी देने के लिए गोष्ठी आयोजित की गई। एडवोकेट रूपल तिवारी ने बेटियों के सशक्तीकरण पर बल देते हुए कहा कि बेटियां किसी भी परिस्थिति में न घबराएं। खुद को मजबूत बनाएं तथा शिक्षा जरूर ग्रहण करें।



रूपल तिवारी ने कहा कि वर्ष 1857 स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में झांसी की रानी ने अकेले दम पर अंग्रेजों को पीछे धकेल दिया था। कानून में महिलाओं को कई तरह के अधिकार दिए गए हैं लेकिन जानकारी के अभाव में हम इसका लाभ नहीं ले पाते हैं। इसकी जानकारी के लिए शिक्षित होना बहुत जरूरी है। किसी भी उत्पीड़न के खिलाफ हमें आवाज उठाना ही होगा। किसी की प्रताड़ना को सहना कायरता है और महिलाएं कभी कायर नहीं रही हैं।

कहा कि स्कूल जाने वाली बेटियों को अपने पास मिर्च स्प्रे रखना चाहिए ताकि कोई छेड़छाड़ की जुर्रत करे तो तत्काल उसे सबक सिखाया जा सके। क्लब की अध्यक्ष कविता नेभानी ने कहा कि महिलाओं और बेटियों को उनके अधिकारों की जानकारी न होने से वह परेशान रहती हैं। इसे देखते हुए क्लब ने सभी की जागरूकता का निर्णय लिया है। इसी क्रम में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपाध्यक्ष मोनिका खट्टर, गरिमा, रेणुका आहूजा, रीत साधवानी, शालू वरयानी, दृष्टि गुरनानी, सिमरन आदि मौजूद रहीं।

# दो हॉस्पिटल सील, एक को अल्टीमेटम

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** बुधवार को उरुवा कस्बे में स्थित दो हॉस्पिटल को सील कर दिया गया। और एक हॉस्पिटल को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया। उरुवा कस्बे के गोला रोड पर स्थित के बी मेमोरियल हॉस्पिटल में 18 फरवरी 2023 को एक प्रसूता की मौत हो गई थी। जिसके बाद से स्वास्थ्य विभाग अवैध निजी हॉस्पिटल, पैथलजी सेंटर, डाइगोस्टिक सेंटर सहित आदि पर कार्यवाई करने के लिए छापेमारी कर रही है। इसी कार्यवाई में बुधवार को गोला रोड पर स्थित चांदसी मेडिकल हल व ब्रह्मानन्द यादव के क्लिनिक को सील कर दिया गया है। उरुवा में पुराने शिवमंदिर गली में स्थित धन्वन्तरि हॉस्पिटल को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया। जिसमें उन्हें अपने रजिस्ट्रेशन का रिनुअल कराकर जमा करना होगा। प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डॉ. जेपी तिवारी ने बताया कि सीएमओ गोरखपुर के आदेश पर इन हॉस्पिटल को सील किया गया है। अगर तीन दिन के अंदर संतोषजनक कागज नही मिलता है तो एफआईआर भी दर्ज कराया जाएगा।

# बिजलीकर्मी को असलहा लेकर दौड़ाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**झंगहा (एसएनबी)।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम अमहिया में गत चौदह मार्च को एक बिजली कर्मी को असलहा लेकर धमकाने वाले युवक को झंगहा पुलिस ने मय असलहा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**बिजली कनेक्शन काटने को लेकर हुआ था विवाद**

बताया जाता है कि ग्राम सभा अमहिया में स्थित 33/ 11 विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ राजेश भारद्वाज की कनपटी पर पिस्टल रखकर उन्हें गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी। एसएसओ राजेश भारद्वाज ने स्विच यार्ड की ओर भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। झंगहा पुलिस को एसएसओ ने लिखित तहरीर दिया।

कुछ दिन पहले ग्रामसभा अमहिया निवासी अजय कुमार मिश्र पुत्र कमलापति मिश्र का आटा चक्की का विद्युत बिल बकाया होने के कारण काट बिजली काट दी गई थी। जिसकी जानकारी लेने के लिए अजय कुमार मिश्र विद्युत उपकेंद्र पर गए और वहां तैनात एसएसओ से पूछा कि हमारा कनेक्शन को क्यों काटा गया है। इस बात पर एसएसओ ने कहा कि हमारा काम लाइट काटना नहीं है हम विधुत उपकेंद्र चलाते हैं। आप उपर के अधिकारी से पूछो। इतना सुनते ही अजय मिश्र ने गाली गुत्ता देते हुए हमारे कनपटी पर पिस्टल तान दी और जान माल की धमकी देने लगे। उन्होंने बताया कि हम किसी तरह अपनी जान बाचाये और अपने कर्मचारियों को सूचना दी। एसएसओ राजेश भारद्वाज की तहरीर के विषय में पूछने पर थानाध्यक्ष गौरव राय कन्नौजिया ने बताया कि विधिक कार्यवाई करते हुए धारा 186,353,504,506,3/25आर्म्स के तहत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त अजय कुमार मिश्र को असलहा सहित गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया।

# विदेश भेजने के नाम पर रुपये हड़पा जनता दर्शन में शिकायत के बाद केस

**पादरी बाजार (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के मेडिकल कलेज रोड स्थित राधिका कांम्प्लेक्स में एक जालसाज ने अफिस खोलकर लगभग ढाई सौ लोगों को विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपए हड़प कर फरार हो गया। सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत के बाद बुधवार की शाम शाहपुर पुलिस ने उड़ीसा प्रांत निवासी आर्‌रोबाना के खिलाफ धारा 406, व 420 में केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी हैं। जनपद देवरिया के ग्राम बरईपुर निवासी संजय कुमार यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दरबार में शिकायत किया कि शाहपुर के मेडिकल कलेज रोड स्थित राधिका कांम्प्लेक्स मे विदेश भेजने के लिए इम्पेरियल ट्रेवल्स गाइड के नाम से आफिस खुला था। एक परिचित के बताने पर अफिस पहुंचे तो जालसाज ने 55 हजार रुपए व पासपोर्ट अपने पास जमा करा लिया। और कहा कि जल्द आपको विदेश भेज दिया जाएगा। दो महीना बीतने के बाद पीड़ित ने शनिवार को फोन लगाया तो स्विच अफ बता रहा था। जिसके बाद सोमवार को अफिस पहुंचे तो ताला बंद था। पता करने पर लोगों ने बताया कि लगभग ढाई सौ लोगों से विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया है। जिसके बाद पीड़ित ने सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत किया। शिकायत का संज्ञान लेते हुए बुधवार को शाहपुर पुलिस ने आरोपी जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## निषाद विकास महासभा की बैठक कल

**गोरखपुर।** निषाद विकास महासभा की एक बैठक आगामी 17 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से निषाद राज मंदिर, मिर्जापुर में प्रदेश अध्यक्ष पुन्नी लाल निषाद की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी व संगठन मंत्री बेचन निषाद ने दी।

# डीए को सौंपा ज्ञापन कार्रवाई की मांग

गोरखपुर (एसएनबी)। चौरीचौरा तहसील के रहने वाले बुद्धि राम गोंड का लेखपाल द्वारा स्थलीय जाँच पर अनुसूचित जनजाति के धुरिया गोंड की जगह कहार अन्य पिछड़े वर्ग जबरन दर्ज किया जा रहा था। आपत्ति करने पर लेखपाल अनिल द्वारा अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करतें हुए उनका फोन तोड़ दिया गया,जो सीधे सीधे गैरकानूनी कार्य हैं जिसको लेकर मूलवासी गोंडवाना गणतंत्र संस्था के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर गोंड द्वारा डीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा गया। मांग किया गया तत्काल ऐसे लेखपालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए।

**लेखपाल पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने तथा फोन तोड़ने का आरोप**

प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर गोंड ने कहा कि प्रदेश में अधिकारियों की गुंडई चरम पर हैं, जहाँ एक तरफ प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए सरकार भिन्न-भिन्न योजनाएं चला कर उन्हें मुख्य धारा में लाना चाहती हैं वही बेलगाम अधिकारी व लेखपालों गोंड जाति प्रणाम-पत्र जारी नही कर रहें हैं। फर्जी तरीके से उनकी जाति बदल कर जाति प्रमाण-पत्र निरस्त कर रहें जो कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा,अगर उत्पीड़न व अन्याय बंद नही हुआ तो मूलवासी गोंडवाना गणतंत्र संस्था प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगी। इस दौरान राहुल साहनी,सतीश प्रजापति,भोलू पासवान, दुर्गेश गोंड, श्रीचन्द्र धुर्वे, सोनू गोंड एवं बाहुबली गोंड समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# भूमि विवाद में मारपीट मुकदमा

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)** ।चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवीपुर निवासिनी देवंती देवी पत्नी स्व हरिदेव चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुराना जमीनी रंजिश को लेकर मेरे गांव के ही चंदा देवी,गोपाल ने गाली गलौज देते हुए मुझे दौड़ाकर मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित महिला की तहरीर पर चंदा देवी,गोपाल के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# युवती को भागने के मामले में केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)**। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए राजन गौड़ पुत्र राम अशीष गौड़ के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।महिला का आरोप है कि मेरी पुत्री घर से कुछ जेवर और दो लाख रुपए नगदी भी अपने साथ लेकर चली गई है। आरोप है कि आरोपी युवक फोन करके धमकी भी दे रहा है कि मेरा कोई कुछ बिगाड़ नही पाएगा।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राजन गौड़ के खिलाफ धारा 366,के तहत केस दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई हैं।

# 19 वर्षीया युवती को परिजनों को सौंपा

**गोरखपुर (एसएनबी)**। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा व अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में 13 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, सीतापुर को प्लेटफार्म संख्या-1 से एक युवती उम्र-19 वर्ष संदिग्ध हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त युवती को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 14 मार्च को गाड़ी संख्या-15054 के रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी द्वारा यात्री का मोबाइल लेकर भाग रहे एक व्यक्ति को 2 अदद चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर मामला पंजीकृत किया गया। 13 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी सिटी द्वारा निगरानी के क्रम में प्लेटफार्म संख्या-3 से यात्री का छूटा मोबाइल बरामद किया। यात्री के उपस्थित होने पर मोबाइल को उन्हे सुपुर्द किया गया।

# भूमि विवाद में मारपीट

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)** ।चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवीपुर निवासिनी देवंती देवी पत्नी स्व हरिदेव चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुराना जमीनी रंजिश को लेकर मेरे गांव के ही चंदा देवी,गोपाल ने गाली गलौज देते हुए मुझे दौड़ाकर मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित महिला की तहरीर पर चंदा देवी,गोपाल के खिलाफ 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई है।

# मारपीट के मामले में देवर ननद के खिलाफ केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)** ।चौरी चौरा थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासिनी ममता पत्नी विनोद गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरा देवर प्रमोद गुप्ता रात को करीब दस बजे बगल के एक युवक के छत पर चढ़कर मेरे घर में घुस गया और मेरे घर में किसी अनजान व्यक्ति के होने की आशंका जताते हुए शोर मचाने लगा।प्रमोद गुप्ता मेरे पूरे घर का तलाशी भी लिया,लेकिन घर में कोई व्यक्ति नहीं मिला। महिला का आरोप है कि प्रमोद गुप्ता अपनी दो बहनो को फोन करके बुलाया और तीनों लोग एक जुट होकर मुझे लाठी डंडों और लात मुक्को से मारने पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

# युवती को भगाने के मामले में केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)** । चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला ने अपनी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए राजन गौड़ पुत्र राम अशीष गौड़ के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई।महिला का आरोप है कि मेरी पुत्री घर से कुछ जेवर और दो लाख रुपए नगदी भी अपने साथ लेकर चली गई है। आरोप है कि आरोपी युवक फोन करके धमकी भी दे रहा है कि मेरा कोई कुछ बिगाड़ नही पाएगा।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी राजन गौड़ के खिलाफ धारा 366,के तहत केस दर्ज कर लड़की की तलाश में जुट गई हैं।

# कुकर्म का आरोप, केस

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोहटा में बुधवार को कक्षा 3 के छात्र को लंच के बहाना गांव के युवक द्वारा बहला- फुसलाकर एक छप्पर में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती कुकर्म किया गया। छात्र की हालत बिगड़ते पर आरोपी छोड़कर फरार हो गया । घर पहुंच कर छात्र ने स्वजनों से आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ कुकर्म की धारा- 377 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। उक्त संदर्भ में थाना प्रभारी सहजनवा नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि आरोपित युवक को जेल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# रेलवे गेटमैन के आवास से बाइक चोरी

**कैम्पियरगंज (एसएनबी)।** कैंपियरगंज इलाके से रेलवे गेटमैन के आवास से चोरों ने बुलेट चोरी कर फरार हो गया। स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहरपुरवा में स्थित रेलवे गेटमैन के आवास से देर रात चोरों ने बुलेट मोटर साइकिल चुराया शमशुलहक जो कि रेलवे में गेटमैन है के चचेरे भाई निजामुद्दीन की बुलेट मोटर साइकिल उनके लोहरपुरवा के हनुमान नगर में स्थित रेलवे टर पर खडी थी और शमशुलहक ड्यूटी पर चले गए थे ड्यूटी से वापस आए तो मोटर साइकिल गायब थी इस सम्बन्ध में उन्होंने थाने में तहरीर दिया है

# सड़क हादसे में दो बहनें घायल

**पाली( एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र में ग्राम चड़राव चौराहे पर बुधवार को दिन में 11 बजे सड़क हादसे में दो सगी बहनें गंभीर रूप से घायल हो गय हैं। घायलों की पहचान कैंपियरगंज थाना क्षेत्र में ग्राम नौगों निवासी कंचन पाण्डेय 16 व उनकी छोटी बहन राजकुमारी 11 वर्ष के रूप में हुई है। सभी को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार में भर्ती कराया गया था, जहां से डाक्टरों ने राजकुमारी की हालत में सुधार होता न देख जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया है। कंचन व राजकुमारी अपने भाई नंदकिशोर के साथ बीते दिन सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम लुचूई स्थित शादी समारोह में शामिल होने आईं थीं । बुधवार को बाइक द्वारा घर जाते समय चड़राव के पास पीछे से आ रही बाइक ने ओवरटेक के दौरान टक्कर मार दिया, जिससे राजकुमारी समेत कंचन घायल हो गयी।

# इंटीग्रेटेड ट्रैफिक कंट्रोल मैनेजमेंट सेंटर का यूनिसेफ टीम ने किया निरीक्षण

गोरखपुर (एसएनबी)। यूनिसेफ टीम ने नगर निगम परिसर में स्थापित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक कंट्रोल मैनेजमेंट सेंटर का निरीक्षण किया और आपदा के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा ग्रीन करिडोर उपलब्ध कराए जाने को लेकर चर्चा हुई। आपदा प्रभावित स्थल पर समय से राहत एवं बचाव टीम पहुंचने के संबंध में विस्तृत विवरण प्राप्त किया। कंट्रोल रूम के माध्यम से लू से बचाव विषय पर जागरूकता संदेश का प्रसारण किया गया। यूनिसेफ टीम ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और आश्वस्त किया की स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों में वे आपदा प्राधिकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान करेंगे।

यूनिसेफ टीम में एनेक्सी भवन सभागार में ग्राम आपदा प्रबंधन एवं जलवायु संरक्षण योजना निर्माण से जुड़े 84 युवा स्वयंसेवकों, आपदा मित्र, आपदा सखी, गोरखपुर विश्वविद्यालय के अध्ययन के छात्र-छात्राएं एवं संबंधित विभागों के कार्यालय अध्यक्षों के साथ बैठक की। युवाओं को प्रशंसा पत्र सहित योजना निर्माण में सक्रिय रुप से कार्य करने के लिए रु 1000 प्रोत्साहन राशि के रूप में वितरित किया।

# मुंबई से गोरखपुर आ रही महिला यात्री की विमान में हालत बिगड़ी, मौत

**गोरखपुर एयरपोर्ट पर विमान लैंड करने के कुछ देर पहले ही हुई घटना, गोला तहसील के बैदौली खास की है महिला**

**एयरपोर्ट पर ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित किया गया बिसरा**

**गोरखपुर (एसएनबी)।** मुंबई से गोरखपुर आ रही गोला तहसील के बैदौली खास निवासी 80 वर्षीय चंद्रावती की विमान में अचानक तबीयत बिगड़ गई। एयरपोर्ट पर विमान लैंड करने के बाद डॉक्टरों ने जांच में उन्हें मृत बताया। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां भी डॉक्टरों ने उन्हें मृत बताया। देर शाम पोस्टमार्टम में मौत की वजह स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित कर शव, परिजनों को सौंप दिया गया।

एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक सुबह 10 बजे मुंबई से गोरखपुर आने वाले स्पाइस जेट के विमान में एक महिला यात्री की तबीयत खराब हो गई थी। विमान में मौजूद क्रू मेंबर ने रास्ते में ही उन्हें प्राथमिक इलाज मुहैया कराया। मगर एयरपोर्ट पर विमान लैंड करने के बाद डॉक्टरों की जांच में वह मृत पाई गई। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। चंद्रावती के बड़े बेटे राजकुमार सिंह ने बताया कि वह मुंबई में ही सरकारी नौकरी करते हैं। हर साल ठंड के मौसम में उनकी मां, मुंबई आ जाती हैं। इस बार भी वह तीन-चार महीने पहले घर आई थी। बुधवार को उन्हें गांव छोड़ने वह विमान से गोरखपुर आ रहे थे कि लैंडिंग के करीब 20-25 मिनट पहले ही अचानक उनके सीने में दर्द शुरू हुआ। विमान में मौजूद स्पाइस जेट के कर्मचारियों ने प्राथमिक उपचार दिया मगर, वह शांत पड़ गई थी। एयरपोर्ट पर विमान लैंड होते ही पहले से मौजूद डॉक्टरों ने जांच की तो उनकी पल्स नहीं मिल रही थी। एयरपोर्ट से एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। शाम को पोस्टमार्टम हुआ लेकिन मौत की वजह उसमें साफ नहीं हुई। डॉक्टरों ने बिसरा सुरक्षित किया है। शव लेकर हम गांव जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को अंतिम संस्कार होगा।

राजकुमार सिंह का कहना है कि उनकी मां को हार्ट अटैक आया था। हालांकि वह पहले एकदम स्वस्थ थी और इसके पहले विमान से कई बार सफर भी कर चुकी हैं। चंद्रावती के पति का पहले ही देहांत हो चुका है। उनके दो पुत्र हैं, जिसमें राजकुमार बड़े हैं। छोटा बेटा गोरखपुर में ही शिक्षक है।

**पिछले महीने भी एक यात्री की हो गई थी मौत :** इसके पहले 22 फरवरी को भी मुंबई की फ्लाइट पकड़ने पहुंचे चौरीचौरा के इब्राहिमपुर गांव के रामदरश चौधरी की मौत हो गई थी।

इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक एके द्विवेदी ने बताया कि मुंबई से गोरखपुर एयरपोर्ट आ रहे स्पाइस जेट के विमान में गोला की एक महिला यात्री की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। क्रू मेंबर ने उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। विमान लैंड करने के बाद डॉक्टरों ने जांच की तो वह मृत मिली। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## अपहरण कर शादी का झांसा देने के मामले में केस

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट इलाके की रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर अपहरण करने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र एक गांव के एक पिता ने थाने में बुधवार को तहरीर देकर अपने मुंहबोले एक रिश्तेदार बृजमोहन ग्राम हथियहंवां थाना पनियरा जनपद महराजगंज के खिलाफ बेटी को शादी का झांसा देकर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। उनका आरोप है कि- रिश्तेदार ने बेटी पर शादी के लिए दबाव बनाने के लिए घटना को अंजाम दिया है। गायब होने के बाद बहुत खोज-बीन की गई, लेकिन सच्चाई सामने आने के बाद, पांव तले जमीन खिसक गई।

# तोड़ा गया अतिक्रमण पालीथिन मिलने पर लगा जुर्माना

गोरखपुर (एसएनबी)। नगर निगम इंफोर्समेंट टास्क फोर्स ने बुधवार को भी प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। टास्क फोर्स ने अतिक्रमण को भी तोड़वाया। उप नगर आयुक्त संजय शुक्ला के निर्देश पर चलाये गये अभियान में अलीनगर में प्रतिबंधित पालीथिन पकड़ी गई। टास्क फोर्स ने तीन किलोग्राम से अधिक पालीथिन जब्त कर लिया। साथ ही 2700 रुपए का चालान भी काटा। जटाशंकर चौराहा से लेकर अलीनगर तक नाली के ऊपर किये गये अतिक्रमण को मजदूरों से तोड़ावाया गया। उत्तरी जटेपुर नया क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा बनाये जा रहे पिलर को टास्क फोर्स ने रोका। टास्क फोर्स ने चेतावनी दी कि दोबारा निर्माण कराये जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान में जेई अतुल कुमार, आरआई अनिल सिंह तथा टास्क फोर्स के जवान शामिल रहे।

# रेलवे की ज्वाइंट टीम रोकेगी 'खाकी का टशन'



gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 March):** खाकी पहनकर ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने वाले पुलिस कर्मियों की अब खैर नहीं होगी. रेलवे की कॉमर्शियल डिपार्टमेंट व आरपीएफ की संयुक्त टीम एनई रेलवे की ट्रेनों में इन पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ एक्शन लेगी. इसके लिए मेगा कैंपेन चलाया जाएगा. इसकी तैयारी हो चुकी है और बाकायदा इसके लिए टीम भी बना दी गई है.

## टीटीई के साथ हुई थी अभद्रता

10 मार्च को 15097 (जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस) ट्रेन के एसी कोच में पुलिस कर्मियों द्वारा बिना टिकट यात्रा करने व टीटीई के साथ अभद्र व्यवहार करने के बाद मामला गंभीर होते देख कार्रवाई के लिए रेलवे ने मन बनाया है. इसके लिए एनई रेलवे सहायक वाणिज्य प्रबंधक की तरफ से गोरखपुर, बस्ती, गोंडा व लखनऊ स्टेशन पर टिकट जांच कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ट्रेनों में टिकट जांच के दौरान किसी भी पुलिस कर्मी के बिना टिकट यात्रा करते पाए जाने पर तत्काल वाणिज्य नियंत्रक को सूचित करने के साथ-साथ कैप्टन रिपोर्ट में इसकी डायरी करना सुनिश्चित करेंगे.

# एसएसपी के निर्देश पर जालसाजों पर मुकदमा दर्ज

**चरगांवा :** एसएसपी के निर्देश पर चिलुआताल पुलिस ने बुधवार को प्रवीण कुमार त्यागी के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। राप्तीनगर फेज फोर निवासी विनोद कुमार पांडेय ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की थी कि आरोपित ने उनके साथ 44 हजार 500 की धोखाधड़ी की है। उसने ओला कंपनी से नया स्कूटर देने के लिए धोखे से अपने व दोस्त के खाते में पैसा ले लिया। (जासं)

# पति समेत तीन के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**गोरखपुर :** गुलरिहा के सरैया में मायके में रह रही फरीदा की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को पति समेत सास-ससुर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ थाना के सोनपुर पिछौरा निवासी शहाबुद्दीन से हुई थी। शादी के बाद से पति समेत ससुर रमजान और सास तैयबून निशा बाइक और नकद की मांग करने के साथ प्रताड़ित करने लगे। 31 अगस्त, 2022 को तीनों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। कई बार समझौता कराने की कोशिश की गई बावजूद वह नहीं मान रहे हैं। (जासं)

# हत्या के प्रयास का आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर। तिवारीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपित को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित की पहचान क्षेत्र के घासीकटरा निवासी रिंकू उर्फ साकिर के रूप में हुई।

# चादर को फंदा बनाकर किया सुसाइड



**GORAKHPUR (15 March):** शास्त्रीनगर में एक युवक ने चादर को फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया. बताया जा रहा है कि पत्नी से थोड़ी बहस के बाद वह अलग कमरे में सोने चला गया और फिर कुछ देर में ही चादर से फंदा लगा लिया. काफी देर तक जब कमरे में कोई हरकत नहीं हुई तो घरवालों ने खिड़की से देखा. वह पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ था. परिवार के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी.

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहे शोहदे

# ब्लैकमेलर के चंगुल में बेटियां

**i SHOCKING**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 March):** जाने अंजाने में किसी अंजान पर भरोसा करना बेटियों को भारी पड़ रहा है. बेटियों को भरोसे में लेकर शोहदे उनकी पर्सनल फोटो या वीडियो हासिल कर ले रहे है. इसके बाद उसी फोटो, वीडियो से भोली भाली लड़कियों को ब्लैकमेल कर रहे हैं. इधर लगातार आए ऐसे मामले इस बात को पुख्ता करने के लिए काफी हैं.

## पहले ही दिन करें शिकायत

साइबर अपराध थाना के प्रभारी उपेन्द्र सिंह ने बताया कि जब ऐसी कोई घटना लड़कियों के साथ हो, वे तत्काल इसकी शिकायत करें. उन्होंने बताया कि ब्लैकमेलर के जाल में फंसकर अपना सबकुछ गंवाने से अच्छा है कि तत्काल उससे निपटने का रास्ता खोजा जाए. शिकायत होने पर ब्लैकमेलर पर कड़ी कार्रवाई होती है, ताकि भविष्य में वो ऐसा कुछ ना कर पाए.

## एक्सपर्ट की राय को करें फॉलो

- मोबाइल में कोई भी पर्सनल फोटो ना रखें.
- पर्सनल फोटो शेयर ना करें.
- सगे संबंधी को भी पर्सनल फोटो शेयर ना करें.
- किसी से भी वीडियो कॉल पर बात ना करें.
- सोशल मीडिया पर लॉक लगाएं.
- सोशल मीडिया पर एनिमिटेड फोटो लगाएं.



शिकायत पर पकड़े जा रहे आरोपित.

## मुझसे बात करो, वरना वायरल कर दूंगा वीडियो

रामगढ़ताल की युवती राजघाट एरिया की दुकान पर काम करती है. 11 मार्च की रात 8 बजे वो दुकान से घर आने के लिए निकली. तभी काम्प्लेक्स में काम करने वाले अनस ने युवती को रोक लिया. अनस ने युवती से कहा कि मैंने तुम्हारा अश्लील वीडियो बनाया है. मैं जैसा करता हूं वो करती जाओ वरना वीडियो वायरल कर दूंगा. युवती की शिकायत पर राजघाट थाने के पुलिस ने कम्प्लेन दर्ज कर सोमवार को आरोपी युवक को अरेस्ट कर लिया.

## शादी के लिए कर रहा ब्लैकमेल

गोरखनाथ एरिया में रहकर पढ़ाई करने वाली छात्रा पर शोहदा शादी का प्रेशर बना रहा था. छात्रा के ना कहने पर उसने छात्रा के अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिय. मंगलवार को छात्रा ने पिता के साथ गोरखनाथ थाने में कंप्लेन दर्ज कराई. छात्रा ने बताया कि पिता की पोस्टिंग बिहार में थी. तब बगल में रहने वाले युवक से उसकी जान पहचान हो गई. इसके बाद वो गोरखपुर चली आई. युवक अब लगातार छात्रा को धर्म बदलकर शादी करने का प्रेशर बना रहा है.

## छात्रा का वायरल किया वीडियो

गीडा इलाके में बिहार जिले की छात्रा अपने परिवार के साथ रहती है. वो बीए की छात्रा है. उसकी रिश्तेदारी की बंगलुरू में रहने वाली एक युवती उसका अश्लील फोटो फेसबुक पर वायरल कर बदनाम कर रही है. छात्रा ने युवती के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में सोमवार को शिकायत की है.

## अश्लील वीडियो से सातवीं की छात्रा से ब्लैकमेलिंग

राजघाट थाने में 12 फरवरी को हैरान कर देने वाला मामला सामने आया. यहां पर एक युवक सातवी की छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर उसकी मां को ही ब्लैकमेल करने लगा. युवक ने छात्रा की मां के इंस्टाग्राम पर बेटी का अश्लील वीडियो भेजकर अपनी बात मनवाने का प्रेशर बना रहा था. छात्रा की मां ने जब मना कर दिया तो युवक ने वीडियो वायरल कर दिया.



**"कोई ब्लैकमेल कर रहा है तो उसकी शिकायत तत्काल करनी चाहिए. जितना अधिक एवीडेंस हो उसे एकत्रित कर लें. यूआरएल भी रख लें. इससे आरोपी को पकड़ने में आसानी होती है.**

**उपेन्द्र कुमार सिंह,**
एक्सपर्ट, साइबर अपराध थाना

**GORAKHPUR CALLING!**

अगर आपके साथ ऐसी कोई घटना हुई हो या आसपास इस तरह के मामले हों और पुलिस अधिकारी मनमानी कर रहे हों तो हमें बताएं.

**हमें व्हाट्सएप करें**
**9424322370**

# 12 लोगों का तीसरा शस्त्र लाइसेंस होगा खारिज

**GORAKHPUR (15 March):** जिन लोगों के पास तीन शस्त्र लाइसेंस हैं, अब उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है. शस्त्र विभाग ने जिन 20 लोगों को नोटिस भेजा था. उनमें से 12 शस्त्र लाइसेंधारियों के लाइसेंस खारिज करने के लिए डीएम के पास फाइल भेज दी गई है. डीएम द्वारा खारिज किए जाने के बाद उन्हें तीसरे लाइसेंस समाप्त हो जाएंगे. वहीं बुधवार को 20 और लोगों की सूची तैयार की गई है. जो तीन शस्त्र लाइसेंस अपने पास रखे हुए हैं. 31 मार्च तक इन सभी के शस्त्र लाइसेंस रद्द किए जाने की कवायद शुरू कर दी जाएगी. शासन के आदेश हैं कि जिन लाइसेंसधारियों के पास तीन शस्त्र हैं, उन्हें तीनों में एक लाइसेंस जमा करने के लिए अप्लीकेशन देना है. अगर वह अप्लीकेशन नहीं देते हैं और प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद भी लाइसेंस सरेंडर नहीं करते हैं तो फिर प्रशासन तीसरे शस्त्र लाइसेंस का कैंसिलेशन कर सकेगा. ऐसे में प्रशासन ने फिर से 20 शस्त्र लाइसेंसधारियों के लाइसेंस को जब्तकर कार्वाई का मन बना लिया है.

# हड़ताल से बिलिंग व्यवस्था ठप, कंज्यूमर हुए परेशान

अनिश्चितकालीन हड़ताल में कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार



मुख्य कार्यालय में प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 March):** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में बुधवार को अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार जारी रहा. एकजुट बिजली कर्मियों ने चीफ इंजीनियर ऑफिस पर प्रदर्शन कर प्रबंधन के विरोध में नारेबाजी की. सुबह दस बजे से ही ग्रामीण व शहरी खंड के अभियंता मुख्य कार्यालय स्थित धरना स्थल पर मौजूद रहे. उधर बिलिंग व्यवस्था ठप रहने से कंज्यूमर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा.

## सिर्फ स्टाफ पर कार्रवाई

विरोध सभा में ऊर्जा प्रबंधन की हठधर्मिता पर सवाल उठाते हुए कर्मचारी नेता शिवम चौधरी ने कहा कि ऊर्जा प्रबंधन शासन की मंशा के विपरीत कर्मचारी संगठनों के न्यायोचित मांगों का समाधान न करके कुंठित मानसिकता अपनाते हुए सिर्फ दंडात्मक कार्रवाई कर रही है. विरोध तभी तक सफल है जबतक सब एक हैं. बिखरे तो आंदोलन को तोड़ दिया जाएगा.

## 72 घंटे की हड़ताल तय

कर्मचारी नेता ऐश्वर्य सिंह ने कहा कि जब तक उच्च प्रबंधन द्वारा संघर्ष समिति से वार्ता कर 15 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं ले लिया जाता तब तक समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार जारी रहेगा. गुरुवार से 72 घंटे का हड़ताल पहले से ही तय है. हमारी प्राथमिकता है कि अपनी बात प्रबंधन तक पहुंचाई जा सके. इस दौरान अमित यादव, विजय सिंह, सोमदत्त शर्मा, प्रमोद यादव, अखिलेश गुप्ता, बृजेश त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, गाजी खान, विनोद चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे.

## कोई भी काम नहीं हुआ

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आहवान पर बिजली निगम के सभी अभियंता हड़ताल पर रहे. कर्मचारियों का कार्यबहिष्कार नहीं था, लेकिन अभियंता की आईडी से ही बिजली बिल संबंधित सभी काम होते हैं. ऐसे में सभी कर्मचारियों ने भी कार्य बहिष्कार में अपरोक्ष रूप से हिस्सा ले लिया. बुधवार को बिजली बिल संबंधी कोई भी काम नहीं हो सका. पादरी बाजार के संतोष अपने बिजली संबंधी परेशानी को दूर करवाने मोहद्दीपुर खंड प्रथम कार्यालय आए थे. कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार बताकर बाद में आने की सलाह दी. ऐसे ही, राप्तीनगर, बक्शीपुर और टाउनहाल में भी बिजली बिल संबंधी सभी काम ठप रहे. समस्याएं लेकर विभिन्न दफ्तरों पर पहुंचे सैकड़ों कंज्यूमर्स को निराश होकर वापस लौटना पड़ा.

## आज से कर्मचारियों की 72 घंटे की हड़ताल

गुरुवार रात 10 बजे से संपूर्ण कार्यबहिष्कार के निर्णय से निपटने के लिए प्रबंधन ने पहले से ही तैयारी कर रखी है. रिटायर्ड देवेंद्र सिंह को अस्थाई सीई के पद पर नवीन तैनाती दी गई है. हड़ताल के दौरान देवेंद्र सिंह जोन के मुख्य अभियंता होंगे. चेयरमैन के निर्देश के अनुसार, 72 घंटे के लिए तैनात किए मुख्य अभियंता के लिए वाहन और अन्य सुविधाओं का इंतजाम करना प्रबंधन का जिम्मा होगा.

# रसमलाई में मिला था एक्सेस सोडा, इसलिए हुई फूड प्वाइजनिंग

## नमूने की जांच में मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाई गई रसमलाई

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (15 March): पिपराइच में पांच मार्च की रात हुई फूड प्वाइजनिंग की घटना मिलावटी रसमलाई खाने के कारण हुई है. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जांच के लिए भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट आ गई है. रसमलाई में एक्सेस मीठा सोडा मिलाया गया था. यह मिठाई स्वास्थ के लिए हानिकारक पाई गई है. इस मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा दर्ज करने, जुर्माना लगाने एवं सजा का प्रविधान है. मिठाई कुशीनगर से लाई गई थी, इसलिए वहीं का खाद्य सुरक्षा विभाग कार्रवाई करेगा. इस मामले को कुशीनगर हस्तांतरित किया जा रहा है.

### 100 लोग हुए थे बीमार

पिपराइच के एक मैरेज हाल में पांच मार्च को शादी थी. मिठाई एवं खाना खाने से वहां करीब 100 लोग बीमार हो गए थे. उन्हें उल्टी, दस्त होने लगा था. आनन-फानन सभी को अस्पताल भिजवाया गया. देर रात पहुंची खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने वहां से रसमलाई, गुलाब जामुन, मछली, चिकन करी, पानी बताशा के लिए रखा छोला व उसके पानी का नमूना लिया था. जल्दी जांच के लिए इन नमूनों को अगले ही दिन बीआरडी मेडिकल कालेज स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया था. आमतौर पर गोरखपुर का नमूना झांसी



भेजा जाता है. खाद्य सुरक्षा विभाग को जांच रिपोर्ट बुधवार को मिली.

### 3 तरह की होती है जांच रिपोर्ट

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट तीन तरह की होती है. अधोमानक, मिथ्याछाप के मामलों में एडीएम सिटी कोर्ट में मुकदमा दर्ज होता है. इसमें केवल जुर्माने का प्रविधान है, जबकि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नमूनों के मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा दर्ज होता है. इसमें जुर्माना के साथ ही सजा का भी प्रविधान है.

**" पांच मार्च को पिपराइच के मैरेज हाल में फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आ गई है. रसमलाई में मीठा सोडा अत्यधिक मात्रा में पाया गया है. इसी के कारण लोगों की तबीयत खराब हुई थी. मिठाई कुशीनगर ने लाई गई थी इसलिए मामला वहीं हस्तांतरित कर दिया जाएगा.**

**विनीत सिंह,**
न्याय निर्णायक अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं एडीएम सिटी

# उरुवा कस्बे में दो क्लीनिक सील, एक को दिया नोटिस

- स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने संचालित किया संयुक्त अभियान
- मेडिकल स्टोर के साथ अस्थाई अस्पताल भी चलता मिला

उरुवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। कस्बे में संचालित हो रहे अवैध अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की नजरें टेढ़ी हो गई हैं। बुधवार को सीएमओ के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. जेपी तिवारी व थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील निषाद की संयुक्त टीम ने जांच कर कार्रवाई की। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो क्लिनिक को सील कर दिया। एक को कड़ी चेतावनी दी गई।

बुधवार की देर शाम संयुक्त टीम गोला रोड पर ब्रह्मानंद यादव की क्लिनिक पर पहुंचे तो शटर बंद मिला। इस पर उसे सील कर दिया गया। इसके बाद टीम पास के चांदसी मेडिकल हॉल पर पहुंची। वहां मौजूद डॉ. सीबी विश्वास कोई कागजात नही दिखा पाए। उसे भी सील कर दिया गया। टीम फिर उरुवा कस्बे में धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स पर पहुंची। यहां मेडिकल स्टोर्स के अलावा अस्थाई अस्पताल मिला। इसमें चार बेड लगे हुए थे।

वहां पर मौजूद डॉक्टर को बेड हटाने तथा अन्य कागजात दिखाने के लिए कहा गया। साथ ही मरीज न भर्ती करने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर एसएसआई कवींद्र नाथ सिंह, साहबलाल, दीपक कुमार, अजय कुमार, अवधेश कुमार, शिवधनी कुमार मौजूद रहे।

# जांच में मिलावटी मिली रसमलाई

- नमूने की जांच में रसमलाई में मिला अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा
- इस मामले में है जुर्माना, एफआइआर व सजा का प्रविधान
- कुशीनगर से आई थी मिठाई, वहीं हस्तांतरित किया जाएगा मामला

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पिपराइच में पांच मार्च की रात हुई फूड प्वाइजनिंग की घटना मिलावटी रसमलाई खाने के कारण हुई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से जांच के लिए भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट आ गई है। रसमलाई में अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा की मिलावट पाई गई है। यह मिठाई मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाई गई है। इस मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा दर्ज करने, जुर्माना लगाने एवं सजा का प्रविधान है। मिठाई कुशीनगर से लाई गई थी, इसलिए वहीं का खाद्य सुरक्षा विभाग कार्रवाई करेगा। इस मामले को कुशीनगर हस्तांतरित किया जा रहा है।

पिपराइच के एक मैरेज हाल में पांच मार्च को शादी थी। मिठाई एवं खाना खाने से वहां करीब 100 लोग बीमार हो गए थे। उन्हें उल्टी, दस्त होने लगा था। आनन-फानन सभी को अस्पताल भिजवाया गया। देर रात पहुंची खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने वहां से रसमलाई, गुलाब जामुन, मछली, चिकन करी, पानी बताशा के लिए रखा छोला व उसके पानी का नमूना लिया था। जल्दी जांच के लिए इन नमूनों को अगले ही दिन बीआरडी मेडिकल कालेज स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया था। आमतौर पर गोरखपुर का नमूना झांसी भेजा जाता है। खाद्य सुरक्षा विभाग को जांच रिपोर्ट बुधवार को मिली।

### तीन तरह की होती है जांच रिपोर्ट

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट तीन तरह की होती है। अधोमानक, मिथ्याछाप के मामलों मे एडीएम सिटी कोर्ट में मुकदमा दर्ज होता है। इसमें केवल जुर्माने का प्रविधान है, जबकि मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नमूनों के मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा दर्ज होता है। इसमें जुर्माना के साथ ही सजा का भी प्रविधान है।

> पांच मार्च को पिपराइच के मैरेज हाल में फूड प्वाइजनिंग की घटना के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट आ गई है। रसमलाई में मीठा सोडा अत्यधिक मात्रा में पाया गया है। इसी के कारण लोगों की तबीयत खराब हुई थी। मिठाई कुशीनगर ने लाई गई थी इसलिए मामला वहीं हस्तांतरित कर दिया जाएगा।
>
> **विनीत सिंह**, न्याय निर्णायक अधिकारी खाद्य सुरक्षा विभाग एवं एडीएम सिटी

**यह और अन्य खबरे देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों हड़पे, केस

**पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** शाहपुर इलाके के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स में एक जालसाज ने ऑफिस खोलकर लगभग ढाई सौ लोगों को विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपए हड़पकर फरार हो गया। सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत के बाद बुधवार की शाम शाहपुर पुलिस ने उड़ीसा प्रांत निवासी आर.रोबाना के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

देवरिया के ग्राम बरईपुर निवासी संजय कुमार यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दरबार में शिकायत किया कि शाहपुर के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स मे विदेश भेजने के लिए इम्पेरियल ट्रेवल्स गाइड के नाम से ऑफिस खुला था। एक परिचित के बताने पर ऑफिस पहुंचे तो जालसाज ने 55 हजार रुपए व पासपोर्ट अपने पास जमा करा लिया और कहा कि जल्द आपको विदेश भेज दिया जाएगा। दो महीना बीतने के बाद पीड़ित ने शनिवार को फोन लगाया तो स्विच ऑफ बता रहा था।

इसके बाद सोमवार को ऑफिस पहुंचे तो ताला बंद था। पता करने पर लोगों ने बताया कि लगभग ढाई सौ लोगों से विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया है। इसके बाद पीड़ित ने सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत किया। शिकायत का संज्ञान लेते हुए बुधवार को शाहपुर पुलिस ने आरोपी जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# बीआरडी में सिपाही ने खून देकर बचाई बच्चे की जान

**इनसे सीखें**

- मासूम के रिश्तेदार अस्पताल से भाग गए
- ब्लड न मिलने पर लाचार पिता रोने लगा

मेडिकल कॉलेज, हिन्दुस्तान संवाद। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में खाकी वर्दीधारी मरीजों की सुरक्षा के साथ खून देकर भी जान बचा रहे हैं। ताजा मामला बुधवार का है। जनरल सर्जरी विभाग में भर्ती मासूम को ऑपरेशन के लिए खून की दरकार थी। मासूम के रिश्तेदार खून देने के नाम पर अस्पताल से भाग गए। ऐसे में पुलिसकर्मी ने खून देकर मासूम की जान बचा ली।

भटनी देवरिया के रहने वाले अजीत शर्मा का आठ वर्षीय पुत्र राजवीर घायल हालत में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। उसे गम्भीर चोट लगी हुई है।

रिश्तेदार को बीआरडी बुलाया। बताया जाता है कि रिश्तेदार खून देने की बात सुनकर अस्पताल से चंपत हो गया। रिश्तेदार के भागने के बाद लाचार पिता मेडिकल कालेज के ट्रामा सेन्टर के ओटी के पास रोने लगे।

पिता को रोते देखकर आसपास के मरीज के परिजन जुट गये। इसी दौरान बीआरडी मेडिकल कालेज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही प्रदीप कुमार भी पहुंचे। सिपाही प्रदीप कुमार फौरन

# रसमलाई में ज्यादा मीठे सोडे से हुई थी फूड प्वायजनिंग

## रिपोर्ट

**गोरखपुर, वसं।** पिपराइच में बीती पांच मार्च को एक शादी समारोह में 50 से अधिक लोगों के बीमार होने के मामले में खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच रिपोर्ट बुधवार को सार्वजनिक की गई। रिपोर्ट के अनुसार लोगों ने समारोह में जो रसमलाई खाई थी उसमें मीठे सोडे का अत्यधिक प्रयोग किया गया था, जो लोगों की तबीयत खराब होने का कारण बना।

विभाग के अनुसार, मिठाई कुशीनगर से लाई गई थी इसलिए वहीं का विभाग कार्रवाई करेगा। मामले को कुशीनगर स्थानांतरित किया जा रहा है। मालूम हो कि पांच मार्च की रात शादी समारोह में अचानक 50 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए बीआरडी भेजे थे, जिसकी रिपोर्ट बुधवार को सामने आई।

> पिपराइच के मैरेज हाल से लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट में पता चला है कि रसमलाई में मीठे सोडे का प्रयोग अत्यधिक मात्रा में किया गया था। इसी से लोग बीमार हुए।
>
> **विनीत सिंह,** एडीएम सिटी

संबंधित खबर P04

# मारपीट मामले में तीन पर मुकदमा दर्ज

**पादरी बाजार :** शाहपुर के रामजानकी नगर में गाना बजाने के विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित आदित्य सिंह ने बुधवार को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को घर पर गाना बज रहा था। चाचा राजनीष सिंह, चाची अनामिका सिंह ने मुनमुन उर्फ अर्जुन यादव के साथ घर में घुसकर मारा-पीटा और घर में तोड़फोड़ भी की। इसमें मां घायल हो गई और वह अस्पताल में भर्ती हैं। (जासं)

# दो क्लीनिक सील, एक के संचालक को दी चेतावनी

**जागरण संवाददाता, उरुवा बाजार :** स्वास्थ्य विभाग ने उरुवा में बुधवार को दो अपंजीकृत क्लीनिकों को सील कर दिया। एक का पंजीकरण समाप्त हो गया था, उसके संचालक को चेतावनी दी गई है कि शीघ्र नवीनीकरण कराकर कागजात प्रस्तुत करें।

गोला रोड पर अपंजीकृत केबी मेमोरियल हास्पिटल में पिछले 18 फरवरी को प्रसूता की मौत होने के बाद विभाग अभियान चलाकर अपंजीकृत अस्पतालों व क्लीनिकों को सील कर रहा है। अभी तक पांच अस्पताल व क्लीनिक सील किए जा चुके हैं। इसी क्रम में सीएमओ डा.आशुतोष कुमार दूबे के निर्देश पर प्रभारी चिकित्साधिकारी उरुवा डा.जेपी तिवारी ने पुलिस बल के साथ तीन क्लीनिकों की जांच की। टीम सबसे पहले गोला रोड पर चांदसी मेडिकल हाल पहुंची। संचालक पंजीकरण के कागजात नहीं दिखा पाया। पता चला कि वहां बवासीर का आपरेशन भी किया जाता है। उसे सील करने के बाद टीम ब्रह्मानंद यादव के क्लीनिक पर पहुंची, वह भी अपंजीकृत मिला। उसे भी सील कर दिया गया। पुराने शिवमंदिर गली में संचालित धन्वंतरि हास्पिटल को पंजीकरण का नवीनीकरण कराकर तीन दिन के अंदर कागजात प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। डा.जेपी तिवारी ने बताया कि सीएमओ के निर्देश पर क्लीनिक सील किए गए हैं। संतोषजनक कागज नहीं प्रस्तुत करने पर मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

## कार्रवाई



उरुवा में चांदसी मेडिकल हाल सील करती टीम ● जागरण

- **अब तक सील किए जा चुके पांच अस्पताल व क्लीनिक**
- **आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर दर्ज होगा मुकदमा**

# स्कूटी रखने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

**जासं, गोरखपुर :** जटेपुर चौकी पुलिस ने बुधवार को शास्त्री चौराहे से एक युवक को हिरासत में लिया। आरोप है कि उसने एक युवती की स्कूटी रख ली है। मांगने पर वह वापस नहीं कर रहा है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। चौकी प्रभारी धीरेंद्र राय ने बताया कि युवक पर शांतिभंग में कार्रवाई की गई है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि युवती की स्कूटी उसने किसी के पास तीन हजार रुपये में रख दी है। इसे वापस कराया जाएगा।

# देवर और ननद समेत चार पर मारपीट का केस दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरीचौरा क्षेत्र के इब्राहिमपुर फुलवरिया गांव की महिला ने देवर और ननद समेत चार लोगों पर मारपीट और जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इब्राहिमपुर फुलवरिया निवासी ममता पत्नी विनोद गुप्ता ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पति के बाहर रहने पर देवर प्रमोद गुप्ता, ननद गीता व सरिता पति के साथ मारते-पीटते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध मारपीट, बलवा समेत अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# 1.160 किग्रा गांजा के साथ तस्कर को दबोचा

गोरखपुर : चिलुआताल पुलिस ने बुधवार को झुंगिया बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से 1.160 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पुलिस उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय ने बताया कि आरोपित की पहचान गुलरिहा क्षेत्र के परसिया निवासी खदेरू बेलदार के रूप में हुई। (जासं)

# दो वाहन व एक नंबर प्लेट, पुलिस मानती ठीक

**1 केस** तिवारीपुर के रमदतपुर में कृष्ण पाल यादव के पास एक बुलेट है, उनके बुलेट के नंबर पर जनवरी, 2022 में जौनपुर में चालान कट गया। मोबाइल फोन पर मैसेज आने के बाद जब उन्होंने जांच कराई तो फुटेज में आया कि जौनपुर में उनकी नंबर प्लेट लगा दूसरी गाड़ी दौड़ रही है।

**2 केस** जून, 2021 में भटहट के राजपुर निवासी शंभू सिंह की कार यूपी 53 एक्स 8487 बनने के लिए एक सप्ताह से गैराज में खड़ी थी। इसी दौरान सीट बेल्ट नहीं लगाने पर चालान कट गया। जांच में पता चला कि बौलेनो कार में उनका नंबर लगा था। चालक सीट बेल्ट नहीं लगाए हुए था।

जितेन्द्र पाण्डेय • गोरखपुर

ऑनलाइन चालान शुरू होने के बाद से शरारतीतत्व चालान से बचने के लिए दूसरे की गाड़ी का नंबर लगाकर चल रहे हैं। चालान की नोटिस पहुंचने पर वाहन मालिक सकते में आ जा रहे हैं और प्रार्थनापत्र लेकर पुलिस के कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं। यातायात पुलिस चालान रद कर कोरम पूरा कर रही है। इस तरह के एक दो नहीं, आधा दर्जन से अधिक मामले अब तक सामने आ चुके हैं।

पुराना गोरखनाथ के रवि सिंह के पास यूपी 53 डीसी 0791 नंबर की बाइक है। 11 मार्च को उनके मोबाइल फोन पर बाइक का एक हजार रुपये के चालान का मैसेज पहुंचा। वह यातायात कार्यालय पहुंचे। पता चला कि नंबर तो उनके बाइक का ही है, लेकिन फोटो में दूसरे की बुलेट थी। इसका नंबर भी उनके बाइक का ही नंबर था। यातायात पुलिस ने रवि से एक शिकायती प्रार्थनापत्र लिखवाया और चालान रद करने का आश्वासन देते हुए घर भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक यातायात डा. एमपी सिंह ने बताया कि दूसरे की गाड़ी का नंबर प्लेट लगाना अपराध है। कार्रवाई की जाती है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

**घटना हुई तो कौन होगा जिम्मेदार:** रवि का कहना है कि उनके बाइक का नंबर लगाकर फर्जी तरीके से बुलेट सवार चल रहा है। अगर चालान कटने का मैसेज नहीं आता तो जानकारी भी नहीं होती। ऐसे में बुलेट सवार कोई घटना कर फरार हो जाए, तो आरोपित कौन होगा। रवि ने कहा कि बुलेट चला रहे युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

- **चालान का मैसेज आने पर सामने आ रहे फर्जीवाड़ा के मामले**
- **चालान रद कर कोरम पूरा कर रही पुलिस, कार्रवाई पर सवाल**

## शहर में बनाई जा रही हैं अवैध नंबर प्लेट

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की सुविधा होने के बाद लोगों ने यह सोचा था कि अब फर्जीवाड़ा समाप्त हो जाएगा, लेकिन जालसाजों ने इसमें भी सेंधमारी की है। बताया जा रहा है कि बक्शीपुर और विजय चौराहे की तरफ अवैध रूप से नंबर प्लेट तैयार की जा रही हैं, जो दिखने में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की तरह ही लग रही हैं, लेकिन स्कैन करने पर फर्जीवाड़ा सामने आ रहा है।

## दूसरे वाहन की नंबर प्लेट लगा कर रहे थे लूट

बीते माह खोराबार पुलिस ने तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया था। ये दूसरे वाहनों का नंबर प्लेट लगाकर लूट करते थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों के बाइक नंबर की जांच की। मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो पता चला कि फुटेज में दिखने वाले आरोपित वो नहीं हैं। वहीं, वाहन मालिकों ने भी बताया कि वह घटनास्थल की तरफ गए ही नहीं। बाद में लुटेरों ने पूछताछ में बताया कि वह फर्जी तरीके से नंबर प्लेट लगाकर लूट करते थे।

दूसरी गाड़ी का नंबर लगाकर चलने वालों पर मुकदमा दर्ज किया जाता है। ऐसे मामलों में तत्काल शिकायत करनी चाहिए, जिससे कि किसी अपराध में गाड़ी नंबर का प्रयोग नहीं हो सके। इस तरह की शिकायतों की जांच कराकर आरोपितों पर कार्रवाई कराई जाएगी।

**डा. गौरव ग्रोवर**, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



# सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता और डिप्टी कलेक्टरों की तैनाती

## बिजलीकर्मियों के कार्य बहिष्कार से नहीं जमा हुए बिल, आज रात 10 बजे शुरू होगी 72 घंटे की हड़ताल

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** बिजली निगम के अभियंताओं और कर्मचारियों का कार्य बहिष्कार बुधवार सुबह 10 बजे से शुरू हो गया। उन्होंने कार्यालय में हाजिरी लगाई और मोहद्दीपुर में मुख्य अभियंता के कार्यालय के बाहर पहुंचकर धरना दिया। गुरुवार रात 10 बजे से बिजलीकर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल शुरू होगी। इस बीच प्रबंधन ने दबाव बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्त मुख्य अभियंताओं को जोन का नोडल अधिकारी बना दिया है। एसडीओ की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टरों व नायब तहसीलदारों को दी गई है। गोरखपुर जोन की जिम्मेदारी यहीं से दो साल पहले सेवानिवृत्त हुए देवेंद्र सिंह को दी गई है। पारेषण की जिम्मेदारी सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पीएन उपाध्याय को दी गई है। प्रबंधन ने उपकेंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था करने के साथ ही संविदाकर्मियों की सहायता से बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में धरना दे रहे अभियंताओं व कर्मचारियों ने प्रबंधन पर समझौता न मानने का आरोप लगाया। समिति के संयोजक ऐश्वर्य सिंह ने कहा कि प्रबंधन को 15 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। इस दौरान नवनीत प्रजापति, अतुल रघुवंशी, वीके चौधरी, श्याम सिंह, एनके सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सीबी चौरसिया, संदीप गुप्ता, रामजनक सिंह, हेमंत उपाध्याय, आरके त्रिवेदी, अखिलेश गुप्ता, भानु प्रताप सिंह, आशीष गुप्ता, गाजी खान, सौरभ श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार, प्रभुनाथ प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### डिप्टी कलेक्टर व नायब तहसीलदार की तैनाती

गुरुवार से शुरू हो रहे हड़ताल के दौरान बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए महानगर के 10 उपखंडों से जुड़े 26 उपकेंद्रों की जिम्मेदारी छह डिप्टी कलेक्टरों और एक नायब तहसीलदार को सौंपी गई है। रुस्तमपुर, रानीबाग, टाउनहाल उपकेंद्र की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर प्रशांत वर्मा, तारामंडल, लोहिया एन्क्लेव, सर्किट हाउस, यूनिवर्सिटी, धर्मशाला की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर कुंवर सचिन सिंह, नार्मल, लालडिग्गी, बक्शीपुर न्यू, बक्शीपुर ओल्ड की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर अनुपम मिश्र, सूरजकुंड, तिवारीपुर, दुर्गाबाड़ी की जिम्मेदारी नायब तहसीलदार विकास कुमार, इंडस्ट्रियल, राजेंद्र नगर, विकास नगर की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर विनय पांडेय, मोहद्दीपुर, खोराबार, सहारा एस्टेट की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर प्रदीप सिंह और मेडिकल कालेज, राप्तीनगर ओल्ड, राप्तीनगर न्यु, मानबेला व शाहपुर की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर राजू कुमार को दी गई है।

### बिजलीकर्मियों पर बढ़ा दबाव

**बिना बिल जमा किए वापस गए उपभोक्ता:** बिजली कर्मियों के कार्य बहिष्कार में लिपिक संवर्ग नहीं शामिल है, इसके बाद भी ज्यादातर बिल काउंटर पर रुपये नहीं जमा हुए। उपभोक्ता पहुंचे तो उन्हें वापस जाना पड़ा। अधीक्षण अभियंता शहर यूसी वर्मा ने कहा कि बिल काउंटर खोलने के निर्देश थे। प्राविधिक कर्मचारी संघ के सदस्य कार्य बहिष्कार में शामिल हैं, लेकिन लिपिक संवर्ग काम कर रहा है। बिल क्यों नहीं जमा हुए, इसके बारे में जानकारी ली जाएगी।

**लोक निर्माण विभाग के अफसरों को भी जिम्मेदारी:** बिजली निगम की कार्यशाला और भंडार की व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता मनोज पांडेय व मनोज कुमार गुप्ता को दी गई है। ट्रांसफार्मर जलने या खराब होने की स्थिति में इसे तत्काल बदलवाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां जानकार संविदाकर्मियों की तैनाती की गई है। सामान की उपलब्धता की जिम्मेदारी फर्म बेसिल को दी गई है।

### हाईटेंशन लाइन की गड़बड़ी दूर कराएंगे अधीक्षण अभियंता

मुख्य अभियंता आशु कालिया ने हड़ताल के मद्देनजर हाईटेंशन लाइन में आने वाली गड़बड़ी को दूर कराने की जिम्मेदारी विद्युत कार्य मंडल के अधीक्षण अभियंता कमलेश चंद्र आजाद को सौंपी है। साथ ही सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए नोडल अधिकारी बनाया है। मुख्य अभियंता के कार्यालय में अधीक्षण अभियंता को रोजाना उपस्थिति भी दर्ज करानी होगी जिन सेवानिवृत्त मुख्य अभियंताओं को नोडल अधिकारी बनाया गया है उनके रहने और वाहन की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए हैं।

### आज पांच घंटे बंद रहेंगे दो उपकेंद्र

जासं, गोरखपुर : सुधार कार्यों के लिए सूरजकुंड और दुर्गाबाड़ी उपकेंद्र गुरुवार को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेंगे। यह जानकारी विद्युत माध्यमिक कार्यखंड के एसडीओ विपिन सिंह ने दी।

# आपदा प्रबंधन में सहयोग करेगा यूनिसेफ

## दो दिवसीय दौरे पर आई यूनिसेफ की टीम ने डीएम एवं नगर आयुक्त से की मुलाकात






बैठक में राजेश कुमार सिंह एडीएम एफआर, यूनिसेफ भारत इकाई के आपदा प्रबंधन चीफ टाम वाइट, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के चीफ जकारी एडम व डा. उर्वसी चंद्रा एवं अन्य ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिले में आपदा प्रबंधन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी लेने गोरखपुर पहुंची यूनिसेफ की टीम ने बुधवार को नगर निगम में स्थापित इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आइटीएमएस) का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश एवं नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल से मुलाकात की। टीम ने गोरखपुर में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन को लेकर यूनिसेफ की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा।

यूनिसेफ की टीम आइटीएमएस के नियंत्रण कक्ष में पहुंची। उन्हें बताया गया कि किसी भी आपदा काल के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ग्रीन कारीडोर उपलब्ध कराया जाता है, जिससे आपदा प्रभावित स्थल पर राहत एवं बचाव कार्य आसानी से पहुंच सके। टीम ने नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली को समझा। यहां से लू से बचाव का संदेश प्रसारित किया गया। नगर आयुक्त से मिलकर यूनिसेफ के आपदा प्रबंधन के भारत प्रमुख टाम वाइट एवं उत्तर प्रदेश प्रमुख जकारी एडम ने सफाई को लेकर किए जा रहे कार्यों में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने टीम से आपदा प्रबंधन को लेकर सुझाव मांगे। इसपर टीम की ओर से बताया गया कि गर्मी आ रही है। अब लू से बचाव के लिए प्रयास करने होंगे। सर्पदंश से निपटने के लिए भी प्रभावी उपाय होने चाहिए और इससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी करना होगा।

**सक्रिय युवाओं को दी प्रोत्साहन धनराशि:** संवाद के दौरान युवाओं के कार्य से प्रभावित होकर यूनिसेफ की टीम ने सक्रिय युवाओं को प्रशंसा पत्र सहित एक-एक हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि भी प्रदान की। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व प्रभारी आपदा राजेश कुमार सिंह ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार जताया। इस दौरान जिला आपदा विशेषज्ञ गौतम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### एनेक्सी भवन में आपदा प्रबंधन के छात्रों के साथ बैठक कर किए जा रहे प्रयासों की ली जानकारी

### युवाओं ने जताई व्यापक स्तर पर कार्य की इच्छा

नगर आयुक्त से मिलने के बाद यूनिसेफ की टीम एनेक्सी भवन सभागार पहुंची। वहां गोरखपुर विश्वविद्यालय के आपदा प्रबंधन के छात्रों, आपदा मित्रों एवं आपदा सखियों के साथ संवाद किया। छात्रों की ओर से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में उन्होंने जानकारी ली। छात्रों ने बताया कि वे इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं। उन्हें इसके लिए अवसर उपलब्ध कराया जाए। यूनिसेफ की टीम ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एनडीआरएफ को प्रशिक्षण आयोजित करने एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यक्रम बनाने का सुझाव दिया। यूनिसेफ की टीम ने कहा कि इस कार्य में उनकी ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। छात्रों की ओर से किए जा रहे प्रयासों को भी उन्होंने सराहा। टीम ने आपदा प्रबंधन में सहयोग करने वाले विभागों के कार्यालय अध्यक्षों के साथ बैठक की।

# ज्यादा मात्रा में मीठा सोडा मिलाने से जहरीली हो गई थी रसमलाई

## पिपराइच में फूड प्वाइजनिंग का मामला : जांच में मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मिली मिठाई

**गोरखपुर।** पांच मार्च की रात पिपराइच के शादी समारोह में जो रसमलाई लोगों को खाने के लिए दी गई थी, उसमें अधिक मात्रा में मीठा सोडा मिलाया गया था, जिससे वह जहरीली हो गई थी। यही वजह थी कि उसे खाने के बाद 100 से अधिक लोग बीमार हो गए थे। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से भेजे गए नमूनों की जांच रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है।

जिला प्रशासन के मुताबिक नमूनों की जांच में रसमलाई मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाई गई है। उसमें अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा पाया गया है। यही वजह थी कि रसमलाई को खाने से शादी समारोह में आए लोग बीमार हो गए थे। रसमलाई कुशीनगर जिले के प्रतिष्ठान से लाई गई थी, लिहाजा खाद्य सुरक्षा विभाग कुशीनगर के खाद्य विभाग को मामला स्थानांतरित कर रहा है। मामले में कुशीनगर का खाद्य सुरक्षा विभाग सिविल न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराएगा।



### आजीवन कारावास की सजा हो सकती है

खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की तीन तरह से जांच रिपोर्ट बनती है। अधोमानक और मिथ्याछाप के मामलों में एडीएम सिटी के न्यायालय में मुकदमा दर्ज होता है। इसमें केवल जुर्माने का प्रावधान है। मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाए जाने वाले नमूनों के मामलों में सिविल न्यायालय में मुकदमा दर्ज होता है। इसमें जुर्माने के साथ आजीवन कारावास तक की सजा का प्रावधान है।

न्यायालय ऐसे मामलों में जुर्माना या कारावास की सजा सुना सकता है।

**शासन ने मेडिकल कॉलेज में**

"मीठा सोडा यानी बेकिंग सोडा में मौजूद सोडियम हार्ट पर अटैक कर सकता है। इसका ज्यादा इस्तेमाल हार्ट के लिए हानिकारक होता है। बेकिंग सोडा एसिड के साथ मिक्स होता है, जिससे रासायनिक प्रक्रिया होती है। अधिक मात्रा में इस्तेमाल करने से पेट में भयंकर गैस बनती है। बेकिंग सोडा से एलर्जी की भी समस्या होती है। बेकिंग सोडा या सोडियम बाईकार्बोनेट युक्त कोई भी चीज बच्चों को नहीं देनी चाहिए। ज्यादा सेवन से बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। अमूमन गर्मी के मौसम में दूध से बनी मिठाई खराब न हो इसलिए मिलावटखोर उसमें मीठा सोडा मिलाते हैं।

\- **डॉ राजेश कुमार,** फिजिशियन, जिला अस्पताल

"पिपराइच के मैरिज हाल से लिए गए खाद्य नमूनों में रसमलाई का नमूना मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाया गया है। उसमें अत्यधिक मात्रा में मीठा सोडा मिला मिलाया गया था, जिससे लोगों की तबीयत खराब हुई थी। मिठाई कुशीनगर से मंगाई गई थी, लिहाजा आगे की कार्रवाई, वहां का विभाग करेगा। मामला हैंडओवर किया जा रहा है।

\- **विनीत सिंह,** न्याय निर्णायक अधिकारी, खाद्य सुरक्षा विभाग/ एडीएम सिटी

**कराई जांच :** पांच मार्च की देर रात पिपराइच के एक मैरिज हाल में फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया था। इसकी सूचना पाकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रसमलाई, गुलाबजामुन, फिश फ्राई, चिकन करी, गोलगप्पा आदि के नमूने लिए थे। वैसे तो नमूने जांच के लिए झांसी भेजे जाते हैं, लेकिन मामला गंभीर होने की वजह से शासन की अनुमति से इन्हें जांच के लिए मेडिकल कॉलेज की लैब में भेजा गया था। बुधवार को जांच रिपोर्ट खाद्य विभाग को मिल गई है। खाद्य विभाग के मुताबिक जांच में बाकी सामग्री तो ठीक मिली, लेकिन रसमलाई में मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ पाए गए हैं।

# गोला के बगीचे में जनसेवा केंद्र संचालक की लाश मिली

## गोला थाना क्षेत्र के ग्राम मानोकिशनपुर के रहने वाले थे सिद्धार्थ सिंह, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

गोला (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम मानोकिशनपुर के सागीन के बागीचे में बुधवार को गगहा थाना क्षेत्र के रहने वाले जनसेवा केन्द्र व डेयरी संचालक सिद्धार्थ सिंह (44) की लाश मिली। आशंका है कि कीटनाशक पीकर उन्होंने खुदकुशी की है। मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, गगहा थाना क्षेत्र के भलुआन निवासी सिद्धार्थ सिंह भलुआन में किराए के मकान में जनसेवा केन्द्र चलाते हैं।



सिद्धार्थ फाइल फोटो

**मरने से पहले वीडियो कॉल कर परिजनों से की थी बात**

सिद्धार्थ सिंह मरने से पहले वीडियो कॉल कर परिजनों से बातचीत किए थे। ग्रामीणों के मुताबिक, जहर खाने के बाद पत्नी से वीडियो कॉल पर बात कर जहर खाने की बात कही तथा परिवार का खयाल रखने की बात कही। बात करते हुए ही मोबाइल फोन हाथ से छूट गया। ग्रामीणों के अनुसार पहले भी यह आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। इनके उपर डेयरी आदि के नाम पर बैंक का लोन होने की बात सामने आ रही है।

बुधवार को उनको अपने जनसेवा केंद्र व डेयरी को भलुआन में बने अपने निजी मकान में ले जाना था। जिसके लिए उन्होंने अपने मकान में सुबह जाकर साफ-सफाई का कार्य भी किया। साफ-सफाई करने के बाद दोपहर में वह अपने घर नहाने व भोजन करने भी गए थे। तकरीबन चार बजे घर से लौटने के बाद वह दुकान पर न जाकर गोला थाना क्षेत्र के मानोकिशुनपुर स्थित सागीन के बागीचे में उनका शव मिला। बताया जा रहा है कि बगीचे में पंहुच कर कीटनाशक पी लिए था, जिसकी वजह से उनकी जान चली गई। मृतक की एक 12 वर्ष की बेटी तथा एक वर्ष का बेटा है।

# बाइक सवार पोल से टकराए, एक की हालत गंभीर

गोला। क्षेत्र के गोला-कौड़ीराम मार्ग स्थित रामनगर चौराहे पर परसादीपुर उर्फ मिश्रौली के पास बाइक सवार दो किशोर बुधवार को पोल से टकरा गए।

एक की हालत गंभीर बताई जा रही।घायलों की पहचान गांव के पीयूष (17) और युगांक (15) के रूप में हुई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# बिजली कर्मी पर पिस्टल तानने का आरोपी गिरफ्तार

झंगहा। इलाके के बिजली उपकेंद्र के कर्मचारी राजेश भारद्वाज पर पिस्टल तानने के आरोपी को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमहिया गांव निवासी अजय कुमार मिश्रा के रूप में हुई। थाना प्रभारी झंगहा गौरव राय कनौजिया ने बताया कि अजय कुमार मिश्र की तबीयत खराब होने के कारण उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को शाम करीब 7 बजे विद्युत उपकेंद्र अमहिया पर पहुंचकर अजय कुमार मिश्रा ने उपकेंद्र पर ड्यूटी कर रहे एसएसओ इंदिरा नगर न्यू शिवपुरी कॉलोनी निवासी राजेश भारद्वाज के कनपटी पर पिस्टल लगा दिया था।

# विदेश भेजने के नाम पर 250 लोगों से रुपये हड़पे, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**शाहपुर पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की**

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के राधिका कॉम्प्लेक्स में ऑफिस खोलकर 250 लोगों से जालसाजी का मामला सामने आया।

करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए पीड़ितों ने सीएम के जनता दरबार में शिकायत की थी। जिसके बाद पुलिस ने बुधवार को आरोपी और ओडिशा निवासी आर. रोबाना के खिलाफ गबन, जालसाली की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक, जनपद देवरिया के ग्राम बरईपुर निवासी संजय कुमार यादव ने दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि शाहपुर के मेडिकल कॉलेज रोड स्थित राधिका कॉम्प्लेक्स में विदेश भेजने के लिए इम्पेरियल ट्रेवल्स गाइड के नाम से ऑफिस खुला था।

एक परिचित के बताने पर ऑफिस पहुंचे तो जालसाज ने 55 हजार रुपये व पासपोर्ट अपने पास जमा करा लिया। कहा गया कि जल्द आपको विदेश भेज दिया जाएगा। दो महीना बीतने के बाद पीड़ित ने बीते शनिवार को फोन लगाया तो स्विच ऑफ मिला। जिसके बाद सोमवार को ऑफिस पहुंचे तो ताला बंद था।

पता करने पर लोगों ने बताया कि संचालक लगभग ढाई सौ लोगों से विदेश भेजने के नाम पर करोड़ों रुपये लेकर फरार हो गया है। जिसके बाद पीड़ित ने सोमवार को मुख्यमंत्री जनता दर्शन में शिकायत की।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए बुधवार को शाहपुर पुलिस ने आरोपी जालसाज के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# प्रधान पर हमला करने के दो आरोपी गिरफ्तार

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के बनकटी उर्फ इटहिया गांव के प्रधान गुलाब चंद पर हमला करने के दो आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान बनकटी निवासी जगदीश यादव और रमेश यादव के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, बनकटी गांव के प्रधान मंगलवार सुबह गांव में टहलने गए थे। आरोप है कि इस दौरान पुरानी रंजिश में जगदीश यादव, उनके भाई रमेश, राधेश्याम, जगदीश के लड़के धीरज, सूरज, नीरज नितेश आदि ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। मारने-पीटने के साथ ही गले की चेन व सोने की अंगूठी छीन ली थी।

# दिव्यांग पोती से बाबा ने दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गुलरिहा इलाके में बुजुर्ग दादा ने मानसिक रूप से दिव्यांग पोती के साथ दुष्कर्म कर रिश्ते को शर्मसार कर दिया। पीड़िता के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी वृद्ध को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की देर शाम बाहर चर रही बकरी को लेने मां के साथ उसकी 15 साल की बेटी गई थी। वहां पहुंचे 60 साल के दादा ने बहू को घर जाने और पोती से लकड़ी काटने के लिए कुल्हाड़ी लेकर आने को कहा।

आरोप है कि कुल्हाड़ी लेकर आई नाबालिग नातिन को परिषदीय विद्यालय के पास बांसवारी की ओर लेकर गया। जहां पर पोती के साथ दुष्कर्म किया और उसे दस का नोट देकर मां से कुछ भी बताने से मना किया। उसी दौरान एक युवक स्कूल में पानी भरने गया तो उसकी नजर पड़ गई। उसने आकर पीड़िता की मां से घटना के बारे में बताया।

## महिलाओं ने बुजुर्ग को पीटकर पुलिस को सौंपा

बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद आसपास की महिलाएं वहां एकत्र हो गईं और वृद्ध की खूब धुनाई कीं। बुधवार को स्वजनों ने भटहट चौकी में लिखित शिकायती पत्र दिया है। इस संबंध में इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म मामले में केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रधान पर हमला करने के दो आरोपी धराए

गुलरिहा (गोरखपुर)। इलाके के बनकटी उर्फ इटहिया गांव के प्रधान गुलाब चन्द पर हमला करने के दो आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बनकटी निवासी जगदीश यादव और रमेश यादव के रूप में हुई। जानकारी के मुताबिक, बनकटी गांव के प्रधान मंगलवार सुबह गांव में टहलने गए थे। आरोप है कि इस दौरान पुरानी रंजिश में जगदीश यादव, उनके भाई रमेश, राधेश्याम, जगदीश के लड़के धीरज, सूरज, नीरज नितेश आदि ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। मारने-पीटने के साथ ही गले की चेन व सोने की अंगूठी छीन ली थी। हमले में प्रधान का दोनों पैर टूट गए। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। ब्यूरो

## छात्र से कुकर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

पाली। सहजनवां थाना क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में तीसरी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र को बहला कर युवक ने कुकर्म किया। छात्र की हालत बिगड़ते पर आरोपी छोड़कर फरार हो गया। घर पहुंच कर छात्र ने परिजनों से आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। ब्यूरो

## हत्या की कोशिश का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। तिवारीपुर इलाके में ऑटो चालक के सिर पर बोतल से हमला करने के आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी घसीकटरा निवासी रिंकू उर्फ साकिर को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मारपीट, हत्या की कोशिश और धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज किया है। ब्यूरो

## फरार बदमाश पर दस हजार का इनाम

गोरखपुर। चिलुआताल थाने से जालसाजी के मामले में फरार आरोपी कोलिडा, राजस्थान निवासी पवन सिंह पर एसएसपी ने दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का आदेश एसएसपी ने दिया है। ब्यूरो

## दुष्कर्म के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस चस्पा

गोरखपुर। तुर्कमानपुर निवासी और दुष्कर्म आरोपी मिर्जा गुलरेज बेग के घर बुधवार को गोरखनाथ पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया। कोर्ट से अनुमति हासिल कर पहुंची पुलिस ने हाजिर नहीं होने पर संपत्ति कुर्क किए जाने की मुनादी की। ब्यूरो

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

गोरखपुर। खजनी पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान खुटभार निवासी श्यामनरायण के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## दुष्कर्म और गर्भपात कराने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने दुष्कर्म और गर्भपात कराने के आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजघाट के बसंतपुर निवासी अनिल साहनी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## गांजा के साथ एक गिरफ्तार

चिलुआताल। पुलिस ने झुगिया बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान एक अधेड़ को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। फर्टिलाइजर चौकी प्रभारी अभय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान गुलरिहया के परसिया निवासी खदेरु बेलदार के रूप में हुई। आरोपी के पास से 1.60 किग्रा गांजा बरामद किया गया। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# गाना बजाने पर मां-बेटे को पीटा

अमर उजाला ब्यूरो

**शाहपुर इलाके में हुई घटना पुलिस ने दर्ज किया केस**

**पादरी बाजार।** शाहपुर इलाके के रामजानकी नगर में गाना बजाने से मना करने पर मां-बेटे को पीटे जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मनबढ़ों ने घर में रखा सामान भी तोड़ दिया। मंगलवार देर शाम पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

शाहपुर इलाके के रामजानकी नगर निवासी आदित्य ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि सोमवार को वह घर पर गाना बजा रहे थे। इस पर चाचा रजनीश, चाची अनामिका व नौकर मुनमुन यादव के घर में घुस आए और मुझे व मेरी माता को मारने-पीटने के साथ ही घर में रखा समान तोड़ दिया। पिटाई से मां को काफी चोटें आई हैं और वह अस्पताल में भर्ती हैं। आदित्य के अनुसार इसके पहले भी चाचा-चाची मारपीट करते रहते है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

# विवाहिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का केस

पिपराइच। इलाके के माधोपुर निवासी साधना ने पति, सास पर मंगलवार की रात दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया। माधोपुर निवासी अजय सिंह की पुत्री साधना देवी ने तहरीर में लिखा है कि उनकी शादी मऊ के लखनौर निवासी मनमोहन मल्ल से दो साल पहले हुई थी। छह माह बाद पति मनमोहन व सास मुन्नी दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे और मारपीट कर जेवर छीन कर घर से भगा दिया। तबसे वह मायके में ही रह रहीं हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

रा. सहारा 16/03/23

# छेड़छाड़ के मामले में केस

लार (एसएनबी)। गत दिनों एक विद्यालय के पांचवी की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में परिजनों समेत ग्रामीणों के कई घंटे से थाने पर जमे होने के बाद आखिरकार लार पुलिस ने देर शाम पीड़िता उम्र लगभग 12 वर्ष के माता पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। लार पुलिस ने बुधवार को करीब 6 बजे प्रधानाध्यापक अमित कुमार सिंह पुत्र रवीन्द्र कुमार सिंह निवासी बरडीहा दलपत थाना लार जनपद देवरिया के विरुद्ध मु0अ0सं0 56ध्2023 धारा 354, 506 भादवि व 7ध्8 पाक्सो एक्ट व 3(2)(5क) एससीध्एसटी एक्ट का अभियोग पंजीत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है। स्थानीय पुलिस द्वारा अभियुक्त की तलाश जारी है।

# बाइक चोरी का केस

रुद्रपुर (एसएनबी)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के एकौना थाना क्षेत्र से बाइक चोरी चली गयी। जिसके संबंध में प्रार्थी विनोद यादव पुत्र रामसमुझ निवासी एकौना ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि 11 व 12 मार्च की रात्रि को मेरे रिश्तेदार की हीरो स्प्लेण्डर गाड़ी यूपी 52 बीएच 9098 मालिक सोनू यादव पुत्र अवधेश यादव ग्राम गोपालपुर पोस्ट बखरा थाना गौरीबाजार का था। जो मेरे दरवाजे से अज्ञात चोरों द्वारा आधी रात्रि को चुरा लिया गया। सुबह बाइक चोरी होने की जानकारी हुई तो बाइक की तलाश की गयी, लेकिन नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

रा. सहारा दि०-16/03/23

# पांच लोगों को छह माह के लिए किया गया जिला बदर

देवरिया(एसएनबी)। अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) / मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया है कि जनपद में पुलिस अधीक्षक की आख्या के आधार पर धारा-3/4 उप्र गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 के अंतर्गत कार्रवाई अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व)/मुख्य राजस्व अधिकारी, देवरिया के न्यायालय से की जाती है। पुलिस अधीक्षक की प्राप्त रिपोर्टो के आधार पर इस माह मार्च 2023 में अब तक कुल 5 लोगों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है और संबंधित थानाध्यक्ष को आदेश का तामीला कराने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला बदर किए गए लोग क्षेत्र में अशांति का कारण हैं, जिनका जिले में रहना शान्ति व्यवस्था के दृष्टिकोण से और आम जनमानस के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। उन्होंने बताया है कि थाना कोतवाली अंतर्गत अरूण मद्धेशिया पुत्र महेश मद्धेशिया, निवासी-सिन्धी मिल कालोनी तथा थाना भईल अंतर्गत धनन्जय सिंह पुत्र स्व. शम्भू सिंह निवासी ग्राम-भागलपुर, शिवेन्द्र उर्फ नन्दन मिश्रा पुत्र कृष्णानन्द मिश्रा निवासी ग्राम-भागलपुर, रितेश सिंह पुत्र स्व. सत्येन्द्र सिंह निवासी ग्राम-कुण्डौली, चिन्तामणि उर्फ धन्नू चौबे पुत्र स्व. जगदीश चौबे, निवासी ग्राम भागलपुर को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

सफलता हाथ नहीं लगी।

राष्ट्रीय सहारा दि० 16/03/23

# कुल्हड़ बनाने के कारखाने में चोरी का असफल प्रयास

**तरकुलवा(एसएनबी)**। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत तरकुलवा-बंजरिया मार्ग पर पगरा गांव के समीप चोरों ने कुल्हड़ बनाने के एक कारखाने को निशाना बनाते हुए चोरी का असफल प्रयास किया। सड़क पर लोगों की आवाजाही देखकर चोर फरार हो गए। कारखाने के मालिक को घटना की जानकारी बुधवार को सुबह तब हुई जब वे रोज की भांति कारखाना को खोलने पहुंचे। इसकी सूचना उन्होंने डायल 112 पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के पगरा गांव के रहने वाले टुनटुन कुम्हार पुत्र घरभरन अपने गांव के समीप ही तरकुलवा- बंजरिया मार्ग पर स्थित अपनी मकान में मशीन से मिट्टी का कुल्हड़ और गिलास बनाने का काम करते हैं। मंगलवार की रात को वह रोज की भांति अपना कारखामा बन्द्र करके घर चले गए। बुधवार की सुबह 9 बजे के करीब जब वह कारखाना पर पहुंचे तो मेन गेट और भीतर के कमरों का ताला टूटा हुआ देखकर उनके होश उड़ गए। चोरों ने भीतर घुसकर सभी कमरों की तलाशी लेते हुए सामानों को बिखेर दिया था। बताते हैं कि चोरों ने कुल्हड़ बनाने की मशीन खोलने का प्रयास किया था किन्तु उन्हें सफलता नहीं मिली। इसी बीच सड़क पर लोगों की आवाजाही देखकर चोर फरार हो गए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

हि-हिन्दुस्तान दि० 11/03/23

# छात्रा से छेड़खानी की पुष्टि सस्पेंड होगा प्रधानाध्यापक

लार/देवरिया, हिटी। पांचवीं की छात्रा से छेड़खानी की सूचना पर मंगलवार को पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को डीएम व एसपी के निर्देश पर रुद्रपुर की खण्ड शिक्षा अधिकारी जया राय व महिला थानाध्यक्ष अर्चना सिंह जांच के लिए लार पहुंची।

टीम के साथ लार के बीईओ एसएन प्रजापति भी थे। सबसे पहले जांच टीम छात्रा के गांव गई। टीम ने वहां बन्द कमरे में छात्रा से बातचीत की। टीम ने उसके परिजनों से भी पूछताछ की। इसके बाद स्कूल पहुंची। जांच टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही वहां सैकड़ों ग्रामीण एकत्र हो गए। ये लोग प्रधानाध्यापक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने भीड़ को संभाला। टीम ने दो घंटे तक स्कूल के कर्मचारियों और बच्चों का बयान लिया। रुद्रपुर की खण्ड शिक्षा अधिकारी जया राय ने बताया कि वह जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगी।

> छात्रा से छेड़खानी का प्रकरण जानकारी में आने के बाद बीईओ द्रपुर जया राय और महिला थानाध्यक्ष अर्चना सिंह को जांच के लिए भेजा गया था। जांच में आरोप सही मिले हैं। इस मामले में संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।
>
> हरिश्चंद्र नाथ, बीएसए

# अशांति फैलाने वाले पांच को किया जिला बदर

देवरिया। जिले में अशांति फैलाने वाले पांच बदमाशों के विरुद्ध एसपी ने रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेजा था। मामले में सीआरओ कोर्ट ने पांचो बदमाशों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पांचो बदमाश मार्च से दूसरे जिले में चले जाएंगे।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (भू-राजस्व) / मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने रिपोर्ट में कहा था कि जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंधीमिल कालोनी के रहने वाले अरूण मद्धेशिया पुत्र महेश मद्धेशिया, मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर के रहने वाले धनन्जय सिंह पुत्र स्व. शम्भू सिंह, शिवेन्द्र उर्फ नन्दन मिश्रा पुत्र कृष्णानन्द मिश्रा, चिन्तामणि उर्फ धन्नू चौबे पुत्र स्व. जगदीश चौबे और लार थाना क्षेत्र के कुण्डौली गांव के रहने वाले रितेश सिंह का क्षेत्र में काफी दहशत है। वह क्षेत्र में अशांति फैला रहे हैं। एसपी की रिपोर्ट पर सभी को उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

---

### 39 कांस्टेबल संभाल रहे हैं ड्यूटी, 36 होमगार्ड और 42 पीआरडी की भी की गई है तैनाती

# जाम से निजात को 21 इंस्पेक्टर व दरोगा तैनात

**78** होमगार्ड और पीआरडी के जवानों को किया गया है तैनात

**12** मार्च को नौ दरोगाओं को यातायात विभाग ने किया था तैनात

- शहर के प्रमुख चौराहों पर तैनात है एक दरोगा और पुलिसकर्मी

**तैयारी**

देवरिया, निज संवाददाता। जिला मुख्यालय पर जाम से मुक्ति और यातायात व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए बड़े पैमाने पर इंस्पेक्टर और दरोगाओं की तैनाती की गई है। शहर का क्षेत्र और सकरे रास्ते को देखते हुए एक प्रभारी समेत 21 इंस्पेक्टर और दरोगा यातायात की जिम्मेदारी संभाल है। इसके साथ ही 39 पुलिस कर्मी और 78 होमगार्ड और पीआरडी को तैनात किया गया है। उम्मीद जताई जा रही है दरोगाओं की तैनाती से आने वाले दिनों में जाम से शहर के लोगों को मुक्ति मिलेगी।

देवरिया जिला मुख्यालय का क्षेत्रफल कुछ माह पूर्व बढ़ा है। जिससे यहां की जनसख्या के साथ ही सड़के भी नगर क्षेत्र में शामिल हो गई है। वहीं मेडिकल कालेज खुलने से भी भीड़ बढ़ गया है। जिला मुख्यालय होने के चलते जिले के कोने कोने से लोग वाहनों से कार्य के लिए आते हैं। जिससे आए दिन शहर में जाम लगता है। शहर की सड़कें वर्षों पूर्व की बनी हुई है। जिस समय



बुधवार की शाम जिला मुख्यालय पर एसडीएम सौरभ सिंह व सीओ श्रीयश त्रिपाठी के नेतृत्व में जाम से निपटने को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

शहर की आबादी काफी कम थी। पिछले दो दशक में सड़कों की चौड़ाई तो नहीं बढ़ा, लेकिन जनसंख्या काफी बढ़ गई। इसके साथ ही वाहनों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती गई। कुछ माह पूर्व तक यातायात विभाग एक टीएसआई और डेढ़ दर्जन पुलिस कर्मी के भरोसे चल रहा था। एसपी संकल्प शर्मा ने शहर में जाम की स्थिति को देखा। शहर में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस कर्मी हीं नहीं थे। शहर की यातायात होमगार्ड के भरोसे चल रहा था। एसपी ने इसे गंभीरता से लेते हुए लाइन में तैनात लगभग डेढ़ दर्जन दरोगाओं की तैनाती पिछले दिनों यातायात कार्यालय में कर दिया। एसपी ने सीओ यातायात से शहर में शिफ्ट में पुलिस कर्मी को यातायात के लिए ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया है। वर्तमान में देवरिया शहर में यातायात विभाग में एक प्रभारी-टीएसआई गुलाब सिंह है। इसके अलावा तीन इंस्पेक्टर और 17 दरोगा को तैनात किया गया है। इसके साथ ही 13 हेडकांस्टेबल, 26 कांस्टेबल को तैनात किया गया है। जिनकी ड्यूटी कार्यालय से लेकर सड़क तक लगाई जा रही है। पुलिस के सहयोग से 36 होमगार्ड और 42 पीआरडी जवान भी यातायात में तैनात है। जिन्हें शहर के जाम से मुक्ति और नो इंट्री के पालन के लिए लगाया जा रहा है।

> शहर में यातायात को ठीक करने के लिए दरोगा और पुलिस कर्मी को तैनात किया गया है। जिससे आने वाले दिनों में शहर में जाम की स्थिति नहीं रहेंगी।
>
> **गुलाब सिंह**, प्रभारी टीएसआई, देवरिया

**यातायात विभाग में इन्हें मिली है तैनातीः** पुलिस अधीक्षक ने पिछले दो दिनों में लाइन में तैनात एक इंस्पेक्टर समेत 9 दरोगाओं को 12 मार्च को यातायात विभाग में तैनात किया है। जिसमें पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, दरोगा रंजित कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, देवमन यादव, अमित पाण्डेय, आदित्य सम्राट, विवेक यादव, संजय सिंह चंदेल और विजय कमार सिंह को यातायात विभाग में तैनात किया गया है। पहले से ही दो इंस्पेक्टर समेत 12 लोग तैनात थे।

हिन्दुस्तान दि० 18/03/24

# 11 के विरुद्ध बलवा और हत्या के प्रयास का मुकदमा

## विवाद

देवरिया, निज संवाददाता। मारपीट व घर में तोड़फोड़ के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने आठ नामजद समेत 11 के विरुद्ध बलवा समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मारपीट की घटना मंगलवार को हुई थी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरपाती गांव के रहने वाले मनीष यादव पुत्र रामबिलाश यादव ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनका पट्टीदारी के चाचा से भूमि विवाद चलता है। एक सप्ताह पूर्व बच्चो के खेलने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें मेरे परिवार के बच्चों को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। उस मामले में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। मुकदमा दर्ज होने पर पड़ोसी गोलबंद होकर मंगलवार की सुबह घर पर हमला कर दिए। हमलावरों ने घर में घुस कर मारपीट करने लगे। घर में मौजूद मुझे, भाई भीम यादव, अर्जुन यादव को मारने पीटने लगे। वह लोग धारदार हथियार से हमला कर दिया। जान बचाने के लिए खेतों के तरफ भागे तो हमलावरों ने दौड़ा दिया। मनबढ़ों ने घर में तमकर तोड़ फोड़ किया। गांव के किसी व्यक्ति ने घटना को वीडियो मोबाइल में बनाकर वायरल कर दिया।

मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को हुई तो उन्होंने मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले में शारदा यादव पुत्र लालबचन, जनार्दन यादव, जितेन्द्र यादव, रामू यादव पुत्रगण शारदा यादव, लालबहादुर यादव, जंग बहादुर यादव, वीरबहादुर यादव पुत्रगण दुधनाथ, शुभम यादव पुत्र जंगबहादुर और 3 अज्ञात निवासी पिपरपाती थाना सदर कोतवाली के विरुद्ध धारा 147, 148, 323, 336, 352, 504, 506, 427, 307, 452 और 424 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## चार नामजद समेत अज्ञात पर बलवा का मुकदमा

रामपुर कारखाना। मारपीट के मामले में पुलिस ने चार नामजद समेत कुछ अज्ञात लोगों पर बलवा का मुकदमा दर्ज किया है। नगर पंचायत के रामपुर कारखाना के अनिल चौहान ने पुलिस को तहरीर दिया था। अनिल ने दिए तहरीर में रोहित शर्मा और दीपू शर्मा निवासी कस्बा रामपुर कारखाना पर शराब पीकर 12 मार्च की शाम दुकान के सामने अपशब्द कहने का आरोप लगाया था। इसी दौरान रंजिश को लेकर बबलू और लाडला भी कुछ लोगों के साथ पहुंच गए। आरोपियों ने अनिल की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 323, 352, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-15/03/23

# दो युवकों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

रामपुर कारखाना। लार थाना क्षेत्र के सहजौल चौराहा निवासी जुगुना देवी का मायका रामपुर कारखाना के गोविंदपुर गांव में है। वह 12 मार्च को अपने मायके आई थी। इसी दौरान लेनदेन के मामले में नगर पंचायत रामपुर कारखाना निवासी चंदन शर्मा और प्रमोद शर्मा ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर दोनों पर 0323, 504 व 506 के तहत केस दर्ज किया है।

# पुलिस की कार्यप्रणाली में आया सुधार

जासं, देवरिया: जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार आया है। पुलिस जनता के बीच अपनी छवि सुधारने में कामयाब रही। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) गोरखपुर जोन की तरफ से कराए गए सर्वे के वार्षिक रिपोर्ट में यह तस्वीर सामने आई है। जिले की रेटिंग मार्च 2022 में 45.61 प्रतिशत के निम्नतम स्तर पर तो फरवरी 2023 में 68.60 प्रतिशत पर पहुंच गई। वर्ष का औसत रेटिंग 63.43 प्रतिशत रहा।

कुल 41378 लोगों के वोट के जरिये फीडबैक प्राप्त किया गया। एडीजी अखिल कुमार ने मार्च 2022 से गोरखपुर जोन के सभी जिलों में पुलिस की कार्यप्रणाली, जनसमस्याओं के निस्तारण, जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार की जानकारी के लिए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग सिस्टम लागू किया। जिससे सीधे जनता से वोट व फीडबैक प्राप्त किया गया। पारदर्शी, विश्वसनीय व सटीक मूल्यांकन किया गया, इसमें ट्वीटर व डायरेक्ट पोल, एफआइआर व एनसीआर के वादी, आइजीआरएस, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन के लिए आवेदन करने वालों को शामिल किया गया। एडीजी की तरफ से प्रत्येक माह मूल्यांकन की समीक्षा की गई। जिसके बाद कार्यप्रणाली में सुधार के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए।

- अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर की तरफ से जारी की गई वार्षिक रिपोर्ट
- मार्च 2022 में 45.61 प्रतिशत तो फरवरी 2023 में 69.60 प्रतिशत पहुंची रेटिंग

## इस प्रकार रही रेटिंग

अप्रैल 2022 में 49.32, मई 2022 में 51.44, जून 2022 में 52.97, जुलाई 2022 में 64.37, अगस्त 2022 में 66.13, सितंबर 2022 में 61.8 प्रतिशत रेटिंग रही। अक्टूबर 2022 में सर्वोच्च यानी 79.77 प्रतिशत तक रेटिंग पहुंच गई। नवंबर 2022 में 76.37, दिसंबर 2022 में 79.12 व जनवरी 2023 में 65.67 प्रतिशत रेटिंग पहुंची।



पुलिस की कार्यप्रणाली में काफी सुधार आया है। एडीजी की तरफ से जारी वार्षिक रिपोर्ट में रेटिंग से यह स्पष्ट हो रहा है। आगे भी सुधार के लिए निर्देश दिए जाएंगे।
संकल्प शर्मा, एसपी

दैनिक जागरण दि०-16.3.23

# टेबल टेनिस के दोनों मुकाबलों में सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी बने विजेता

- वालीबाल महिला वर्ग में बस्ती व संतकबीरनगर के बीच आज खेला जाएगा फाइनल
- 71वीं गोरखपुर जोन अंतरजनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता

जासं, देवरिया: 71वीं गोरखपुर जोन अंतरजनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में बुधवार को टेबल टेनिस, वालीबाल, बास्केटबाल, हैंडबाल, सेपक टकरा में खिलाड़ियों ने दमखम का प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस के डबल व सिंगल फाइनल मुकाबले में सिद्धार्थनगर के खिलाड़ी विजेता बने। सिद्धार्थनगर टीम में निरीक्षक एसएन सिंह व सिपाही विजयकांत यादव की जोड़ी ने संतकबीर नगर टीम की जोड़ी अंकित कुमार व मनीष शर्मा को व सिंगल में सिद्धार्थनगर के ही एसएन सिंह ने अंकित कुमार को 2-0 से हराकर विजेता बने।

सेपक टकरा (बालीवाल, फुटबाल व जिम्नास्टिक का मिश्रण खेल) के क्वार्टर फाइनल मैच में श्रावस्ती की टीम ने 2-1 से कुशीनगर की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बास्केटबाल पुरुष वर्ग में गोरखपुर ने सिद्धार्थनगर को 28-15, देवरिया ने गोंडा को 24-8, बस्ती ने संतकबीरनगर को 32-25 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बास्केटबाल महिला वर्ग के सेमीफाइनल मैच में बहराइच ने गोरखपुर को 17-2 व बस्ती ने संतकबीर नगर को 10-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वालीबाल पुरुष वर्ग में देवरिया ने सिद्धार्थनगर, गोरखपुर ने बहराइच को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वालीबाल महिला वर्ग में बस्ती ने देवरिया व महराजगंज ने संतकबीर नगर को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

हैंडबाल पुरुष वर्ग में कुशीनगर ने बहराइच को 8-1, देवरिया ने श्रावस्ती को 14-5, सिद्धार्थनगर ने बस्ती को 7-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वालीबाल महिला वर्ग में महराजगंज ने देवरिया को 2-1 व गोरखपुर ने संतकबीर नगर को 5-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अमर उजाला दि०-16/03/23

# पुलिस कर्मियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाया दम

## गोरखपुर जोन की 71वीं अंतर जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी



अंतरजनपदीय पुलिस हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। संवाद

देवरिया। 71वीं गोरखपुर जोन की अंतर जनपदीय पुलिस खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग किया। सेपक टकरा में कुशीनगर व श्रावस्ती के बीच मैच खेला गया, जिसमें श्रावस्ती जनपद विजयी रहा। बास्केटबॉल में सात मैच खेले गए। इसमें पहला मैच गोरखपुर व सिद्धार्थनगर के बीच हुआ, जिसमें गोरखपुर विजयी रहा।

दूसरा मैच देवरिया व गोंडा के बीच खेला गया, जिसमें देवरिया जनपद विजयी रहा। तीसरा मैच बस्ती व संतकबीरनगर के मध्य हुआ। इसमें बस्ती विजयी रहा। चौथा मैच बस्ती व कुशीनगर जनपद के बीच हुआ। इसमें बस्ती विजयी रहा। पांचवां मैच जनपद संतकबीरनगर व देवरिया महिला के मध्य खेला गया, जिसमें संतकबीरनगर विजयी रहा। छठा मैच गोरखपुर बनाम महराजगंज महिला के बीच खेला गया, जिसमें गोरखपुर जिला विजयी रहा। सातवां मैच सिद्धार्थनगर व बहराइच महिला के मध्य खेला गया, जिसमें बहराइच की टीम विजयी रही।

वहीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छह मैच खेले गए। इसमें पहला मैच देवरिया व सिद्धार्थनगर के बीच हुआ, जिसमें देवरिया विजयी रहा। दूसरा मैच जनपद गोरखपुर- व बहराइच के बीच हुआ, जिसमें गोरखपुर विजयी रहा। तीसरा मैच जनपद देवरिया व गोरखपुर महिला के मध्य खेला गया(

# चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए लिफ्टर

एकौना। थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी हुईं चार बाइकों के साथ पुलिस ने दो वाहन लिफ्टरों को पकड़ लिया। बुधवार को बजरंग चौराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान दोनों लिफ्टर चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन और चोरी की बाइक बरामद की।

एकौना थानाध्यक्ष गोपाल प्रसाद राजभर ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एसआई सुधाकर विक्रम सिंह ने संदिग्ध बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। उनके पास गाड़ी का कोई कागज नहीं था। जांच करने पर गाड़ी चोरी की निकली।

पुलिस ने आरोपी रौशन सिंह पुत्र रामबदेश सिंह निवासी ग्राम रमपुरवा व गोलू उर्फ जसवन्त सिंह निवासी ग्राम शीतल मांझा को वाहन चोरी के आरोप में चालान कर दी। संवाद

अमर उजाला दि० 16/03/23

# प्रधानाध्यापक पर छेड़खानी, एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो का केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**नगर के एक परिषदीय विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है आरोपी**

लार। कक्षा पांचवीं की छात्रा से छेड़खानी के आरोप में नगर के एक परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर पुलिस ने छात्रा की मां की तहरीर पर छेड़खानी, एससी/एसटी एक्ट व पॉक्सो के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर प्रकरण की जांच करने पहुंचीं रुद्रपुर की खंड शिक्षा अधिकारी जया राय, खंड शिक्षा अधिकारी एसएन प्रजापति, देवरिया की महिला थाना की एसएचओ अर्चना सिंह ने छात्रा व उसके माता-पिता से घर पहुंचकर अकेले में अलग-अलग पूछताछ कर बयान दर्ज किया। विद्यालय पहुंच कर चार शिक्षिकाओं से भी लिखित बयान लिया। टीम ने अपनी जांच आख्या दोपहर बाद अफसरों को सौंप दी।

इसके बाद शाम को पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ छात्रा की मां की तहरीर के मुताबिक छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी का केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी एसओ अश्वनी सिंह ने बताया कि छात्रा की मां की तहरीर पर आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

## बेटी ने मां से बताई छेड़खानी की बात

छात्रा की मां के मुताबिक उनकी बेटी नगर के एक वार्ड स्थित परिषदीय विद्यालय में कक्षा पांच में पढ़ती है। मंगलवार को विद्यालय पढ़ने के लिए भेजा तो स्कूल जाने से मना कर रोने लगी। पूछताछ के दौरान बेटी ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक एक सप्ताह पूर्व उससे छेड़खानी करने लगे। वकिसी से नहीं बताने की धमकी दी। छात्रा की मां व ग्रामीण विद्यालय पर प्रधानाध्यापक पर छेड़खानी का आरोप लगा हंगामा करने लगे।संवाद

# भाजपा नेता की जमानत अर्जी खारिज

देवरिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने गोल बनाकर आगजनी करने के मामले में भाजपा नेता अमित मोदनवाल की जमानत अर्जी पर मंगलवार को खारिज कर दी। जमानत खारिज से आरोपी अमित मोदनवाल को जेल भेज दिया गया।

आरोप है कि तत्कालीन हिंदू युवा वाहिनी नेता अमित मोदनवाल ने अपने तीन साथियों के साथ 30 जनवरी 2007 को शहर के एक प्रतिष्ठान में आग लगा दी। प्रतिष्ठान के मालिक की सूचना पर घटना के तीन दिन बाद थाना कोतवाली में आगजनी व अराजकता फैलाने का मुकदमा दर्ज हुआ।

प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपियों ने उच्च न्यायालय से गिरफ्तारी के विरुद्ध स्थगन आदेश ले लिया जिससे विवेचक ने 2 अगस्त 2007 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया । सोमवार को आरोपी अमित मोदनवाल न्यायालय में उपस्थित होकर जमानत की मांग की गंभीरता को देखते हुए अदालत ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

# आज आएंगे जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल

**पडरौना।** जम्मू–कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा 16 मार्च को दिल्ली से चलकर सुबह 11 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट पर आएंगे। यहां से सड़क मार्ग से एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने बिहार प्रान्त के जनपद गोपालगंज के लिये रवाना होंगे। कार्यक्रम उपरांत पुन: शाम 4:30 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट पर उनका आगमन होगा और यहां से जम्मू एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

# युवक की पीटकर हत्या, पांच पर केस

- दोस्त के घर आया था जंगल धर्मपुर विशनपुर का युवक
- रात में दोस्त के घर पर विवाद के बाद पीटकर हुई युवक की हत्या

**कठकुइया, हिन्दुस्तान संवाद।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम घोरघटिया गांव में दोस्त के घर आए एक युवक की पीटकर हत्या कर दी गयी। सुबह दरवाजे पर वह बेहोश मिला था, जिसके बाद लोग उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने कुछ देर बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में उसके दोस्त को नामजद करते हुए चार पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पडरौना कोतवाली क्षेत्र के जंगल धर्मपुर विशनपुरा के टोला चौरिया निवासी अच्छेलाल (26) पुत्र खदेरू की कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम घोरघटिया निवासी सुरेंद्र राजभर से मित्रता थी। परिजनों के अनुसार अच्छेलाल मंगलवार की रात उसके घर जाने की बात बताकर निकला था। रात में उसी के घर रुका था। देर रात किसी की बात को लेकर दोनों में बहस हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गयी। इस दौरान सुरेंद्र राजभर व उसके अज्ञात साथियों ने उसे बुरी तरह से पीटकर घायल कर दिया। बेहोशी की हालत में छोड़ कर सभी भाग गए। किसी ने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची। बेहोश युवक को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# युवक को पीटकर घायल किया, केस

**पटहेरवा।** क्षेत्र के बभनौली गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर यह आरोप लगाया है कि उसका बेटा घर से दुकान पर समान लेने जा था कि कुछ लोगों ने साजिश के तहत उसे रोक कर गाली दी तथा पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

बभनौली गांव की सीमा देवी ने तहरीर में बताया है कि पुरानी रंजीस के तहत अपने घर के सामने गांव के ही मनेजर सिंह, नीलम सिंह, निखिल सिंह सहित अन्य लोगों ने उसे घेर लिया और चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

# पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप एसपी से शिकायत

पडरौना। हनुमानगंज थाना क्षेत्र बैरागी पट्टी गांव में बीते एक फरवरी की भोर में 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के भाई ने बहन की ससुराल के लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी थी। डेढ़ माह बीतने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के पिपराजटामपुर निवासी राजकुमार जायसवाल ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में लिखा है कि उसकी बहन फुलकुमारी का विवाह वर्ष 2010 में हनुमागंज थाना क्षेत्र के बैरागी पट्टी निवासी संदीप जायसवाल से हुआ था। दोनों से तीन बच्चे भी हैं। उसकी बहन के ससुर सब्जी के फुटकर विक्रेता हैं। संवाद

# हाटा रेंजर समेत चार के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश

**जासं, पडरौना:** सीजेएम कुशीनगर प्रशांत कुमार ने रेंजर वन क्षेत्र हाटा राजेश कुमार कुशवाहा, फारेस्टर महेंद्र यादव, फारेस्ट गार्ड अब्दुल आलम व अखिलेश कुशवाहा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने का आदेश कसया पुलिस दिया है। नंदलाल शर्मा निवासी कुरमौटा थाना कसया ने 28 मई 2022 को सीजेएम कोर्ट में वाद दाखिल कर बताया कि उन्हें आरा मशीन चलाने के लिए उप्र सरकार द्वारा पांच वर्ष के लिए लाइसेंस प्राप्त है। कसया क्षेत्र के ही नरकटिया में वे आरा मशीन चलाते थे। 23 मार्च 2022 को वे आरा मशीन परिसर में बैठे थे। तभी रेंजर हाटा वन क्षेत्र राजेश कुमार कुशवाहा अपनी टीम के साथ सरकारी वाहन से आए। आरोप है कि रेंजर ने अपशब्द कहते हुए उनसे पैसे की मांग की। विरोध करने पर रेंजर व उनकी टीम के सदस्य महेंद्र यादव, अबब्दुल आलम व अखिलेश कुशवाहा नंदलाल को मारने-पीटने लगे। इसमें उनकी नाक की हड्डी टूट गई। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। यह देख वन विभाग की टीम वापस चली गई। आरोप है कि 24 अप्रैल को आरोपित फिर आए और लाइसेंस होने के बाद भी आरा मशीन उखाड़ कर ले गए। पीड़ित ने कसया थाने में तहरीर दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। याची द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को देखते हुए सीजेएम ने बीते 27 फरवरी को कसया के थानेदार को आरोपितों के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। एसएचओ कसया आशुतोष तिवारी ने कहा कि मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# आज कुशीनगर आएंगे जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल डा. मनोज सिन्हा

**कसया, कुशीनगर :** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल डा. मनोज सिन्हा गुरुवार को कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आएंगे। यहां से वह सड़क मार्ग से बिहार के गोपालगंज जाएंगे। यहां माझागढ़ दानापुर पंचायत में एक घंटा 40 मिनट रुकने के बाद वह पुन: सड़क मार्ग से कुशीनगर एयरपोर्ट आएंगे। यहां से वह जम्मू कश्मीर के लिए प्रस्थान करेंगे। उप राज्यपाल का विशेष विमान दिल्ली एयरपोर्ट से 10.30 बजे उड़ेगा। 11.40 बजे वह कुशीनगर एयरपोर्ट पर लैंड करेगा। 11.50 बजे वह बिहार के लिए प्रस्थान करेंगे। 1.20 बजे से तीन बजे तक गोपालगंज में कार्यक्रम में भाग लेंगे। 4.30 बजे उप राज्यपाल का फ्लीट कुशीनगर एयरपोर्ट पहुंचेगा। 4.40 बजे वह विशेष विमान से जम्मू हवाई अड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे। (जासं)

# तीन की छिनी थानेदारी, कई इधर-उधर

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार देर रात को कई निरीक्षक, उप-निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में बदलाव कर तीन थानेदारों को चार्ज से हटा दिया। जबकि तीन थानेदारों का कार्यक्षेत्र परिवर्तित कर दिया। वहीं कुबेरस्थान में रहे दारोगा मोहम्मद सेराज को लाइन में भेजा है। लाइन में रहे निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल प्रभारी स्वाट टीम बनाए गए हैं। इसी तरह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना सुमन सिंह प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र, एएचटीयू बनाई गई हैं।

**एसपी धवल जायसवाल ने जिले की व्यवस्था चुस्त - दुरुस्त रखने के लिए कई निरीक्षक, उप-निरीक्षक के कार्यक्षेत्र में किया बदलाव**

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र नगर धूंस धनवीर सिंह को अपराध शाखा, प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा महेंद्र प्रजापति को जन शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज अनिल उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक पटहेरवा, प्रभारी निरीक्ष पटहेरवा रहे गिरीजेश उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा व प्रभारी निरीक्षक चौराखास राजेश कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक रवींद्र नगर धूंस बनाए गए हैं। निरीक्षक अपराध शाखा विनय कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक कप्तानगंज, प्रभारी मीडिया सेल प्रमोद कुमार को प्रभारी निरीक्षक चौराखास की जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र व एएचटीयू रेखा महिला थानाध्यक्ष होंगी। चौकी प्रभारी कुशीनगर निरीक्षक दिग्विजय नारायण राय निरीक्षक अपराध कसया, निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह जटहाबाजार से निरीक्षक अपराध चौराखास, एसएसआई कोतवाली पडरौना अनिल कुमार सिंह चौकी प्रभारी बहादुरगंज, चौकी प्रभारी शिवपुर गौरव वर्मा चौकी प्रभार बांसी बनाए गए हैं। वहीं दारोगा विमलेश गुप्ता पटहेरवा से चौकी प्रभारी तमकुहीराज, दारोगा प्रदीप कुमार कसया से चौकी प्रभारी सुकरौली, सुजीत भारती तमकुहीराज से चौकी प्रभारी पिपराघाट, अवनीश सिंह चौकी प्रभारी बहादुरगंज से चौकी प्रभारी कुशीनगर, वेद प्रकाश चौकी प्रभारी बांसी से एसएसआइ अहिरौली बाजार, एसएसआई अहिरौली बाजार राजेश कुमार को एसएसआइ कोतवाली पडरौना पद पर भेजा गया है।

# एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बभनौली गांव में दुकान पर सामान लेने जा रहे एक युवक को पीटकर चाकू से हमला कर धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने युवक की मां के तहरीर पर सात लोगों पर मारपीट, बलवा, एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि बभनौली निवासी सीमा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# कुशीनगर में बीमार हुई चीनी पर्यटक

**जासं, कुशीनगर :** कुशीनगर में मंगलवार की देर शाम एक विदेशी महिला पर्यटक बीमार हो गईं। वह कुछ असामान्य दिख रही थीं। जानकारी होने पर सीएमओ के निर्देश पर बुधवार को पहुंची जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम ने बीमार पर्यटक से पूछताछ की और कुछ दवा लेने के सुझाव दिए। विदेशी महिला पर्यटक को गुरुवार को जिला चिकित्सालय पर विशेष जांच के लिए बुलाया गया है। ताइवान मूल की चीनी पर्यटक 42 वर्षीया शिह डी कुआन बीते वर्ष नवंबर में नेपाल से कुशीनगर आई थीं। उस समय भी वह कुछ बीमार थीं। स्वस्थ होने के बाद बौद्ध तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने चली गईं। लगभग एक माह पूर्व बोधगया से यहां आकर नामग्याल मोनास्ट्री में रह रही थीं। सीएमओ के निर्देश पर मनोरोग समाज कार्यकर्ता योगिता कुशवाहा के नेतृत्व में कुशीनगर पहुंची टीम ने बीमार महिला से पूछताछ की। लामा कोंचोक टेंगकयोंग, नैदानिक मनोवैज्ञानिक अमृता कुमारी, बृजकिशोर, कुलदीप आदि उपस्थित रहे।



विदेशी बीमार महिला पर्यटक बाएं से दूसरी शिह डी कुआन से पूछताछ करतीं जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम● जागरण

# व्यवसायी ने दर्ज कराया मुकदमा

फाजिलनगर। मुकदमे में फंसाने व कॉल पर जानमाल की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने सराफा व्यवसायी की तहरीर पर केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फालिनगर चौकी प्रभारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि गंडक कालोनी निवासी संतोष वर्मा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# नो इंट्री जोन के बाहर रोके गए 60 वाहन

**जासं, पडरौना:** नगर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने के एसपी द्वारा दिए गए निर्देश का असर बुधवार को नजर आया। गंडक नहर पुल से लेकर नगर के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर यातायातकर्मी तैनात दिखे। 60 बड़े वाहनों को नो इंट्री क्षेत्र में प्रवेश नहीं मिला और इन वाहनों को रोक दिया गया। सुबह से रात आठ बजे तक नो इंट्री क्षेत्र में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक का कड़ाई से यातायात कर्मियों ने अनुपालन कराया। इसके अलावा नगर के गंडक नहर पुल, कठकुइयां तिराहा, सुभाष चौक, मेन रोड, तिलक चौक, रामकोला रोड व बावली चौक सहित सभी प्रमुख स्थलों पर यातायात कर्मी सुबह से मुस्तैद नजर आए। इसका असर हुआ कि नगर में जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हुई और नागरिक राहत महसूस किए। यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिए यातायात निरीक्षक सत्य सान्याल शर्मा व्यवस्था की मानिटरिंग में जुटे



नगर के कठकुइयां मोड़ पर बाइक का चालान करती यातायात पुलिस ● जागरण

रहे। यातायात कर्मियों की सक्रियता का परिणाम रहा कि सुबह आठ बजे के बाद नो इंट्री क्षेत्र में बड़े वाहनों के प्रवेश पर कड़ाई से रोक रहा। शाम तक इन वाहनों की संख्या 60 तक पहुंच गई। बता दें कि बीते सोमवार व मंगलवार को नगर सुबह से शाम तक जाम की चपेट में रहा। जाम की समस्या का संज्ञान लेते हुए एसपी धवल जायसवाल ने मंगलवार को यातायात निरीक्षक व उनकी टीम को अपने कार्यालय बुलाकर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**सौ दो पहिया वाहन चालान, एक लाख शुल्क अधिरोपित**

-टीआई ने बताया कि बुधवार को नगर समेत जिले भर में सौ दो पहिया वाहनों का चालान कर आन लाइन शमन शुल्क अधिरोपित किया गया।

# रेंज में दूसरे स्थान पर कुशीनगर पुलिस

- पब्लिक पोल के पश्चात एडीजी जोन गोरखपुर ने जारी की सूची
- महराजगंज को पहला तथा देवरिया को मिला तीसरा स्थान

**जासं, पडरौना :** कुशीनगर पुलिस की कार्यप्रणाली से नागरिक संतुष्ट हैं। एडीजी जोन के निर्देश पर कराए गए सर्वे में जिले की पुलिस को लोगों ने गोरखपुर रेंज में दूसरा स्थान दिया है। महराजगंज को पहला, देवरिया को तीसरा तथा गोरखपुर जिले को चौथा स्थान मिला है।

एडीजी जोन गोरखपुर अखिल कुमार के निर्देश पर एसपी ने पुलिस के प्रदर्शन को लेकर एक से सात मार्च 2023 तक पब्लिक पोल कराया था। बुधवार को नतीजे घोषित किए गए। आइजीआरएस के बारे में 85.8 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के रवैये पर संतुष्टि जताई है। इसी तरह ट्विटर पर पुलिस सेवा को लेकर 1187 लोगों से मिली फीडबैक में 79 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 04 प्रतिशत ने उत्तम, 06 प्रतिशत ने साधारण तथा 11 प्रतिशत ने खराब बताया है। वहीं थाने पहुंचे 2602 लोगों से ली गई राय में 98.02 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 0.6 ने उत्तम, 0.3 ने साधारण तथा 0.9 प्रतिशत लोगों ने खराब बताया है। प्राथमिकी दर्ज कराने के मामले में 458 लोगों की राय ली गई। इसमें 346 ने पुलिस के कार्य को अति उत्तम, 110 ने साधारण बताया है।

| जनपद | रेटिंग | स्थान |
|---|---|---|
| महराजगंज | 78.00 | पहला |
| कुशीनगर | 77.35 | दूसरा |
| देवरिया | 68.60 | तीसरा |
| गोरखपुर | 66.48 | चौथा |

**पब्लिक पोल में मार्च में जिले को रेंज में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि इससे पहले जनपद को लगातार पांच बार रेंज में पहले स्थान की उपलब्धि हासिल हुई थी। जनपद पुलिस की कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार हुआ है। समीक्षा कर शीघ्र कमियों को दूर किया जाएगा। नागरिकों की सुरक्षा के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।**

**धवल जायसवाल**, एसपी

डायल 112 के बारे में 816 में 678 लोग संतुष्ट और 138 असंतुष्ट मिले। इसी तरह पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन में 438 लोगों की राय प्राप्त की गई। इनमें 25 ने अति उत्तम तथा 161 ने अति उत्तम तथा 158 ने साधारण व 94 ने खराब बताया है।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2023

# हेरोइन के साथ नेपाली नागरिक गिरफ्तार

सोनौली। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र की पगडंडी पर गश्त के दौरान सोनौली पुलिस व एसएसबी के जवानों ने 12 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर न्यायालय चालान भेज दिया।

---

# वाहन चोरी में नेपाल का आरोपी दबोचा

**सफलता**



आरोपित को नौतनवा पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया। • हिन्दुस्तान

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** वाहन चोरी करने वाले गैंग के एक आरोपित को नौतनवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी की बाइक, नगदी व मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। वह नेपाल का रहने वाला है। उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

नौतनवा क्षेत्र में पिछले दिन कई वाहन चोरी हुए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन चोरी में संलिप्त संदिग्ध को कई दिनों से तलाश कर रही थी। सोशल मीडिया पर आरोपित का फोटो भी वायरल किया गया था। कस्बा प्रभारी ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मुन्ना तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी ग्राम सिपवा कोटही माई गांव पालिका जिला रूपंदेही नेपाल को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से दो बाइक व तीन हजार रुपया भारतीय मुद्रा, सौ रुपये के नेपाली मुद्रा के अलावा एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों बाइक पर फर्जी नम्बर लगा कर नेपाल सीमा में ले जाने की कोशिश की जा रही थी। कस्बा चौकी प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध 419, 420, 467, 468,411, 379 एवं एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है । स्थानीय थाने में उसके विरुद्ध और भी चोरी के मामले पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चोर से पूछताछ में एक नेपाली व्यक्ति का नाम भी सामने आया है जो चोरी की घटनाओं में संलिप्त है।

## हत्या कर भाग रहे आरोपी को देख महिला की बहू ने मचाया शोर

# घर में घुसकर वृद्धा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**दुस्साहस**

- पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के सहलद उर्फ कवलदह गांव की घटना
- ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा, हत्या का केस दर्ज

**पुरन्दरपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के सहलद उर्फ कवलदह गांव में बुधवार की भोर में एक युवक ने घर घुसकर 75 वर्षीय वृद्ध महिला की हत्या कर दी। खिड़की से कूदकर भाग रहे आरोपी को महिला की बहू ने देख लिया और उसने शोर मचा दिया। ग्रामीणों ने आरोपित को पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई के बाद पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर एसपी डॉ. कौस्तुभ, एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह, सीओ कोमल मिश्र, थानाध्यक्ष उमेश कुमार मौके पर पहुंचे। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका की बहू की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

सहलद उर्फ कवलदह गांव की रहने वाली बुजुर्ग महिला कलपावती के दो पुत्र हैं। दोनों बाहर कमाते हैं। दोनों बेटों ने गांव में अलग अलग मकान बनवाया है। दोनों के परिवार वहां रहते हैं। कलपावती अकेले पुराने मकान में रहती थी। बहुएं वहीं पर उसे भोजन पहुंचा देती थी। बुधवार की भोर में एक बहू अपने सास कलपावती के घर की तरफ जा रही थी। उसी दौरान बुजुर्ग महिला के मकान में बने एक झरोखे के रास्ते एक युवक कमरे से निकलने के बाद कूद कर भागने लगा। इस पर बहू ने शोर मचा दिया। आसपास के लोगों ने आरोपित को पकड़ लिया। वह नशे की हालत में बताया जा रहा था।



बुधवार को एसपी डॉ. कौस्तुभ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिया। • हिन्दुस्तान

### ननिहाल में रहता है

आरोपित युवक बुजुर्ग महिला के घर से पचास मीटर दूर ही रहता है। गांव में उसका ननिहाल है, लेकिन काफी दिन से उसके परिजन गांव में ही घर बनाकर रहते हैं। बुजुर्ग महिला के घर के सामने उसके मामा का है जहां वह अक्सर आसपास घूमता रहता था। मंगलवार की रात 11 बजे वह गांव में दिखाई दिया था। इसके बाद महिला के घर से चार बजे भोर में भागते हुए नजर आया। तलाशी में उसके पास से 55 सौ रुपया मिला। बताया जा रहा है कि महिला के घर से वह पैसा चुराया था। महिला के जाग जाने के बाद उसे मार दिया।

### अफसरों ने लिया जायजा

घटना की सूचना मिलते ही एसओ पुरन्दरपुर उमेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। थोड़ी देर बाद एसपी डॉ. कौस्तुभ, एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह, सीओ भी पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ऐसे में पुरन्दरपुर पुलिस ने ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए आरोपित मुकेश चौधरी (25) के खिलाफ बहू श्यामदुलारी देवी की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया।

# सीमा पर फिर शुरू हुई चीन के सेब की तस्करी

**जासं, महराजगंज** : भारत-नेपाल की खुली सीमा पर चौकसी के बाद भी चीन के सेब की तस्करी एक बार फिर शुरू हो गई है। सीमा पार से तस्कर न सिर्फ चीन का सेब भारत ला रहे हैं, बल्कि उसे महराजगंज मुख्यालय, कप्तानगंज और गोरखपुर की फल मंडियों तक पहुंचा रहे हैं। भारत-नेपाल सीमा से सटे तराई के बाजारों में भी विदेशी सेब की भरमार है।

तस्करी पर लगाम न लगने से तस्करों के हौसले बुलंद हैं। आकार व आकृति में बड़े व आकर्षक दिखने वाले इन सेबों की बाजार में मांग बढ़ गई है, जिसका तस्कर फायदा उठा रहे हैं। सीमा पार से निकलकर चाइनीज सेब की खेप जिला मुख्यालय के साथ ही कुशीनगर के कप्तानगंज और गोरखपुर के फल मंडियों में इसकी सर्वाधिक मांग है। इधर बाजारों में ठेले से लेकर बड़ी दुकानों पर इसकी बिक्री के बावजूद जिम्मेदार इसके प्रति अनजान हैं।

**40 से 43 रुपये प्रति किलो सस्ते हैं विदेशी सेब** : चीन के सेब व भारतीय सेब में काफी अंतर है। भारतीय सेब की कीमत जहां 120 से 140 रुपये प्रति किलो है, वहीं चीन से आ रहे सेब, व्यापारियों को मात्र 70 से 80 रुपये प्रति किलो में तस्कर उपलब्ध करा देते हैं। जिसको व्यापारी बाजार में भारतीय सेब के मूल्य पर ही बेचते हैं। वहीं देखने में भी यह सेब आकर्षक दिखते हैं। जिसकी वजह से लोग अधिक खरीद करते हैं।

**जिला मुख्यालय व गोरखपुर की मंडियों तक पहुंच रहा सेब, प्रति किलो 40 से 50 रुपये सस्ता और देखने में है आकर्षक**



बाजार में बिक रहा चीन का सेब • जागरण

### इन रास्तों से हो रही है तस्करी

नेपाल की खुली सीमा महराजगंज के झुलनीपुर, ठूठीबारी, लक्ष्मीपुर, शितलापुर रेगहिया, बहुआर, बरगदवा, भगवानपुर से मिलती है। इन्हीं नाकों से रोजाना सेब की तस्करी हो रही है। तस्कर रात में पिकअप और बड़े वाहनों पर सेब लादकर सीमा पार कराकर भारतीय व्यापारियों को उपलब्ध करा रहे हैं।

"चीन से आने वाले सेब की तस्करी की सूचना नहीं थी। इस मामले में सीमा क्षेत्र के थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं, कि कस्टम विभाग से सामंजस्य स्थापित करते हुए इसपर प्रभावी कार्रवाई करें।

**डा. कौस्तुभ**, पुलिस अधीक्षक महराजगंज

# पिटाई के विरोध में ग्रामीणों ने किया पुलिस चौकी का घेराव

- **यूरिया ले जाने पर किसानों ने लगाया पिटाई का आरोप**
- **यूरिया गन्ने में डालने के लिए ले जा रहे थे यूरिया**

**जासं, ठूठीबारी**: यूरिया ले जा रहे एक व्यक्ति को पुलिस द्वारा पीटने का आरोप लगा कर स्थानीय लोगों ने लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी का घेराव किया। बाद में पुलिस अधिकारियों के समझाने पर ग्रामीण माने।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी अनिल कुमार जायसवाल मंगलवार को किसान बही के साथ निचलौल से खाद लेकर घर आ रहे थे।

बताया कि उसी दौरान लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी इंचार्ज शैलेश प्रताप भौरहियां नदी पुल पर खड़े थे। उन्होंने रुकने का इशारा किया। जैसे ही मैं रुका तो डंडे से मारने लगे।

बताने के बाद भी पुलिस वाले नहीं माने और उन्हें पीटते रहे। ठूठीबारी कोतवाल जेपी सिंह यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की बाइक व गांजा के साथ नेपाली गिरफ्तार

**जासं, नौतनवा** : चोरी की दो बाइक, गांजा व नकदी के साथ नेपाली युवक को पुलिस ने मंगलवार की शाम दोमुहानघाट नौतनवा से गिरफ्तार किया। धोखाधड़ी, चोरी व एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रभारी थानाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों नौतनवा नगर के मधुबन नगर मोहल्ले से दो बाइक चोरी हुई थी। वाहन स्वामी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर खोजबीन की जा रही थी। सीसी कैमरे की फुटेज से आरोपित की पहचान होने पर पुलिस टीम को सतर्क किया गया था। दोमुहानघाट के रास्ते नेपाल जाने की सूचना पर एक युवक को पकड़ा गया। जांच पड़ताल के दौरान चोरी की बाइक उसके पास से बरामद हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से एक किलोग्राम गांजा, तीन हजार रुपये भारतीय व सौ नेपाली मुद्रा बरामद हुई। आरोपित की निशानदेही पर एक और चोरी की बाइक बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपित मुन्ना तिवारी निवासी सिपवा वार्ड नं एक कोटही माई गांव पालिका जिला रुपंदेही नेपाल शातिर चोर है। जो भारतीय सीमा से बाइक चोरी कर दूसरे साथी संदीप के पास नेपाल भेजता था। दूसरे आरोपित की भी तलाश की जा रही है।

**14 बोरी यूरिया व बाइक बरामदः** निचलौलः कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान तस्करी के जरिये नेपाल भेजी जा रही 14 बोरी यूरिया व एक बाइक बरामद किया है। चौकी प्रभारी शैलेश ने बताया कि भौरहिया नदी के समीप कुछ लोग यूरिया नेपाल भेजने के प्रयास में थे। पुलिस टीम के पहुंचते ही तस्कर बाइक व यूरिया छोड़ कर भाग गए।

## 12 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, सोनौली (महराजगंज)** : एसएसबी व सोनौली पुलिस ने बुधवार को संयुक्त गश्त के दौरान एक युवक को 12 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी सोनौली अंकित सिंह व एसएसबी इंस्पेक्टर जयंता घोष सीमा पर पगडंडियों पर गश्त कर रहे थे।

इस दौरान सीमा के निकट एक युवक पैदल ही नेपाल की तरफ जा रहा था। रोककर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 12 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम अनवर अली निवासी बेथरी जिला रूपंदेही नेपाल बताया। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि हेरोइन के साथ पकड़े गए युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

# पाक्सो एक्ट के दो मामलों में 20 वर्ष की सजा, 10 हजार का जुर्माना

**जासं, महराजगंज:** अपर सत्र न्यायाधीश पाक्सो विनय कुमार की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए पाक्सो एक्ट के दो मामलों में दोषियों को 20-20 वर्ष के कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस के आपरेशन शिकंजा के तहत न्यायालय में लंबित वादों के निस्तारण का प्रयास कराया जा रहा है। इसमें त्वरित न्याय मिलने में आसानी होती है। प्रथम मामला चौक थाना क्षेत्र के दो वर्ष पुराने मुकदमे में बरगदवा थाना क्षेत्र के बेलहियां खजहिया निवासी रामबृक्ष राजभर को दोषी घोषित किया गया है, तो वहीं दूसरा कोठीभार थाना के तीन वर्ष पुराने मामले में पिपरा नारायन निवासी अरविंद चौधरी को न्यायालय ने दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है।

# हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

सोनौली। नेपाल सीमा के सोनौली बॉर्डर के पगडंडियों पर एसएसबी और सोनौली पुलिस ने संयुक्त गश्त के दौरान भारत से नेपाल जा रहे एक युवक के पास मादक पदार्थ हेरोइन बरामद कर उसे गिरफ्तार किया है।

बुधवार सुबह चौकी प्रभारी सोनौली अंकित सिंह और एसएसबी इंस्पेक्टर जयंता धोष सरहद की पगडंडियों पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक युवक पैदल ही नेपाल की तरफ जाते दिखा। उसे जवानों ने रोक लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 12 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम अनवर अली निवासी बेथरी रूपनदेही नेपाल बताया। कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है। संवाद

# पुलिसवाले ने किसान को पीटा, ग्रामीणों ने चौकी घेरा

## लक्ष्मीपुर खुर्द चौकी प्रभारी ने समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया

संवाद न्यूज एजेंसी

**ठूठीबारी।** गन्ने के खेत में डालने के लिए दो बोरी यूरिया ले जा रहे किसान को पुलिसकर्मी ने पीट दिया। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी घेरकर आरोपी पुलिसवाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चौकी प्रभारी ने समझा-बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया।

लक्ष्मीपुर खुर्द निवासी अनिल कुमार जायसवाल ने बताया कि वह मंगलवार को किसान बही के साथ निचलौल से खाद लेकर घर जा रहा थे। इस दौरान भौरहियां नदी पुल पर खड़े सिपाही ने पूछताछ की फिर उन्हें पीटना शुरू कर दिया। किसान ने किसान बही दिखाई लेकिन सिपाही ने उसकी नहीं सुनी।



लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी का ग्रामीणों ने घेराव कर किया प्रदर्शन। संवाद

बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस चौकी के पास प्रदर्शन किया। आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। चौकी इंचार्ज ने समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। ठूठीबारी कोतवाल जेपी सिंह यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# धोखे से खाता खुलवाकर पासबुक जब्त करने का आरोप

**निचलौल।** क्षेत्र के सेमरहना गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के एक लाभार्थी महिला का धोखे से बैंक में खाता खुलवाकर पासबुक जब्त करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पीड़िता ने बुधवार को ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर बीडीओ से न्याय की गुहार लगाई। सेमरहना निवासी शीशकली ने बताया कि पति को झांसा देकर एक फॉर्म पर अंगूठा लगवा दिया गया। उसके बाद खाता खुलवाकर पासबुक को आरोपी ने अपने पास रख लिया। पीड़िता का आरोप है कि आवास की पहली किस्त न मिलने पर जब जांच पड़ताल कराई तो पता चला कि उनका बैंक में खाता खुला है। खाते में आवास की रकम आई है। उसका पासबुक ग्राम प्रधान के पास है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

# वध को बिहार जा रहे पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**डीसीएम पर लादे गये थे 21 पशु, एक की मौत**

**बस्ती (एसएनबी)।** जिले की मुण्डेरवा पुलिस ने बुधवार को बध के लिए बिहार प्रान्त में जा रहे पशुओं से भरे ट्रक को राष्ट्रीय राजमार्ग पर रोका गया, जिसमें से एक पशु तस्कर की गिरफ्तार के साथ 20 जिन्दा व एक मृत पशु को बरामद किया गया। बरामद पशुओं को पुलिस ने गौशाला में पहुंचाते हुए तस्कर के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मुण्डेरवा अरविन्द कुमार शाही अपनी टीम के साथ क्षेत्रीय गश्त पर निकले हुए थे। इस दौरान उन्हे मुखबिर से सूचना मिली कि गोण्डा से गोपालगंज बिहार के लिए बध हेतु पशुओं से भरा ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते ले जाया जा रहा है। सूचना पर सक्रियता दिखाते हुए प्रभारी निरीक्षक ने थानाक्षेत्र के खजौला पुलिस चौकी के सामने चेकिंग करना शुरू कर दिया। जिसके कुछ देर बाद एक डीसीएम संख्या यूके 04 सीबी 9550 आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रोककर चेकिंग की गयी तो उसमें से 21 गोवंशीय पशु दले हुए पाये गये। जिसमें ऐ एक पशु की मौत भी हो चुकी थी। मौके पर गोवंश तस्करी से सम्बन्धित अभियुक्त मेंहदी हसन पुत्र अब्दुल रहमान निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाईन जनपद रामपुर को भी गिरफ्तार किया गया। जिसने पशुओं को बध के लिए गोपालगंज बिहार ले जाने की बात को स्वीकारा है। बरामद सभी पशुओं को चिकित्सकीय परीक्षण के उपरान्त गौशाला कोइलपुरा थाना कप्तानगंज में दाखिल कराया गया तथा मृत पशु को दफन कराया गया । मामले में मुण्डेरवा पुलिस ने पकड़े गये पशु तस्कर मेंहदी हसन पुत्र अब्दुल रहमान के विरुद्ध धारा 3/5क/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया गया जहां से जेल भेजने की प्रक्रिया की गयी।



पुलिस गिरफ्त में पशुओं से लदा ट्रक। फोटो : एसएनबी

# वांछित गैंगस्टर गिरफ्तार

**हर्रैया(एसएनबी)।** स्थानीय पुलिस ने बुधवार को बिहरा मोड के पास से न्यायालय से वांछित चल रहे गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि अपराध संख्या 363/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत गोरखपुर जनपद के खजनी थानान्तर्गत साजूपार निवासी दिवाकर दीक्षित पुत्र अमरजीत दीक्षित के विरूद्ध विवेचना चल रही थी। उसके खिलाफ परशुरामपुर तथा छावनी में भी लूट, पशु तस्करी तथा गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस काफी दिनो से उसकी तलाश कर रही थी।



## धर्मांतरण की अफवाह फैलाने वाले दो गिरफ्तार

**परशुरामपुर (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष रामेश्वर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जगन्नाथपुर उसकवा टोला में धर्मांतरण की झूठी अफवाह फैलाने वाले दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया। दोनो को शांति भंग की धारा मे चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जगन्नाथपुर के उसकवा टोला में धर्मांतरण की झूठी खबर मुस्तकीम उर्फ मुस्लिम बाबा पुत्र मोहम्मद अली निवासी निमाली थाना कोतवाली बागपत जिला बागपत तथा याकूब उर्फ अवतार पुत्र भाडे निवासी जगन्नाथपुर उसकवा टोला द्वारा फैलाई जा रही थी। हमराही हेडकांसटेबल भगवान दास यादव एवं रिकेश यादव के साथ दोनो को गिरफ्तार कर लिया। दोनो का शांति भंग की धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी के तहत चालान कर उपजिलाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## गैंगस्टर का आरोपी धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** थानाध्यक्ष कलवारी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि थाने पर पंजीकृत धारा 3(1) उप्र गैंगस्टर एक्ट के सम्बन्ध में अभियुक्त सोनू पुत्र कन्हैया लाल निवासी गाना थाना कलवारी को आज गाना मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया, जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की जायेगी। पुलिस ने बताया कि आरोपी सोनू के विरुद्ध वर्ष 2021 में धारा 457, 380 आईपीसी के दो मुकदमें पूर्व में भी दर्ज हुए थे। जिसके बाद गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद चौधरी, प्रभारी चौकी गायघाट, मुख्य आरक्षी अरविन्द यादव थाना कलवारी मौजूद रहे।

## कूड़ा फेंकने को लेकर मारपीट

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने कूड़ा फेंकने को लेकर मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। आल्हेकुईया निवासी संगीता देवी पत्नी राजू चौहान का आरोप है कि गांव के भोदू, बुद्धिराम, राजमती देवी समेत चार लोगों ने कूड़ा फेंकने की बात को लेकर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। मना करने पर जानमाल की धमकी दी।

## किशोरी को गलत नीयत से भगा ले गया, केस

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी को गलत नीयत से अगवा करने के आरोप में केस दर्ज किया है। तेरह वर्षीय पीड़िता की मां का आरोप है कि तीन लोग मिलकर तेरह मार्च को उनकी बेटी को बहलाकर अपने साथ भगा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रमेश चौधरी, शुभम समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# विवाद में युवक ने की फायरिंग, गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के सोनहटी बुजुर्ग में स्कूल वैन को रास्ता देने के लिए हुए मामूली विवाद में वैन चालक ने लाईसेन्सी असलहे से फायर झोक दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पुरानी बस्ती पुलिस ने फायर करने वाले युवक को



गिरफ्तार करते हुए असलहा भी बरामद कर लिया है।पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के बरदहिया बाजार निवासी राजमणि चौधरी पुत्र शिव दास चौधरी प्रभा देवी बालिका इण्टर कालेज का संचालन करता है और अपने वैन से ही सुबह बच्चो को स्कूल में पहुंचाता है। बुधवार को राजमणि चौधरी वैन लेकर सोनहटी बुजुर्ग पहुंचा था इसी बीच सोनहटी के ही रहने वाले सद्दाम हुसैन पुत्र गुलाम हुसैन से गाड़ी को पास देने को लेकर दोनो के बीच कुछ कहा सुनी हो गयी। कहासुनी इस कदर बढ़ी कि नाराज राजमणि चौधरी ने सद्दाम हुसैन पर अपने लाइसेन्सी पिस्टल से फायर कर दिया। सद्दाम हुसैन ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती योगेश कुमार सिंह ने मौके का निरीक्षण करते हुए आरोपी राजमणि चौधरी को धर दबोचा और उसके विरुद्ध धारा 307, 504 आईपीसी के साथ साथ 30 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए उसे जेल भेज दिया। क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद ने बताया कि मौके पर शान्ती व्यवस्था कायम है, आरोपी के पास से उसकी लाइसेन्सी पिस्टल भी बरामद करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में योगेश कुमार सिंह के साथ उप निरीक्षक रमेश यादव, आरक्षी उमेश कुमार, आरक्षी सतीश कुमार थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।



परिजनों के साथ भटक कर कुदरहा पहुंचा राहुल।

# मंदबुद्धि बालक को परिजनों से मिलाया

कुदरहा। मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक को कुदरहा पुलिस चौकी पुलिस ने परिजनों से मिलाया। क्षेत्र में मंगलवार की रात दस बजे मानसिक रूप से विक्षिप्त बालक कहीं से भटक कर कुदरहा पेट्रोल पंप के पास पहुंच गया। वह अपना नाम राहुल व मामा का नाम पन्ने लाल बता रहा था। पुलिस ने बालक का विवरण सोशल मीडिया पर डाला तो रात लगभग 12 बजे परिजनों सोशल मीडिया के सहारे जानकारी हो गई। उसकी पहचान राहुल पुत्र पन्नालाल निवासी रौरापार थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुई।

# सख्ती : कुख्यात बंदियों से मुलाकात की व्यवस्था बदली

■ स्कन्द शुक्ला

- कानपुर दंगे के आरोपी जावेद समेत प्रशासनिक आधार पर यहां निरुद्ध हैं नौ बंदी
- कुख्यात बंदियों के दस-दस संबंधियों का जेल प्रशासन करा रहा वेरीफिकेशन
- मुलाकात जेलर या डिप्टी जेलर और एलआईयू की मौजूदगी में होगी

बस्ती। चित्रकूट जेल के चर्चित विधायक अब्बास अंसारी प्रकरण के बाद प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र जेलों में शिफ्ट किये गये बंदियों से मुलाकात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। स्थानांतरित किए गए बंदियों से मुलाकात करने वालों का अलग से रजिस्टर बनेगा। जिसमें मुलाकाती का फोटो भी चस्पा किया जाएगा।

जिला जेल बस्ती में कानपुर दंगे के आरोपी बहुचर्चित जावेद समेत कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, गोंडा, लखनऊ व सिद्धार्थनगर के नौ बंदी निरूद्ध हैं। सभी प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरित किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक कारागार ने ऐसे बंदियों की मुलाकात को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आम लोगों की मुलाकात तीन स्तरीय तलाशी के बाद ही होगी।

जेलर सतीश त्रिपाठी ने बताया कि कारागार के मुख्य गेट और अंदर प्रवेश करने पर दोनों गेट के बीच तलाशी होगी। मुलाकात के बाद बैरक में आते समय सर्किल के गेट पर भी तलाशी होगी। अन्य बंदियों की सामान्य मुलाकात से पहले या बाद में कुख्यात बंदियों की मुलाकात होगी। मुलाकात जेलर या डिप्टी जेलर और एलआईयू की मौजूदगी में अधिकतम 40 मिनट की होगी। पहले बंदी को फिर मुलाकाती को बुलाया जाएगा। समय समाप्त होने के बाद बंदियों को अलग करके उनकी गिनती की जाएगी। उसके बाद मुलाकातियों को बाहर जाने दिया जाएगा। जिला जेल बस्ती में शिफ्ट नौ बंदियों के दस-दस संबंधियों के वेरीफिकेशन की कार्रवाई शुरू करा दी गई। संबंधित जिले के पुलिस स्टेशन से उनकी रिपोर्ट मांगी गई है।

> प्रशासनिक आधार पर पर स्थानांतरित किए गए बंदियों की मुलाकात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इन बंदियों की मुलाकात अब सामान्य मुलाकात के दौरान नहीं होगी। उनके लिए अलग से मुलाकाती रजिस्टर बनेगा। जिसमें मुलाकाती की फोटो भी चस्पा की जाएगी।
>
> – एके सिंह, डीआईजी कारागार लखनऊ, वाराणसी व गोरखपुर जेल परिक्षेत्र

# गैंगस्टर में वांछित आरोपी गिरफ्तार

हरैंया। हरैंया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि आरोपी दिवाकर दीक्षित निवासी साजूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर को पुलिस टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र के बिहरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

उस पर छावनी थाने में चोरी, पशु तस्करी, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। जिसमें जमानत पर वह छूटा गया था। बाद में उसके खिलाफ छावनी थाने में गिरोहबंद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। बुधवार को एसएचओ के साथ कां. विश्वजीत विश्वकर्मा, उत्सव मौर्या और महिला आरक्षी अंशु मिश्रा की टीम ने आरोपी दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया।

# डॉग स्क्वॉड को लेकर जांच करने पहुंचे एएसपी व सीओ

**फॉलोअप**

**बस्ती, निज संवाददाता।** कलवारी थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम गांव से गायब छात्र का आठ दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। 17 वर्षीय छात्र राजपाल सिंह उर्फ प्रियांशु के साथ कोई अनहोनी होने की आशंका से घबराए परिजन बुधवार को पुलिस कार्यालय पहुंचे और एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी से मुलाकात की।

एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड के साथ एएसपी, सीओ व अन्य अधिकारी गांव पहुंचे। संदेह के आधार पर डॉग स्क्वायड धोबहट गांव के एक घर पहुंचा। उसके बाद गन्ने के खेत तक गया। पूछताछ कर पुलिस अफसरों ने भी जानकारी जुटाई। आसपास के इलाकों में सर्च किया गया। सात मार्च की शाम प्रियांशु के कलवारी मुस्तहकम स्थित घर पर बाइक लेकर एक युवक पहुंचा था, जिसके साथ वह चला गया था। तभी से प्रियांशु का पता नहीं चला। पुलिस को दिए गए तहरीर में किशोर के पिता रंग पाल सिंह ने बताया है कि उनका 17 वर्षीय बेटा राजपाल उर्फ प्रियांशु शहर के सावित्री विद्या विहार में कक्षा 12 का छात्र है। शाम को घर के उत्तर पाकड़ के पेड़ के नीचे से किसी अज्ञात व्यक्ति की बाइक पर बैठकर चला गया। थानेदार आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छात्र की खोजबीन की जा रही है।

# गोवंश से भरे डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा

**सफलता**

**बस्ती/ मुंडेरवा, हिन्दुस्तान टीम।** जिले के मुंडेरवा पुलिस ने गोंडा जनपद से गोवंशीय पशुओं को लेकर गोपालगंज बिहार जा रही डीसीएम को फोरलेन पर बुधवार की सुबह घेराबंदी कर पकड़ लिया। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि डीसीएम से बीस जीवित गोवंशीय बरामद हुए। एक पशु मृत मिला। डीसीएम के साथ तस्करी के एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा भाग निकला। चिकित्सीय परीक्षण के बाद पशुओं को गोशाला कोइलपुरा कप्तानगंज में दाखिल करा दिया गया है। गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।



डीसीएम में ठूस कर भरे गए गोवंशीय पशु।

- फोरलेन पर मुंडेरवा थानांतर्गत खझौला पुलिस चौकी के पास हुई धरपकड़
- रामपुर का रहने वाला मेंहदी हसन गिरफ्तार, 20 गोवंशीय पशु बरामद
- संतकबीरनगर का रहने वाला एक शख्स रास्ते की करता है रेकी

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी मेंहदी हसन निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर ने पूछताछ में बताया कि गोंडा जनपद के मुनकखां चौराहा से नवाबगंज के बीच किसी स्थान से डीसीएम में गोवंशीय पशुओं को लादा गया था। गोपालगंज बिहार के लिए जा रही गाड़ी में उसके साथ रामपुर का रहने वाला इकबाल भी सवार था, जो पकड़े जाने से पहले भाग निकला।

आरोपी ने बताया कि बस्ती जनपद में हर्रैया थाना क्षेत्र से लेकर संतकबीरनगर के बार्डर तक एक शख्स रेकी कर मदद करता है। वह संतकबीरनगर का ही रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना पर बुधवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे खझौला चौकी के पास डीसीएम को पकड़ा गया। डीसीएम का मालिका दानिश भी रामपुर का ही रहने वाला है, जिसने उत्तराखंड में भी घर बनवा रखा है। डीसीएम पर नंबर भी उत्तराखंड राज्य का है। गाड़ी मालिक, रेकी करने वाले समेत कुल चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरार तीन आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस टीमों को लगा दिया गया है। धरपकड़ करने वाली टीम में थाना प्रभारी के साथ चौकी प्रभारी खझौला चन्द्र प्रकाश यादव, हेकां. अली हसन सिद्दिकी, मिथलेश मिश्र, कां. मिथलेश यादव, विशाल चौधरी शामिल रहे।

# गैंगस्टर में वांछित को पुलिस ने पकड़ा

**बस्ती।** कलवारी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी सोनू निवासी गाना थाना कलवारी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। उस पर चोरी के दो मुकदमे इसी थाने में दर्ज हैं। गैंगस्टर में आरोपी सोनू को टीम ने बुधवार को गाना मोड़ से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी चौकी गायघाट द्वारिका प्रसाद चौधरी, हेड कांस्टेबल अरविन्द यादव शामिल रहे।

# धर्मांतरण की अफवाह फैलाने के दो आरोपी गिरफ्तार

**शिकंजा**

**परसरामपुर (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** परसरामपुर पुलिस ने वैमनस्यता/अफवाह फैलाने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार की रात मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि एक आरोपी नूर आलम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बुधवार को टीम ने आरोपी मुस्तकीम निवासी निमाली थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत और याकूब उर्फ अवतार निवासी जगन्नाथपुर टोला उसकवां थाना परसरामपुर बस्ती को सिकन्दरपुर कस्बे से पकड़ लिया।



परसरामपुर पुलिस की गिरफ्त में धर्मांतरण की अफवाह फैलाने के आरोपी।

- परसरामपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर उसकवापुरवा का मामला
- चार नामजद समेत अन्य के खिलाफ दर्ज हुआ था मुकदमा

परसरामपुर थाने पर जगन्नाथपुर निवासी जनार्दन महापात्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि नौ मार्च की रात करीब आठ बजे उसके गांव के अरमान, याकूब उर्फ अवतारे, नूरआलम और गुलाम मोहम्मद पर मुकदमा दर्ज कराया था। प्रकरण में हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास ने मुख्यमंत्री, डीजीपी समेत आधा दर्जन उच्चाधिकारियों को ट्वीट किया था। हरकत में आई परसरामपुर पुलिस ने चार नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया बागपत का रहने वाला आरोपी मुस्तकीम जगन्नाथपुर निवासी याकूब के यहां आकर झाड़फूंक करता है। उसी को पानीपत का बाबा बताकर अफवाह फैलाई गई थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक परसरामपुर रामेश्वर यादव, हेकां. भगवान दास यादव और रिकेश यादव शामिल रहे।

# बाल संरक्षण आयोग ने किशोर की पिटाई पर मांगी आख्या

- राजकीय संप्रेक्षण गृह बस्ती में निरुद्ध किशोर की पिटाई का मामला
- आवास विकास निवासी पिता ने लगाई थी अधिकारियों से गुहार

बस्ती, निज संवाददाता। राज्य बाल संरक्षण आयोग ने राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) में किशोर की पिटाई मामले में डीएम से आख्या मांगी है। किशोर के पिता ने बाल संरक्षण आयोग से उत्पीड़न की शिकायत किया था। इस मामले में संरक्षण गृह के रसोइया का स्थानान्तरण कर दिया गया था। डीएम के निर्देश पर मामले की जांच हो रही है।

शहर के आवास विकास कालोनी निवासी एक किशोर के पिता ने 10 फरवरी 2023 को राज्य बाल संरक्षण आयोग को पत्र भेजकर शिकायत किया था कि उसका पुत्र आईटी एक्ट व पोक्सो में फर्जी तरीके से फंसाया गया है। जिसकी विवेचना चल रही है। मेरा बेटा राजकीय संरक्षण गृह किशोर में 27 दिसंबर 2022 से निरूद्ध है। जब वह 6 फरवरी 2023 को पेशी पर आया तो बताया कि संरक्षण गृह के अधिकारी व कर्मचारी उसकी पिटाई करते हैं। लात-घूंसों से मारते हैं और गर्म पलटे से पेट को जला दिया। उसके साथ अश्लील हरकत भी की जा रही है। उसके साथ हुई मारपीट का फोटो व वीडियो भी बनाकर परिजनों ने आयोग को भेजा। अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने डीएम बस्ती को लिखे पत्र में कहा कि बालक अधिकार संरक्षण आयोग का गठन उनके अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए किया गया है। आयोग को इस प्रकरण की जांच और निस्तारण का अधिकार है। किशोर के पिता ने सुधार गृह के अधिकारियों और उनके सहयोगियों पर शारीनिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। ऐसे में प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह में आख्या आयोग को भेजें।

# गिरफ्तारी से बचने को छिपाई पहचान, केस

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश की अनदेखी करने के आरोप में मुकदमा कायम किया है। एसएचओ शैलेष कुमार सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि आरोपी अजय उर्फ लगड़ा निवासी तुलसीपुर मांझा नवाबगंज जिला गोंडा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान छिपा ली। ऐसा कर उसने न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# केस लिखाने को लेकर मारपीट

बस्ती। दुबौलिया थाने में तहरीर देकर उभाई निवासी गायत्री देवी ने आरोप लगाया है कि विपक्षी सात मार्च को केस लिखाने की बात को लेकर घर में घुस गए। उन्हें व उनके पति चन्दू निषाद को अपशब्द कहा। घर में तोड़फोड़ की और बक्से में रखे 22 सौ रुपये निकाल लिया। पुलिस ने गांव निवासी हीरालाल, राहुल, गीता, गायत्री और दीपा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पत्नी व बेटी को धमकाया, केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर पति पर केस दर्ज किया है। रुधौली के मुगरहा निवासी हसीबा खातून का आरोप है कि उनके पति मकसूद अली ने उन्हें व उनकी बेटियों को अपशब्द कहा। ऐसा करने से मना करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शांतिभंग में आठ लोगों को भेजा जेल

**जासं, हरैंया, बस्ती:** बुधवार को हरैंया एसडीएम गुलाबचंद ने शांतिभंग के मामलों में छह लोगों को जमीन विवाद तथा दो लोगों को मतांतरण की अफवाह फैलाने के आरोप में जेल भेज दिया है। एसडीएम गुलाब चंद्र ने बताया कि पैकोलिया थाना क्षेत्र के मुसही गांव में दो पक्षों के बीच जमीन विवाद में प्रथम पक्ष के राहुल, दीपक, मुकेश व रामकिशुन तथा दूसरे पक्ष के रमेश कुमार, राजेश वहीं परशुरामपुर थाना क्षेत्र जगन्नाथपुर गांव में मतांतरण के आरोप में याकूब तथा बागपत जनपद के निमाली गांव निवासी मुस्कीम को पुलिस ने चालान किया।

पंजा
पंजीकृ
कारपोरेट पहचान स
निविदा पूछताछ सं.

# घर में घुसकर मारपीट के मामले में मुकदमा

**बस्ती :** उभाई गांव की रहने वाली गायत्री देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी सात मार्च को मुकदमा लिखाने की बात को लेकर उनके घर में घुस गए। उन्हें व उनके पति चंदू निषाद को अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर मारा पीटा व घर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव निवासी हीरालाल, राहुल, गीता सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपित गिरफ्तार



हरैंया थाने में गिरफ्तार गैंगस्टर का आरोपित ●जागरण

**जासं, हरैंया, बस्ती :** छावनी थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित आरोपित दिवाकर दीक्षित निवासी साजूपार थाना खजनी जनपद गोरखपुर को हरैंया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे बुधवार की दोपहर बिहरा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। छावनी में दर्ज इस मुकदमे की विवेचना हरैंया थाने के प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह कर रहे थे। बताया कि आरोपित काफी दिनों से वांछित चल रहा था। आरोपित पर परशुरामपुर थाना में एक व छावनी थाने में दो आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## रोडवेज के पास से बाइक चोरी, मुकदमा

**बस्ती :** मुरलीजोत मोहल्ला निवासी विजय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 27 फरवरी को वह अपनी बाइक गिरिराज होटल के पास खड़ी किए थे। लौटे तो बाइक गायब थी। पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपाई पहचान

**बस्ती :** हर्रैया पुलिस ने कोर्ट के आदेश की अनदेखी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि लूट, माल बरामदगी और जानमाल की धमकी देने के मामले से संबंधित आरोपित अजय उर्फ लंगड़ा निवासी तुलसीपुर मांझा थाना नवाबगंज जिला गोंडा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान छिपा ली। ऐसा कर उसने न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया। उसके खिलाफ न्यायालय के आदेश की अवहेलना का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जनसमस्याओं का शीघ्र करें निस्तारण

**जासं, कप्तानगंज, बस्ती:** पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंगलवार की देररात 11.45 बजे कप्तानगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय आदि का भ्रमण किया। वह लगभग 45 मिनट तक थाने पर मौजूद रहे।



कप्तानगंज थाना का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी •जागरण

एसपी ने थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। थाना परिसर में पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिया कि वे हर हाल में जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिसकर्मियों को आगंतुकों के साथ शालीनतापूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिये।

# मतांतरण की अफवाह फैलाने के दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** परशुरामपुर थाने के जगन्नाथपुर ग्राम पंचायत के उसकवां टोला में एक व्यक्ति के मतांतरण की अफवाह फैलाने के मामले में मुकदमा दर्ज करने के बाद दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



परशुरामपुर थाने में पकड़े गए मतांतरण के आरोपित व पुलिस टीम •जागरण

गिरफ्तार आरोपितों में मुस्तकीम उर्फ मुस्लिम बाबा निवासी निमाली, कोतवाली व जनपद बागपत व याकूब उर्फ अवतार निवासी जगन्नाथपुर टोला उसकवां थाना परशुरामपुर शामिल हैं। मामले में एक आरोपित को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जगन्नाथपुर बसकवां टोला निवासी जनार्दन प्रसाद महापात्र ने 12 मार्च को परशुरामपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि नौ मार्च की रात में आठ बजे उनके गांव के अरमान, याकूब उर्फ अवतार, नूरआलम व गुलाम मोहम्मद ने उनके भाई रामकुमार उर्फ रामू की मोबाइल से फोटो खींचकर उसे इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। फोटो पर लिखा कि पानीपत से जो मुस्तकीम उर्फ मुस्लिम बाबा आए थे उन्होंने उसे कलमा पढ़ाकर पक्का मुसलमान बना दिया है। बताया कि उनके भाई रामू की दिमागी हालत ठीक नहीं है, ऐसे में आरोपितों ने उसे टोपी पहनाकर, फोटो वायरल कर विभिन्न वर्गों में शत्रुता व वैमनस्य का भाव पैदा किया।

प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर यादव ने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसी दिन आरोपित नूर आलम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया था। दो आरोपितों मुस्तकीम व याकूब को बुधवार सिकन्दरपुर कस्बे से दिन में 1.30 बजे गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा हेड कांस्टेबल भगवान दास यादव व राकेश यादव शामिल रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित गिरफ्तार

**गायघाट, बस्ती:** कलवारी पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है।गायघाट चौकी इंचार्ज द्वारिका प्रसाद चौधरी और उनकी टीम ने नगर थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे फरार चल रहे आरोपित को बुधवार को गाना गांव के मोड़ से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित आरोपित सोनू निवासी ग्राम पंचायत गाना थाना कलवारी अपने गांव के मोड़ के पास मौजूद है। ऐसे में उन्होंने हेड कांस्टेबल अरविंद यादव के साथ मौके पर पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। (जासं)

# पशुओं के साथ चालक गिरफ्तार

## डीसीएम रोककर 21 गोवंशीय पशु किए गए बरामद,एक मृत मिला

**जागरण संवाददाता, पुरानी बस्ती :** मुंडेरवा पुलिस ने फोरलेन पर थाना क्षेत्र के खझौला पुलिस चौकी के पास बस्ती-गोरखपुर लेन पर एक डीसीएम को रोककर उसमें लदे 21 गोवंशीय पशु बरामद किए हैं। इनमें एक मृत पाया गया। मौके से डीसीएम चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामद गोवंशीय पशुओं को बृहद गो संरक्षण केंद्र कोईलपुरा भेजा गया है।

मुंडेरवा थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही ने बताया कि एक सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह 6.30 बजे वह और उनकी टीम के साथ ही खझौला चौकी प्रभारी चंद्र प्रकाश यादव व उनकी टीम ने चौकी के पास बस्ती की ओर से आ रहे एक डीसीएम को रोका। जांच करने पर डीसीएम में गोवंशीय पशु मिले। उन्हें मुक्त कराया गया। इसके साथ ही डीसीएम चालक मेंहदी हसन निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाइन जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

बरामद गोवंशीय पशुओं का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया गया। एक मृत गोवंशीय पशु को दफन कराया गया। आरोपित पशु तस्कर मेंहदी हसन के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम के साथ ही पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।



डीसीएम में लादे गए गोवंशीय पशु ●जागरण

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गोवंश गोंडा से गोपालगंज, बिहार ले जाए जा रहे थे। चालक को गिरफ्तार अभी और पूछताछ की जा रही है। आरोपित पशु तस्कर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल अली हसन सिद्दीकी, मिथलेश मिश्र, मिथलेश यादव व विशाल चौधरी शामिल रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 70 हजार रुपये की ठगी

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** नगर थाना क्षेत्र के संसारपुर निवासी जितेंद्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर उनसे तीन लोगों ने 70 हजार रुपये ले लिया और अब रकम वापस मांगने पर उल्टे फर्जी मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

पत्र में जितेंद्र कुमार ने बताया है कि एफसीआइ बस्ती में नौकरी लगाने के नाम पर तीन व्यक्तियों ने उनसे 70 हजार रुपये ले लिया। बाद में उन्हें न तो नौकरी दिलवाई और न ही उनके रुपये वापस किए।

मामले में तीन जनवरी 2023 को कोतवाली थाने को रजिस्टर्ड

**एफसीआइ में नौकरी लगाने के नाम पर तीन लोगों ने लिए थे रुपये अब मांगने पर मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की दे रहे धमकी**

शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई, किंतु मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस बीच आरोपित उन्हें रुपये लौटाने का आश्वासन देते रहे, मगर उन्होंने रुपये वापस नहीं किए।

आरोपित अब उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मांग किया कि धोखाधड़ी करने वाले इस गिरोह का शीघ्र ही पर्दाफाश करके इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर उनका रुपये वापस दिलाया जाए।

# गैंगस्टर का वांछित पशु तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती।** हरैंया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट मामले में वांछित आरोपी दिवाकर दीक्षित को बुधवार को थानाक्षेत्र के बिहरा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। सीओ हरैंया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि आरोपी दिवाकर दीक्षित निवासी साजूपार थाना खजनी गोरखपुर पर छावनी थाने में चोरी, पशु तस्करी, पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामले दर्ज थे। वह जमानत पर छूट गया था। बाद में उसके खिलाफ छावनी थाने में गिरोहबंद अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। संवाद

# धर्मांतरण की अफवाह फैलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** परशुरामपुर थानाक्षेत्र के जगरनाथपुर निवासी एक व्यक्ति के धर्म परिवर्तन की अफवाह उड़ाने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उनमें मुस्तकीम उर्फ मुस्लिम बाबा निवासी निमाली थाना कोतवाली बागपत और याकूब उर्फ अवतार निवासी जगन्नाथपुर टोला उसकवां थाना परशुरामपुर शामिल हैं। एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

इस संबंध में सोमवार को जगन्नाथपुर निवासी जनार्दन प्रसाद महापात्रा ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को रात्रि में आठ बजे उसके गांव के अरमान, याकूब उर्फ अवतारे, नूरआलम और गुलाम मोहम्मद ने मोबाइल से फोटो खींचकर यह लिखते हुए फेसबुक, इंस्टाग्राम व वाट्सएप में पोस्ट कर दी कि पानीपत से आए एक बाबा ने रामू पंडित यानी आवेदक के भाई का धर्म परिवर्तन किया है।

# छात्र का छह दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

## सात मार्च को किसी की बाइक पर बैठकर घर से निकला था बारहवीं कक्षा का विद्यार्थी प्रियांशु

संवाद न्यूज एजेंसी

**कलवारी।** नौ मार्च को लापता हुए थाना क्षेत्र के कलवारी मुस्तहकम निवासी छात्र राजपाल सिंह उर्फ प्रियांशु (17) का अब तक पता नहीं चल सका। किसी अनहोनी के डर से घबराए परिवार के लोगों ने बुधवार को एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी से मुलाकात की।

इसके बाद डॉग स्क्वायड के साथ एएसपी, सीओ व अन्य अधिकारी गांव में पहुंचे। संदेह के आधार पर डॉग स्क्वायड धोबहट गांव के एक घर पहुंचा। एक व्यक्ति के घर के अंदर जाने के बाद कुत्ता उसके गन्ने के खेत तक गया। वापस आकर फिर घर के अंदर गया। थाने में बैठकर अधिकारियों ने काफी देर तक इस पर मंथन किया, लेकिन वे किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सके।

बता दें कि नौ मार्च शाम को प्रियांशु के कलवारी मुस्तहकम स्थित घर पर बाइक लेकर एक युवक पहुंचा, जिसके साथ वह चला गया। तभी से प्रियांशु का पता नहीं चला है। पुलिस को दी गई तहरीर में किशोर के पिता रंग पाल सिंह ने बताया कि उनका बेटा सावित्री विद्या विहार में कक्षा 12 का छात्र है। शाम को घर के उत्तर पाकड़ के पेड़ के नीचे से किसी व्यक्ति की मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव के पश्चिम की तरफ चला गया।

काफी देर के बाद जब वह नहीं आया तो खोजबीन शुरू की गई।

### घर में मिला मोबाइल

प्रियांशु का पता लगाने में पुलिस को काफी दिक्कतें आ रही हैं। इसका कारण यह है कि एक तो वह अपना मोबाइल घर पर छोड़कर गया है। दूसरे वह खुद ही किसी की बाइक पर बैठकर निकला था। परिवार के लोग भी किसी पर संदेह नहीं जता रहे हैं, और न ही कोई दुश्मनी सामने आई है।

### मोबाइल के एक मैसेज से उलझी गुत्थी

प्रियांशु के मोबाइल की जांच में एक मैसेज मिला है, जिसके कारण प्रकरण प्रेम प्रसंग से जोड़कर देखा जाने लगा है। सूत्रों के मुताबिक वह मैसेज एक लड़की का है, जो प्रियांशु के साथ पढ़ती है। पुलिस इस पहलू पर भी जांच कर रही है।

# थाने में आगंतुकों से शालीन व्यवहार करने की नसीहत

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज (बस्ती)।** एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने मंगलवार आधीरात को कप्तानगंज थाने का निरीक्षण किया। एसपी के पहुंचते ही थाने में अफरा तफरी मच गई।

एसपी ने सबसे पहले थाना परिसर, बैरक, मालखाना, कार्यालय आदि की व्यवस्था देखी। अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया।

थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस अधीकारी, कर्मचारी के साथ बैठक कर उन्हें निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही बैंक सुरक्षा पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाले आगंतुकों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनें।



कप्तानगंज थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी। संवाद

# साइड न देने को लेकर विवाद स्कूल संचालक ने की फायरिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुरानी थानाक्षेत्र के सोनहटी बुजुर्ग में बच्चों को लाने गई स्कूल वैन को साइड देने को लेकर बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे विवाद हो गया। मामला गरमाता देख वाहन चला रहे स्कूल संचालक अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से फायरिंग करने लगा। उसने दो गोलियां चलाईं, मगर गनीमत रही कि कोई घायल नहीं हुआ।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। सीओ सिटी आलोक प्रसाद ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी पिस्तौल भी कब्जे में ले ली गई है।

## कोई हताहत नहीं, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा, लाईसेंसी पिस्तौल बरामद

पुरानी बस्ती थाने के रमवापुर स्थित प्रभादेवी बालिका इंटर कॉलेज के संचालक बरदहिया निवासी राजमणि चौधरी बुधवार को वैन लेकर स्कूल के बच्चों को लाने गए थे। सुबह करीब साढ़े नौ बजे सोनहटी बुजुर्ग गांव के पास सड़क पर आगे राशन लदी ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी थी, जिसे हटाने को लेकर ट्रैक्टर के मालिक सद्दाम हुसैन निवासी सोनहटी बुजुर्ग से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि इसी बीच स्कूल संचालक ने अपनी लाइसेंसी पिस्तौल से दो राउंड फायर कर दिए। गनीमत रही कि गोली सद्दाम हुसैन को न लगकर सामने अर्धनिर्मित मकान की दीवार में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर गांव के लोग पहुंच गए। कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाते हुए राजमणि चौधरी से पिस्तौल छीन ली, और पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दी।

थोड़ी देर में सीओ सिटी आलोक प्रसाद, पुरानी बस्ती थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, हड़िया पुलिस चौकी इंचार्ज रमेश यादव फोर्स के साथ पहुंच गए। घटनाक्रम के बाद तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया है।

# कार्य बहिष्कार कर बिजली कर्मचारियों ने दिया धरना

### तीन दिन की दी चेतावनी, प्रबंधन की हठवादिता से हड़ताल के लिए बाध्य बिजलीकर्मी, आंदोलनकारियों को दी जा रही धमकी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कार्यालय पर बुधवार को अभियंताओं व कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर सभा किया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 16 मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल होगी। बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबंधन की हठवादिता के चलते बिजलीकर्मियों को हड़ताल के लिए बाध्य होना पड़ रहा है।

तीन दिसम्बर 2022 को हुए समझौते में ऊर्जा मंत्री की ओर से 15 दिन का समय मांगा गया था अब 112 दिन व्यतीत हो गये हैं और समझौते के प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन की दिशा में कुछ भी कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**16** मार्च की रात 10 बजे से 72 घंटे की सांकेतिक हड़ताल होगी

**2022** दिसंबर को समझौते में ऊर्जामंत्री की ओर से 15 दिन का मांगा गया था समय



मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कार्यालय पर धरना देते अभियंता व कर्मचारी • जागरण

ओबरा, अनपरा की 800-800 मेगा वाट की नई इकाइयों को उत्पादन निगम से छीन कर एनटीपीसी को दिये जाने, पारेषण के निजीकरण को रोकने व अन्य न्यायोचित मांगों के सार्थक समाधान किये जाने की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन कर रहे बिजलीकर्मियों को पुलिस उत्पीड़न की धमकी दी जा रही है।

अरुण कुमार उपाध्याय, मनोज कुमार यादव, मोहम्मद मेहताब, विक्रांत सिंह, राम बहादुर, रामतीरथ, संजीव पांडेय, अभय सिंह, नकुल चौधरी, राम सकल मौर्या, अभिषेक कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हुए समझौते को लागू कराने के लिए प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की है। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## बिजली उपकेंद्रों पर सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस टीम

**दुबौलिया, बस्ती:** 15 सूत्री मांगों को लेकर बिजली कर्मियों द्वारा हड़ताल का अल्टीमेटम दिए जाने के बाद पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार सतर्क हो गए हैं। बिजली आपूर्ति जारी रखने और उपकेंद्रों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसको लेकर प्रशासन और पुलिस महकमा सतर्क है। बुधवार को बिजली उपकेंद्रों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। केंद्रों पर किसी प्रकार की अव्यवस्था और विवाद न हो इसके लिए पुलिस टीम व अन्य जिम्मेदारों को तैनात किया गया है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने बुधवार को कार्य बहिष्कार किया। समिति ने गुरुवार रात दस बजे से 72 घंटों के लिए हड़ताल की चेतावनी दी है। प्रशासन ने उपकेंद्रों पर वैकल्पिक इंतजाम के लिए लोक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों की अस्थाई तौर पर तैनाती उपकेंद्रों पर की गई है। बिजली उपकेंद्र दुबौलिया पर खंड विकास अधिकारी गौर अनिल कुमार दुबे, थानाध्यक्ष कप्तानगंज सहित ने पहुंचकर जानकारी लिया। उपकेंद्र पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस टीम लगा दी गई है।



विद्युत उपकेंद्र दुबौलिया पर जानकारी लेते खंड विकास अधिकारी गौर अनिल कुमार यादव व थानाध्यक्ष कप्तानगंज सहित उपस्थित • जागरण

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

# धोखाधड़ी कर लाखों ठगने का आरोप

बढ़नीचाफा ( एसएनवी)। रामबरन पुत्र स्व. साहेबराम की पत्नी, रामपाल शर्मा पुत्र



रामब होरे, कुलसुमा पत्नी सिराजुद्दीन समेत लगभग बढ़नीचाफा नगर पंचायत के एक दर्जन लोगों ने दुवा ताबीज के नाम पर लाखों के जेवर व 6 लाख नगद रुपये की ठगी और धोखाधड़ी करने का सम्सुलकमर पुत्र फकीर मोहम्मद ग्राम बांक मलमलिया, गौरियतडीह उतरौला जिला बलरामपुर पर आरोप लगाया है। अपने तहरीर में रामबरन की पत्नीने उक्त मौलाना को उसके पुत्र के मर जाने की धमकी दे कर एक बीघा जमीन भी बेचवाने का भी आरोप लगाया है साथ ही उपस्थित लोगों ने बताया कि यह मौलाना क्षेत्र में काफी दिनों से सक्रिय है गांव की भोलीभाली महिलाओं को दुवा ताबीज के नाम पर बहला फुसला कर आर्थिक शारीरिक शोषण कर रहा है और अन्धविश्वास को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। किसी को बताने की स्थिति में जान से मारने की धमकी देता है। इन लोगों को ठगने के बाद यह काफी दिनों से गायब था और इनका फोन नही उठा रहा था आज बाजार में रामबरन की पत्नी ने बाजार में इस मौलाना को देखा तो गुहार लगाकर लोगों को इकट्ठा कर लिया। उपस्थित लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में अन्य लोगों को भी इस आरोपी के द्वारा ठगे जाने का समाचार मिल रहा है। मौके पर आरोपी के पास से 2घडाघ पीतल का और मिट्टी जो कि कपड़े में बंधा था बरामद हुआ है। आरोपी को पकड़ कर लोगों ने भवानी गंज पुलिस को सौंप दिया है।

# पेंशन बहाली को लेकर धरना 21 को

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि इस साल पेंशन बहाली के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन प्रस्तावित है। राष्ट्रीय मंच का गठन हो चुका है। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर 21 मार्च को जिला मुख्यालय पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रव्यापी आंदोलन में रेलवे सहित पांच सौ संगठन शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि एक दिवसीय धरना 17 मार्च को विकास भवन सभागार में बैठक कर रणनीति तय की जाएगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया पथरा बाजार थाने का निरीक्षण

**पथरा बाजार (एसएनबी)।** बुधवार को पथरा बाजार थान्हे का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पथरा बाजार पुलिस की कार्यप्रणाली से संतुष्ट दिखे।बुधवार को पूर्व निर्धारित सूचना के आधार पर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने थाना परिसर पहुंच



नवनिर्माणाधीन आरक्षी आवास का निरीक्षण करते तथा पुलिस से असलहों को चलाने के बारे में जानकारी लेते अपर पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

कर सर्व प्रथम नव निर्माणाधीन आरक्षी आवास, मालखाना, कार्यालय आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था द्वारा निर्माण में फाटक व जंगलों में कुंडी आदि मानक के अनुरूप न पाए जाने पर थानाध्यक्ष राजकुमार राजभर को कार्यदाई संस्था से मानक अनुरूप लगवाए जाने का निर्देश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने पुराने भवनों के बाहर कुछ लटक रहे तारों को ठीक कराए जाने की बात कही। उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों से असलहों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए तमाम प्रकार की आवश्यक सावधानियों को बताया। अपर पुलिस अधीक्षक कागजातों के रखरखाव,साफ सफाई पुलिस की कार्यप्रणाली पर थानाध्यक्ष के प्रति संतुष्ट दिखे। इस दौरान उप निरीक्षक, जावेद अहमद, राघवेन्द्र यादव, सत्यदेव, दयाशंकर तिवारी, आरक्षी वीरेंद्र सिंह, राहुल,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कपिलवस्तु पहुंचा कोरियाई बौद्ध भिक्षुओं का दल



बुधवार को कपिलवस्तु में कोरियाई बौद्ध भिक्षुओं के सदस्य को स्वागत करते डीएम संजीव रंजन।

- मुख्य स्तूप और गनवरिया राजमहल समेत अन्य प्रमुख स्थलों को देखा
- दल के धम्मयात्रा का अगला पड़ाव भगवान बुद्ध की भूमि श्रावस्ती होगा

### प्रत्येक 25 किमी पर धर्मसभा का आयोजन

दल के साथ चल रहे दिल्ली के गाइड ने बताया कि तीर्थ यात्रियों का यह दल 43 दिनों की यात्रा के दौरान 1170 किमी की लंबी दूरी तय करेगा। बताया कि उत्तर प्रदेश और बिहार में बौद्ध पवित्र स्थलों और नेपाल में लुंबिनी में बुद्ध की जन्मस्थली का दौरा कर चुके हैं। इस दौरान प्रत्येक 25 किमी पर संतों का दल धर्मसभा का आयोजन भी करा रहा है।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। भारत और दक्षिण कोरिया के बेहतर संबंध के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में कोरिया से आए 108 बौद्ध भिक्षुओं का दल बुधवार को भगवान बुद्ध की क्रीड़ास्थली कपिलवस्तु पहुंचा। इस दौरान सदस्यों ने मुख्य स्तूप और गनवरिया स्थित राजमहल समेत अन्य प्रमुख स्थलों को देखा। 43 दिवसीय धम्मयात्रा का अगला पड़ाव भगवान बुद्ध की भूमि श्रावस्ती होगा।

बुधवार को नेपाल स्थित भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुंबिनी से जिले के ककरहवा बॉर्डर पर एसडीएम सदर डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने दक्षिण कोरियाई बौद्ध तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। इसके बाद पैदल मार्च करते हुए दल के सदस्य कपिलवस्तु पहुंचे, जहां सभी ने मुख्य स्तूप पर मत्था टेका और गनवरिया स्थित राजमहल का भ्रमण कर अहम जानकारी ली। सलारगढ़ में अस्तबल के भग्नावशेष को देखा। मझौली सागर का मनोरम दृश्य देखा।

**धर्मसभा में शामिल हुए डीएम-एसपी :** कपिलवस्तु में आयोजित धर्मसभा कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डीएम ने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिण कोरिया के बौद्ध जोग्ये संघ के उद्गम की जड़ें भारत में हैं। भारत के बौद्ध आचार्य बोधि धम्म बुद्ध के धम्म को चीन लेकर गये थे। चीन में उनके शिष्य हुईनेंग के माध्यम से बुद्ध की ध्यान परंपरा ने दक्षिण कोरिया में प्रवेश किया। दल में शामिल कोरियन धर्म गुरु छासंग ने बताया कि यात्रा के दौरान इन स्थलों पर पहुंचकर जहां भगवान बुद्ध से प्रार्थना कर रहे हैं, वहां भारत और कोरिया के लोगों की समृद्धि एवं स्वास्थ्य की कामना भी कर रहे हैं। इस पैदल यात्रा में बौद्ध भिक्षु उन सभी स्थलों पर जा रहे हैं जो भगवान बुद्ध से जुड़े हुए हैं। इस मौके पर एसपी अमित कुमार आनंद, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र, सीओ अखिलेश वर्मा, बीडीओ सुरेश कुमार आदि मौजूद थे। एसडीएम ने बताया कि दल गुरुवार को भी जिले में भ्रमण पर रहेगा। शुक्रवार की सुबह श्रावस्ती के लिए रवाना होगा।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में जनपद को दूसरा स्थान

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में बस्ती परिक्षेत्र में जनपद को दूसरा स्थान मिला है। कुल 3057 लोगों ने अपना फीडबैक दिया।

पुलिस की रेटिंग 82.12 प्रतिशत पाकर दूसरे स्थान पर रही। जबकि 87.13 प्रतिशत अंक के साथ बस्ती पुलिस ने प्रथम स्थान हासिल किया है। संतकबीरनगर पुलिस 80.97 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

सिद्धार्थनगर पुलिस की कार्यप्रणाली को 97.20 प्रतिशत लोगों ने अति उत्तम बताया है। जबकि 76.9 प्रतिशत लोगों ने पुलिस की कार्यप्रणाली को संतोषजनक माना है। आइजीआरएस से जुड़े मामलों पर 54.2 प्रतिशत लोगों ने संतुष्टि जताई है।

## एक नजर में

# ओवरब्रिज के नीचे मिला शव

सिद्धार्थनगर : सदर पुलिस ने बुधवार को शहर के ओवरब्रिज के नीचे एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 55 वर्षीय कमला चौधरी पुत्र बदरी निवासी सकतपुर सनई के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक सदर सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जितेंद्र कुमार चौधरी पुत्र हरिश्चंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मृतक उसके चाचा थे। वह आंख से अंधे और मानसिक रूप से विक्षिप्त थे। कुछ समय से वह इधर-उधर भीख मांगकर गुजारा करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। (जासं)

# कर्मियों को सिखाया असलहा चलाने का गुर

पथरा : अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बुधवार को कर्मियों को असलहा चलाने का गुर सिखाया। थाने में स्थापित विभिन्न इकाइयों का सघन जांच भी किया। परिसर को बाउंड्री विहीन देख थानाध्यक्ष से निर्माण का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। एएसपी बुधवार को वार्षिक निरीक्षण करने पथरा थाने पहुंचे थे। (जासं)

**गायब बालक मिला :** इटवा, कठेला समय माता थाना क्षेत्र की झकहिया निवासी आबिदा पत्नी अजहरुद्दीन ने अपने पांच वर्षीय बेटे के बाजार से गुम होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांडेय की अगुवाई में बालक को आधे घंटे के अंदर बरामद कर स्वजन को सौंप दिया। वह तहसील रोड पर भटकता हुआ पुलिस को मिला।

# ठगी करने वाले मौलाना को ग्रामीणों ने पकड़ा

**जासं, बढ़नीचाफा, डुमरियागंज :** दुआ ताबीज करने वाले मौलाना को बुधवार को नगर पंचायत बढ़नीचाफा के लोगों ने दबोच लिया। मौलाना बलरामपुर जनपद का निवासी है। स्थानीय लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर तहरीर दी है। मौलाना ने नगर पंचायत के कई लोगों से दुआ व झाड़फूंक के नाम पर पैसा व जेवर ले लिया है।

बढ़नीचाफा नौकाडीह के लोगों ने गौरियनडीह थाना उतरौला जिला बलरामपुर के निवासी मौलाना समसुद्दीन को उस वक्त पकड़ लिया जब वह जरूरी खरीदारी के लिए बाजार पहुंचा था। लोगों ने उसे पुलिस को सौंपा व लिखित तहरीर में



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

रामबरन, रामपाल शर्मा, कलससुमा ने आरोप लगाया कि दुआ ताबीज के नाम पर उनसे तीन तोला सोना व डेढ़ लाख रुपये नकद ले लिया। इस व्यवस्था में उन्हें अपनी जमीन तक बेचनी पड़ी। रामपाल व कुलसुमा ने कहा कि उनके घर से जिन्न बाधा दूर करने के नाम पर हजारों रुपये उनसे लिए गए, लेकिन समस्या बरकरार है। लोगों ने पुलिस से पैसा व जेवर वापस दिलाने की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष भवानीगंज शिव नारायण ने बताया कि तहरीर मिली है, जांचकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**दो के खिलाफ हुई गुंडाएक्ट की कार्रवाई** : जनपद पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ गुंडाएक्ट की कार्रवाई की है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कपिलवस्तु थाना पुलिस ने इरफान अहमद पुत्र नसीम अहमद निवासी बिहरी व ढेबरूआ थाना पुलिस ने सहराज गौतम पुत्र इंद्रसेन निवासी बैरिहवा के खिलाफ गुंडाएक्ट की कार्रवाई की है।

# लटके बिजली के तार को सही कराने के निर्देश



पथरा बाजार थाना के असलहे चलाने की जानकारी देते एएसपी सिद्धार्थ। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पथरा।** अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बुधवार को पथरा बाजार थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। पुराने भवन के बाहर लटके बिजली के तार को सही कराने को कहा गया। पुलिस की कार्यप्रणाली से वह संतुष्ट दिखे।

एएसपी सिद्धार्थ ने नव निर्माणाधीन आरक्षी आवास, मालखाना, कार्यालय का निरीक्षण किया। फाटक व जंगलों में कुंडी आदि मानक के अनुरूप न पाए जाने पर थानाध्यक्ष राजकुमार राजभर को कार्यदायी संस्था से मुकम्मल काम कराने के लिए निर्देश दिया। फालोअर से मेन्यू के बारे में पूछा तो वह सही जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस कर्मियों से असलहों के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए सावधानियों को बताया।

इस दौरान उप निरीक्षक जावेद अहमद, राघवेन्द्र यादव, सत्यदेव, दयाशंकर तिवारी, वीरेंद्र सिंह, राहुल मौजूद रहे।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2023

# मारपीट पर उतारू छह महिलाओं समेत चौदह गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त मे विवाद पर उतारू गिरफ्तार महिलाएं।

धनघटा।

सहारा न्यूज ब्यूरो

धनघटा पुलिस ने बुधवार को अलग-अलग गांवों में मारपीट पर उतारू 6 महिलाओं समेत कुल चौदह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष की महिलाएं बुधवार को विवाद कर रही थी जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बातचीत कर विवाद का समाधान कराने के लिए सभी महिलाओं को थाने पर बुलाया। थाने पर पुलिसकर्मी महिलाओं से बातचीत शुरू ही किए थे कि पुलिस के समक्ष ही सभी महिलाएं आक्रामक हो गयी और मारपीट करने लगी तो महिला पुलिस ने मारपीट पर उतारू मिश्रौलिया गांव निवासी प्रेमशीला पत्नी मनोज कुमार, किताबी देवी पत्नी राजनाथ, बिन्दू देवी पत्नी विन्ध्याचल, शशिकला पुत्री विन्ध्याचल, शारदा पत्नी सुग्रीव तथा विद्यावती पत्नी अघोर को गिरफ्तार कर लिया।

**सभी गिरफ्तार थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के हैं निवासी**

इसी क्रम में वराव गांव में जमीनी विवाद को की लिखित शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को गांव निवासी दोनों पक्षों के सद्दाम पुत्र जब्बार, जब्बार पुत्र असगर अली, तैयब पुत्र हसन तथा ताहिर पुत्र तैयब को थाने पर बुलाया था। पुलिस विवाद को लेकर वार्ता कर ही रही थी कि दोनों पक्ष पुलिस के समक्ष ही एक दूसरे पर हमलावर हो गए तो पुलिस ने दोनों पक्ष के उक्त सभी चारो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसी क्रम में खेत में फसल नुकसान को लेकर प्राप्त लिखित शिकायत पर पुलिस ने हैंसर गांव निवासी सेराज व मेराज पुत्रगण खुर्शजा तथा हैंसरी गांव निवासी राजकुमार पुत्र रामदरश को थाने पर तलब किया था तो थाने पर ही दोनों पक्ष एक दूसरे के उपर आक्रामक हो गए तो विवाद बढ़ता देख पुलिस ने उक्त तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र के खुशियाली गांव में दो पक्षों के बीच सम्पत्ति बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद में गांव निवासी करन पुत्र रामसुमेर, शिवकुमार पुत्र बुद्दू व रामसुमेर पुत्र रामअधीन के बीच विवाद हो रहा था जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने विवाद को शान्त कराने का पूरा प्रयास किया लेकिन पुलिस के समक्ष ही दोनों पक्ष मारपीट पर उतारू हो गए तो पुलिस ने उक्त सभी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचा दिया।

देर शाम पुलिस ने गिरफ्तार उक्त सभी आधा दर्जन महिलाओं समेत कुल 15 लोगों के विरूद्ध सीआरपीसी की धारा 151,107,116 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को चालान एसडीएम न्यायालय भेज दिया है।

# पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत हुई छात्राएं

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय में बघौली विकास



खण्ड की कन्या जूनियर हाईस्कूल से आयी छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। साथ ही साइबर अपराधों के बारे के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं उनके सवालों के जवाब दिए गए। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा जनपदीय पुलिस की कार्यप्रणाली से स्कूली बच्चों को अवगत कराने हेतु एक्सपोजर विजिट के दौरान बघौली विकास खंड के कन्या जूनियर हाई स्कूल से आयीं छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित छात्राओं को महिला सुरक्षा तथा साइबर से सम्वन्धित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए इन्टरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संवंध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड, एटीएम कार्ड बदलकर होने वाले फ्रड, डेबिट कार्डध्क्रेडिट कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्राड, बायोमैट्रिक फ्रड, यूपीआई सम्बन्धी फ्राड, फोन काल के माध्यम से होने वाले फ्रड, पालिसी, चिट फण्ड,लाटरी का लालच देकर होने वाले फ्रड, आनलाइन एप्प के माध्यम से सामान खरीदने व बेचने से सम्बन्धित फ्राड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों के बारे में के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया व उनके सवालों के जवाब दिए गए। इस मौके पर प्रधानाचार्या निशा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**बखिरा (एसएनबी)।** थाना बखिरा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा व साइबर अपराध के प्रति स्कूल के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया। यह जागरुकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन के क्रम में साइबर अपराध पर प्रभावी नियत्रंण हेतु चलाया गया। वरिष्ठ उनि थाना बखिरा प्रमोद यादव ने बताया कि थाना बखिरा पुलिस द्वारा कम्पोजिट विद्यालय पचेठी में उपस्थित अध्यापकों व छात्रध्छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर के प्रति जागरुक किया। छात्रों को जागरुक करते हुए बताया गया कि अपने खाते से सम्बंधित या अन्य ओटीपी/पासवर्ड आद्रि व्यक्तिगत/गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा लुभावने अफर आदि को बिना जांचे परखे किसी लिंक या अप्लीकेशन पर भुगतान न करें, यह अनलाइन धोखाधड़ी तरीका हो सकता है। उन्होंने बताया कि आप स्वयं जागरूक रहें तथा अपने आस-पास के अधिक से अधिक लोगों में यह जानकारी साझा करें जिससे किसी भी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी न हो सके।

# पुलिस कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**मेंहदावल (एसएनबी)।** बुधवार को थाना मेंहदावल के परिसर में क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव की उपस्थिति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डक्टर रोशनी गोस्वामी द्वारा थाना मेंहदावल के सभी कर्मचारी एवं आमजनमानस का परीक्षण करते हुए परामर्श एवं दवाओं का वितरण किया। बुधवार को थाना के परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बस्ती के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने स्टाफों का परीक्षण व आपरेशन के लिए पंजीकरण किया । शिविर में कुल 42 मरीजों के आंखों की जांच की गई। इनमें मोतियाबिंद तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित 04 मरीजों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जिन्हें निःशुल्क आपरेशन कराकर कल तक डिस्चार्ज कर दिया जाएगा। डा. रोशन गोस्वामी ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए आंखों की देखभाल बहुत ही जरूरी है। आंखों की बीमारी से बचने के लिए विटामिन ए तथा सी से भरपूर भोजन लेना चाहिए। ताजा व हरी सब्जियां आंखों को उर्जा प्रदान करतीं हैं। कंप्यूटर पर काम करने के दौरान निरंतरता से बचें। आंखों में कुछ पड़ जाने पर रगड़ें नहीं। पानी से आंख को अच्छी तरह धो लें। बाहर धूप में निकलें तो चश्मा अवश्य लगाएं। इस दौरान थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज निःशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप में कोई भी वाहन चालक अपने नेत्रों का परीक्षण करा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। इस दौरान कन्स्टेबल अमित सिंह ,आलोक मणि, संजीव यादव, नवतेज सिंह समेत पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

# त्योहार संपन्न कराने वाले पुलिस अधिकारी- सम्मानित

संतकबीरनगर (एसएनबी)। पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन व मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिए गए सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं त्योहार होली व शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने हेतु पुलिस अधिकारियों-कर्मचारीगणों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की।



त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने पर पुलिस अधिकारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता।

अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आये पुलिसकर्मियों से ठनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान अपराध एंवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करने हेतु क्षेत्राधिकारीगण व थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

लुटेरे व पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी सतत निगरानी व सत्यापन करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। लम्बित विवेचनाओं व प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध कराने, महिला संबंधित अपराधों में गंभीरता से कार्रवाई करते हुए अपहृता की सकुशल बरामदगी, गैंगस्टर अधिनियम एवं गुंडा अधिनियम की कार्रवाई तथा टाप-10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए कड़े निर्देश दिए गए। यूपी 112 पर प्राप्त सूचनाओं को पीआरवी वाहनों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समयबद्ध निस्तारण हेतु हिदायत दिया गया। आमजनमानस के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न किया जाए सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर जनपद में होली व शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए महोदय द्वारा समस्त प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राजीव कुमार यादव व समस्त थाना प्रभारी सहित शाखा-कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# आग बुझाने के बताये गये तरीके

संतकबीरनगर (एसएनबी)। आपदा मित्रों को अग्निकांड से बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया गया। फसलों, आवासीय स्थानों, गैस सिलेंडरों, शार्ट सर्किट आदि से लगने वाली आगों के बारे में बताते हुए विभिन्न भवनों की अग्नि सुरक्षा प्रणालियां, सिलेंडर में लगने वाली आग को बुझाने के तरीकोंध्उपायों को बताया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अग्नि शमन अधिकारी अशोक यादव मय टीम द्वारा फायर स्टेशन खलीलाबाद पर ग्रीष्मकालीन फायर सीजन के ष्टिगत तहसील खलीलाबाद के करीब 200 आपदा मित्रों को अग्निकांड से बचाव हेतु अग्निसचेतक योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आपदा मित्रों को फसलों, आवासीय स्थानों, गैस सिलेंडरों, शार्ट सर्किट आदि से लगने वाली आगों व इसकी प्रवृत्ति के बारे में बताया गया सुरक्षा करने के व्यावहारिक तरीके, आग लगने पर फायर ब्रिगेड की सहायता आदि का प्रयोग बताया गया व अभ्यास कराया गया।

# पुलिस कार्यप्रणाली की दी जानकारी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर बुधवार को पहुंचे छात्रों को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

छात्रों को एक्सपोजर विजिट के दौरान बघौली विकास खंड के कन्या जूनियर हाई स्कूल के छात्रो को महिला सुरक्षा तथा साइबर से सम्बन्धित होने वाले क्राइम पर विस्तृत कार्य योजना तैयार कर जानकारी दी गई। उन्हें इन्टरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट व यूपीआई संबंधित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में बताया गया। फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हाट्सएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध साइबर अपराध एवं सिम कार्ड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड के बारे में बताया। एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड से होने वाले फ्रॉड, बायोमैट्रिक फ्रॉड, यूपीआई सम्बन्धी फ्रॉड, फोन काल से होने वाले फ्रॉड आदि के बारे में जानकारी दी।



छात्राओं को पुलिस कार्यालय में कार्यप्रणाली समझाते एसपी सत्यजीत गुप्ता। • हिन्दुस्तान



बुधवार को आग से बचाव का प्रशिक्षण लेते आपदा मित्र।

# आग से बचाव के लिए किया प्रशिक्षित

संतकबीरनगर। अग्निशमन अधिकारी अशोक यादव की टीम ने आपदा मित्रों को आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया। टीम ने फायर स्टेशन खलीलाबाद पर ग्रीष्मकालीन फायर सीजन को देखते हुए तहसील खलीलाबाद के करीब 200 आपदा मित्रों को अग्निकांड से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया। इस दौरान लीडिंग फायरमैन जयप्रकाश, जोखन प्रसाद, आनन्द किशोर राय मौजूद रहे।

# त्योहार पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में अपराधों की समीक्षा करते एसपी। ● हिन्दुस्तान

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मंगलवार की देर रात क्राइम मीटिंग की। सैनिक सम्मेलन के साथ ही मासिक अपराध गोष्ठी में अपराध की समीक्षा किया। त्योहार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

अपराध गोष्ठी से पूर्व सैनिक सम्मेलन कर जनपद के सभी थानों व शाखाओं से आए पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उनके निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत छोटी सी छोटी घटनाओं पर गम्भीरता पूर्वक कार्रवाई करने के लिए क्षेत्राधिकारीगणों व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए।

## हेड कांस्टेबल विनोद को मिला प्रशस्ति पत्र

नाथनगर। होलिका दहन, होली एवं शब-ए-बारात पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने में विशेष योगदान देने पर बुधवार को महुली थाने पर तैनात हेड कांस्टेबल विनोद कुमार मिश्र को एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर सराहना की। साथी कर्मियों ने बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया।

**प्रभारी निरीक्षक समेत कर्मियों को एसपी ने किया सम्मानित : मेंहदावल।** मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह तथा पुलिसकर्मियों को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें शबे-ए-बारात, होली का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने पर मिला है।

# जानलेवा हमले के तीन आरोपी हुए दोषमुक्त

## फैसला

- एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय ने सुनाया फैसला
- धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम हड़ियामाफी का मामला
- साक्ष्य के अभाव में किया गया दोषमुक्त

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। जानलेवा हमले के तीन आरोपियों को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया । जान से मारने के आरोपी पति मोहम्मद हसन, पत्नी राबिया एवं पुत्र रहमान को कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में विचारण के पश्चात दोषमुक्त कर दिया ।

आरोपी के अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम हड़िया माफी का था । प्रकरण में नरेन्द्र कुमार पुत्र त्रिलोचन यादव ग्राम गागरगाड़ थाना धनघटा ने अभियोग पंजीकृत कराया था। वादी का आरोप है कि उसके बड़े भाई विरेन्द्र यादव गांव के सर्वेश यादव पुत्र ज्ञानचन्द्र के साथ एक मोटर साइकिल से 16 फरवरी 2017 को शनिचरा बाजार जा रहे थे । समय लगभग साढ़े दस बजे हड़ियामाफी तथा उदहा सीमा के पास पीछे से एक मोटरसाइकिल पर रहमान पुत्र अहमद हसन एवं सलमान पुत्र रहमान ग्राम हड़ियामाफी थाना धनघटा आ रहे थे । बाइक रहमान चला रहा था । मोटरसाइकिल पर बैठे सलमान ने जान से मारने की नीयत से कट्टे से फायर किया । गोली सर्वेश यादव के पीठ में लगी । पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 307 का अभियोग पंजीकृत किया । विवेचना के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों मोहम्मद हसन पुत्र शहजाद एवं उनकी पत्नी राबिया निवासी हड़ियाफी समेत चार आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया । विचारण के दौरान आरोपी सलमान की मृत्यु हो गई और उसके विरुद्ध मुकदमा 19 अक्टूबर 2020 को समाप्त कर दिया गया । आरोपी के अधिवक्ता सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने तर्क दिया कि अभियोजन साक्षियों ने मृतक सलमान को ही आरोपी होने का साक्ष्य दिया है । अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात तीनों आरोपियों के विरुद्ध संदेह परे पर्याप्त साक्ष्य न होने पर दोषमुक्त करने का फैसला सुनाया ।

# मेंहदावल थाने पर लगे नेत्र शिविर में 48 की हुई जांच

## आयोजन

**मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद।** मेंहदावल थाने के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह की पहल पर बुधवार को मेंहदावल थाने पर नेत्र शिविर लगा। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने पुलिस कर्मियों, होमगार्ड, चौकीदारों के आंखों की जांच की। इस दौरान 48 का नेत्र परीक्षण करते हुए निःशुल्क दवाएं भी बांटी गई।

बस्ती के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक डा. प्रेम प्रकाश दूबे, डा. रोशन गोस्वामी के साथ आलम की टीम नेत्र शिविर में शामिल रही। पहले पुलिस कर्मियों का सुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की। उसके बाद नेत्र परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ऐसा आयोजन से पुलिस के प्रति जनता के नजरिए में बदलाव आता है।

जनता के साथ संवाद बनाकर अपराध पर नियंत्रण रखने के लिए मेंहदावल पुलिस निरन्तर प्रयत्नशील है। व्यस्त ड्यूटी में पुलिस कर्मियों का थाने में ही स्वास्थ्य परीक्षण होने से उन्हें काफी राहत मिलता है।

# शांतिभंग में 18 गिरफ्तार

संतकबीरनगर : जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने शांतिभंग में 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसमें कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने 6, धनघटा पुलिस ने 6 , महुली पुलिस ने 3, बखिरा पुलिस ने एक व मेंहदावल पुलिस ने 6 अभियुक्तों को दबोचा। (जासं)



अपने कार्यालय में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव के लिए जानकारी देते एसपी सत्यजीत गुप्ता • जागरण

# साइबर अपराध से बचाव के लिए दूसरों को भी जागरूक करें : एसपी

- जूनियर हाईस्कूल की छात्राएं एसपी कार्यालय में जानकारी लेने पहुंची
- एसपी ने पुलिस की कार्यप्रणाली का विस्तार से दी जानकारी

**जासं, संतकबीर नगर**: कन्या जूनियर हाईस्कूल बघैली की छात्राएं बुधवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता के कार्यालय में पहुंची। एसपी ने इन्हें पुलिस की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महिला सुरक्षा, साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा इंटरनेट बैंकिंग, फेसबुक-वाट्सएप हैकिंग, बारकोड-फर्जी वेबसाइट से होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी।

एसपी ने आगे कहा कि फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, वाट्सएप आदि इंटरनेट साइट्स से साइबर अपराध हो रहे हैं। सिम कार्ड व एटीएम कार्ड बदलकर, क्रेडिट कार्ड, बायोमेट्रिक, यूपीआइ, फोन काल के जरिए धोखाधड़ी की जा रही है। पालिसी, चिट फंड, लाटरी से अच्छा पैसा कमाने का लालच देकर, आनलाइन ऐप के जरिए सामान खरीदने व बेंचने पर धोखाधड़ी की जा रही है। इससे बचने की जरूरत है। सभी छात्राएं घर के सभी सदस्यों व आसपास के लोगों को इसके प्रति जागरूक करें।

# साइबर अपराध के प्रति किया जागरुक

संतकबीरनगर : बखिरा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रमोद यादव के नेतृत्व में थाना बखिरा पुलिस द्वारा कम्पोजिट विद्यालय पचेठी में उपस्थित अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं साइबर के प्रति जागरुक किया गया। छात्रों को जागरुक करते हुए बताया गया कि खाते से संबंधित या अन्य ओ.टी.पी. व पासवर्ड आदि व्यक्तिगत तथा गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। लुभावने ऑफर आदि को बिना जाँचे परखे किसी लिंक या एप्लीकेशन पर भुगतान न करें। यह आनलाइन धोखाधड़ी तरीका हो सकता है। (जासं)

# अपराधियों की सूची तैयार कर करें सख्त कार्रवाई

जासं, संतकबीर नगर: एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सभी क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष से कहा कि वे पेशेवर अपराधियों की सूची तैयार करें। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। लंबित विवेचनाओं व फरियादियों से प्राप्त हुए प्रार्थना पत्रों की जांच समय से करें। इसका गुणवत्ता के साथ निस्तारण करें। महिला अपराधों पर विशेष ध्यान दें। अपहृता की सकुशल बरामदगी, गैंगस्टर व गुंडा अधिनियम के आरोपितों पर कार्रवाई करें। टाप-10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- टाप-10 अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के दिए निर्देश
- पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



पुलिस लाइन के सभागार में अपराध की समीक्षा करते एसपी सत्यजीत गुप्ता ● जागरण

एसपी ने यह बातें बीते मंगलवार की रात पुलिस लाइन के सभागार में अपराध की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने इसके पूर्व आयोजित हुए सैनिक सम्मेलन में जिले की सभी थानों व चौकी से आए पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कानून व्यवस्था के मद्देनजर छोटी सी छोटी घटनाओं पर सभी सीओ व एसओ तुरंत कार्रवाई करें।

यूपी-112 पर सूचना प्राप्त होने पर पीआरवी के पुलिस कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और मामले को निस्तारित करें। आम जनमानस के साथ दुर्व्यवहार न करें। जनपद में होली व शब-ए-बारात को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्र, सीओ मेंहदावल राजीव कुमार यादव, सभी थानाध्यक्ष, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# अपहृत युवती को पुलिस ने किया बरामद

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने स्थानीय इंटर, कालेज चौराहे से बुधवार को सुबह सात बजे एक अपहृत युवती को बरामद कर लिया। अपहरणकर्ता युवक को पुलिस ने छह मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि एक युवती 24 फरवरी को शाम आठ बजे घर से गायब हो गयी थी। पीड़ित पिता ने मुकामी थाने में तहरीर दी थी।

# आग से बचाव के लिए प्रशिक्षित हुए आपदा मित्र

**जासं, संतकबीर नगर :** औद्योगिक क्षेत्र-खलीलाबाद स्थित फायर स्टेशन परिसर में बुधवार को लू-प्रकोप, आकाशीय बिजली से बचाव करने, अचानक लगने वाली आग को काबू में करने के लिए खलीलाबाद तहसील के आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को औद्योगिक क्षेत्र-खलीलाबाद स्थित फायर स्टेशन के परिसर में बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें खलीलाबाद तहसील के 200 आपदा मित्र शामिल हुए। इन्हें लू-प्रकोप, आकाशीय बिजली से आम जनमानस को बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इसके अलावा आग पर तुरंत प्रभावी नियंत्रण के लिए जानकारी दी गयी। आपदा मित्रों से कहा गया कि वे इसके लिए आम जनमानस को जागरूक करें। आपदा से बचाव के लिए दामिनी ऐप के बारे में लोगों को बताएं। इस अवसर पर आपदा विशेषज्ञ कृष्णा गुप्ता, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अशोक कुमार यादव, मुख्य आरक्षी जोखन प्रसाद, आनंद किशोर राय व कन्हैयालाल के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



प्रशिक्षित किए गए आपदा मित्रों के साथ जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व अग्निशमन विभाग के कर्मी ● जागरण

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# नेत्र परीक्षण शिविर में 42 रोगियों का हुआ उपचार

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** मेंहदावल थाने में बुधवार को निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगा। इसमें 42 रोगियों के नेत्र की जांच की गई। इसके बाद इन्हें मुफ्त में दवा दी गई। चार रोगियों को आपरेशन के लिए अस्पताल ले जाया गया। आंख की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। इस शिविर में आई डा. रोशन गोस्वामी ने कहा कि लोगों को समय-समय पर नेत्र की जांच करानी चाहिए। पौष्टिक भोजन व हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इससे आंखों की रोशनी अच्छी रहती है। लोगों को मोबाइल, टीवी, लैपटाप का उपयोग कम करना चाहिए। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से कई लोगों को राहत मिली है। उन्होंने शिविर में आए सभी चिकित्सकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, राजेश दूबे के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

# 76 वाहनों से वसूले 72 हजार

जासं, संतकबीरनगर: जिले के सभी थाना क्षेत्रो में बैंक, वाहन, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष व प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाई करते हुए 76 वाहनों से 72,500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया ।

# साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी गई

संतकबीरनगर। पुलिस के काम करने के तौर-तरीकों के बारे में बच्चों को बताने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने कन्या जूनियर हाई स्कूल बघौली से पहुंची छात्राओं को महिला सुरक्षा तथा साइबर क्राइम के तहत होने वाले अपराधों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इंटरनेट बैंकिंग, ओलेक्स फ्राड, वालेट/ यूपीआई से होने वाली धोखाधड़ी, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्रॉड, व्हाट्सएप हैकिंग से बचाव, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप के मामलों के बारे में बताया। संवाद



मेंहदावल थाने में नेत्र परीक्षण के बाद पुलिसकर्मी को प्रमाण पत्र देते निरीक्षक। संवाद

# थाना परिसर में लगा शिविर, 42 कर्मियों का हुआ नेत्र परीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल।** एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर बुधवार को मेंहदावल थाना परिसर में नेत्र शिविर लगाया गया। इसमें 42 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जबकि चार लोगों की आंखों का ऑपरेशन हुआ।

मेंहदावल थाना परिसर में थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह की पहल पर एक दिवसीय नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ. रोशन गोस्वामी ने पुलिस कर्मियों का नेत्र परीक्षण किया। साथ ही उन्हें निशुल्क दवाएं दी गई।

पुलिस कर्मियों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें प्रमाणपत्र भी दिया गया। इसके साथ ही प्रभु दयाल, नंदलाल, दयाराम, हरिनारायण के आंख का ऑपरेशन भी किया गया।

नेत्र परीक्षण कराने वाले पुलिसकर्मियों को थानाध्यक्ष ने प्रमाणपत्र दिया। इस दौरान एसआई ओम प्रकाश यादव, परवीन कुमार, अरविंद सिंह, नवतेज सिंह, अमित सिंह, संजीव यादव, प्रभुनाथ और आदित्य सिंह आदि मौजूद थे।

# एसडीएम ने आरोपी लेखपाल को किया निलंबित, सौंपी जांच

## रिश्वत लेते पकड़ा गया था रंगे हाथ, पुलिस ने भेजा जेल

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

**मेंहदावल।** जमीन बंटवारे की फाइल पर रिपोर्ट लगाने के एवज में 50,000 रुपये रिश्वत लेते गोरखपुर की भ्रष्टाचार निवारण शाखा के हत्थे चढ़े आरोपी लेखपाल अश्वनी मिश्रा को जेल भेज दिया गया।

एसडीएम मेंहदावल योगेश्वर सिंह ने आरोपी लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसडीएम ने प्रकरण की जांच तहसीलदार को सौंपी है। तहसील में चर्चा है कि आरोपी लेखपाल हमेशा अधिकारियों का चहेता रहा है।



आरोपी लेखपाल अश्वनी कुमार।

मेंहदावल तहसील के भिटिया कला निवासी लेखपाल अश्वनी मिश्रा कुछ दिनों तक प्रभारी कानूनगो पद का दायित्व निभा चुका है। लेखपाल अश्वनी मिश्रा नौकरी पाने से पूर्व भी संस्था चलाकर धन उगाही करने को लेकर चर्चाओं में रहा है।

तहसील के कर्मचारी बताते हैं कि कुछ दिन पूर्व यहां से स्थानांतरित एक उपजिलाधिकारी का खास था। कर्मचारी बताते हैं कि 30 दिसंबर 2020 को ब्लॉक क्षेत्र संख्या 25 बेलहर कला के रसूलपुर के रहने वाले शिकायतकर्ता मोहनलाल पुत्र भगवानदास ने लेखपाल अश्वनी मिश्रा पर जमीन का पट्टा करने के नाम पर 6,000 की रिश्वत लेने का आरोप लगाया था।

मामला सही पाए जाने पर तत्कालीन उप जिलाधिकारी ने उसे निलंबित भी किया था। वहीं मंगलवार को पुनः गोरखपुर की भ्रष्टाचार निवारण शाखा ने सहजनवां क्षेत्र के तिवरान गांव निवासी शैलेश कुमार की शिकायत पर 50,000 रुपये रिश्वत लेते तहसील के समीप स्थित एक चाय की दुकान से रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

चर्चा यह भी है कि जब भ्रष्टाचार निवारण शाखा के लोगों ने उसे पकड़ा तो तहसील में भी अफरा-तफरी मच गई। एसडीएम योगेश्वर सिंह ने बताया कि आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। तहसीलदार को जांच सौंपी गई है।

# दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

**संतकबीरनगर।** सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि एक माह पूर्व उसकी बेटी को कोतवाली क्षेत्र के रहने वाला 20 वर्षीय आरोपी बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ। आरोपी ने कोर्ट में अपना अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

तर्क दिया वह घटना के समय वह में एक प्राइवेट बैंक में नोएडा में कार्यरत था। उसने कोई अपराध कार्य नहीं किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर नोएडा ले गया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। शादी की बात करने पर जानमाल की धमकी दी।

# जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए



विद्युत कर्मियों की हड़ताल से निपटने के लिए मंथन करते अधिकारी। संवाद

## बिजली कर्मियों की हड़ताल से निपटने की अधिकारियों ने रणनीति तैयार की

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। विद्युत कर्मियों के कार्य बहिष्कार के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने रणनीति बनाई है। इसके लिए जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।

इस बावत बुधवार को डीएम और एसपी ने कलेक्ट्रेट में विद्युत निगम के अधिकारियों, ठेकेदारों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीएम संदीप कुमार पूर्व में एनटीपीसी और एसपी सत्यजीत गुप्ता पॉवर ग्रिड में काम कर चुके हैं। इसकी वजह से बैठक में दोनों अधिकारियों ने बिजली से संबंधित समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा की। अधीक्षण अभियंता डीके लाल ने बताया कि 310 संविदा कर्मी हैं। इसमें से 80 संविदा कर्मियों के कार्य बहिष्कार में शामिल नहीं होने की जानकारी है। जिले में कुल 14 विद्युत सब स्टेशन और तीन ट्रांसमिशन हैं।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि खलीलाबाद और औद्योगिक क्षेत्र के सब स्टेशन पर समुचित व्यवस्था की गई है। यहां कोई समस्या नहीं आएगी। अन्य स्टेशनों पर व्यवस्था की जा रही है। कुछ ठेकेदारों के पास वैकल्पिक व्यवस्था में कर्मी हैं। इनकी मदद ली जाएगी।

एक्सईएन दिव्य रंजन ने बताया कि प्राइवेट विद्युत कर्मियों की भी मदद ली जा सकती है। उन्हें फाल्ट आदि ढूंढने में दिक्कत नहीं होगी। डीएम संदीप कुमार ने कहा, कि शहर और नगर पंचायतों में बिजली व्यवस्था समुचित रखने की व्यवस्था की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मी भेजे जाएं।

स्टोर की व्यवस्था देखने वाले से संपर्क करें, ताकि बिजली के उपकरण की जरूरत पड़े तो कोई समस्या न हो। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि एक्सईएन स्टोर की ड्यूटी फतेहपुर में लग गई है। डीएम ने स्टोर के लिए नोडल की तैनाती करने का एडीएम को निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता ने ट्रांसफर जलने पर उसे बदलने में आने वाली समस्या पर चर्चा की। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि हर सब स्टेशन पर एक दरोगा और चार-पांच पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है।

### होमगार्ड कमांडेंट ने खड़े किए हाथ

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने होमगार्ड कमांडेंट से होमगार्ड के बावत जानकारी मांगी। पूछा कि होमगार्ड किस-किस असहले को चलाने का प्रशिक्षण लिए हैं। होमगार्ड कमांडेंट ने बताया कि होमगार्ड की ड्यूटी राइफल के साथ लगती है। एसपी ने विद्युत सब स्टेशनों आदि पर होमगार्ड की ड्यूटी लगाने के बावत जानकारी मांगी तो होमगार्ड कमांडेंट ने हाथ खड़े कर दिए। बताया कि कुल 491 होमगार्ड हैं। इनकी ड्यूटी कानून व्यवस्था में लगी हुई है। 128 होमगार्ड ऐसे हैं, जिनकी ड्यूटी डीएम,ए सडीएम आदि अफसरों के साथ लगी है।

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 16-03-2023

# पांच लोग गिरफ्तार

वजीरगंज। शांति भंग करने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी हनीफ, बकरीदी निवासी ग्राम चंदापुर, राकेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता निवासी ग्राम अशोकपुर टिकिया व अजय सिंह निवासी गेडसर गिरफ्तार किए गए।

# किशोरी से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

खरगूपुर (गोंडा)। क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी रात आठ बजे घर के बाहर लगे हैंडपंप से पानी लेने आई थी। इसी बीच गांव के ही सुनील कुमार वर्मा ने उसका हाथ पकड़कर छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी सुनील कुमार तथा उसके स्वजन पाटनदीन वर्मा, राजेंद्र वर्मा व रामतेज वर्मा ने बालिका को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। (संवाद)

# अब बिना टिकट यात्रा पर पुलिसवालों की खैर नहीं

गोंडा, संवाददाता। ट्रेन में बेटिकट यात्रा करने वाले पुलिसकर्मियों को लेकर रेल महकमा सख्त हो गया है। सफर के दौरान पुलिसवाले टिकट मांगने पर टीटीई से अभद्रता पर उतारू हो जात हैं। अब ऐसे पुलिसवालों के खिलाफ ठोस कदम उठा सकते हैं।

इसके साथ टीटीई संबंधित पुलिसकर्मी की डायरी भी कर सकते हैं। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर चेकिंग की जाएगी। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रेन से बेटिकट सफर करने वाले पुलिसकर्मियों को अपनी आदत में सुधार करना पड़ेगा। वह ट्रेन में सफर के दौरान सामान्य नागरिकों की तरह रेलकर्मियों से व्यवहार करें। इसके लेकर रेल अफसरों की मीटिंग के बाद रणनीति बनाई गई है। रेल अफसरों का कहना है कि तमाम पुलिसकर्मी ट्रेन से यात्रा करते समय टिकट नहीं लेते हैं।

**ट्रेन में टीटीई से विवाद पर गरमाया मामला:** एक्सप्रेस के वातानुकूलित कोच में सफर कर रहे एक पुलिसकर्मी से टीटीई ने जब टिकट मांगा तो विवाद हो गया। यह मामला तूल पकड़ने से रेल अफसरों ने गंभीर रूख अपनाया है। रेल कर्मियों को निर्देश जारी किया है कि उन्हें किसी भी पुलिसकर्मी से विवाद करने की कोई जरूरत नहीं है। इसकी रिपोर्ट कामर्शियल कंट्रोल करने के साथ ट्रेन कैप्टन इसकी डायरी करेंगे।

# तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

मोतीगंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेसहुपुर के मजरे पंडितपुरवा गांव में मंदिर की साफ सफाई को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित रेशमा देवी ने बुधवार को दी तहरीर में कहा है कि हम लोग नवरात्र को लेकर साफ सफाई के साथ मंदिर की रंगाई-पुताई कर रहे थे। इससे नाराज होकर गांव के ही सदाराम, बद्री प्रसाद, मुन्ना पहुंचे और रोकने लगे। इसका कारण पूछने पर मारने के लिए दौड़ा लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अपशब्द कहे। पीड़िता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, सेवानिवृत्त राजस्व निरीक्षक बद्री प्रसाद शुक्ला का कहना है कि मुझे रंजिशन फंसाया जा रहा है। मेरे बेटे सुधीर शुक्ल ने ग्राम पंचायत बेसहूपुर के विकास कार्य को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी इसी के चलते मुझे फंसाया जा रहा है। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# दावत में गए युवकों को पीटा, मुकदमा दर्ज

गोण्डा। कोतवाल देहात क्षेत्र के टिकरिया विशुनपुर बैरिया गांव में दावत खाने गए दो भाई और एक बहन के साथ कुछ लोगो ने लाठी डंडों से मारपीट की है। पीड़ितों परिवार की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव की रहने वाली बानो ने कोतवाली देहात में अपने भतीजों और भतीजी के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दबंगो ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके भतीजे मुकेश, समशेर और भतीजी फूलतारा पर उस समय हमला किया जब वोह लोग एक दावत में गए थे। देहात कोतवाली पुलिस मुन्ना, राजा, गोविंद, आजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## रंजिश में दुकान में की तोड़फोड़, मुकदमा

गोण्डा। पुरानी रंजिश में दबंगों ने दुकान का सामान तोड़ा और जानमाल की धमकी दी। देहात कोतवाली के ग्राम चोरसिंहा निवासी राम विनोद की दुकान पर दबंग आए और अभ्रद्रता करते हुए दुकान का सामान तोड़ दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुखराम, मुंशीलाल, शुभम, संदीप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज

गोण्डा। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधवपुर मजरा पाण्डेय पुरवा निवासी नीता देवी पत्नी जय जय राम पाण्डेय ने कोतवाली देहात में तहरीर दी हैं। नीता देवा का कहना है कि गांव के तीन लोगों ने उसकी नाली बंद कर दी। विरोध करने पर तीनों ने घर मे घुसकर उसके पुत्र करन और उसे मारा पीटा गया। कोतवाल देहात महेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर भरत राम, ओमकार और अन्नू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर मुकदमा

**संसू, झंझरी** : लखनऊ मोतीगंज के पंडित पुरवा बेसहूपुर की रहने वाली रेशमा देवी ने एसपी से की गई शिकायत में कहा कि वह लोग मंदिर की साफ सफाई करना चाह रही थी। गांव के ही सदाराम, बद्री शुक्ल व मुन्ना जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की। पीड़िता की तहरीर पर तीन के खिलाफ जान से मारने की धमकी व दलित उत्पीड़न का मुकदमा किया गया है।

## 262 आशाओं को नोटिस

**परसपुरः** संस्थागत प्रसव कम होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक लवकेश शुक्ल ने सात संगिनी व 262 आशाओं को नोटिस थमा दी है। उन्होंने कहा है कि चेतावनी के बाद भी संस्थागत प्रसव नहीं बढ़ रहा है। ऐसे में आशंका है कि आशा मरीजों को बहला फुसलाकर प्राइवेट अस्पतालों में भेज रही हैं।

# अपराधियों की जगह होगी जेल : अमरेंद्र

**संसू, गोंडा :** देवीपाटन परिक्षेत्र के नए पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने दो टूक कहा कि अपराधियों की जगह जेल होगी, वह चाहे जो हो। कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। शासन की प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सजगता बरने के निर्देश सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए गए हैं। भूमि बैनामा व वसीयत में हुए फर्जीवाड़ा के मामले में लिखे गए मुकदमों के बारे में कहा कि मेरिट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पर्व को लेकर अभी से तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। लंबित मुकदमों का निस्तारण समय से किया जाए यह उनकी प्राथमिकता में होगी। थानों पर जाने वाले पीड़ितों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनकी समस्या का निस्तारण किया जाए। ऐसा न करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



अमरेंद्र प्रसाद सिंह डीआइजी • जागरण

# गांजा रखने के जुर्म में आठ माह की कैद, 10 हजार जुर्माना

गोंडा। कोर्ट ने मादक पदार्थ गांजा रखने के दोषी को आठ माह सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक अनुपम शुक्ला ने बताया कि कोतवाली नगर पुलिस ने 19 फरवरी 2021 को राहुल श्रीवास्तव निवासी ठाकुरद्वारा उम्मेदजोत कोतवाली नगर को एक किलो दो सौ ग्राम मादक पदार्थ गांजा समेत अयोध्या रोड पर स्थित नहर से सलारपुरवा रोड पर गिरफ्तार किया था।

बुधवार को निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त राहुल श्रीवास्तव को अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने के अपराध में आठ माह का सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2023

# शांतिभंग में तीन को जेल भेजा

ललिया। ललिया थाना की पुलिस ने शांति भंग के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजीपुर गांव निवासी आरोपी समशुद्दीन, जहीर व कोडरी गांव निवासी जिलेदार को शांति भंग करने के आरोप में उपनिरीक्षक अमरजीत यादव, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र यादव ने गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

# सिर की तलाश में खेतों की खाक छान रही पुलिस

**जासं, बलरामपुर :** अज्ञात युवक के धड़ से कटे सिर की तलाश में कोतवाली देहात की टीम जुटी है। सिर तलाशने के लिए बुधवार को पुलिस के साथ चौकीदारों की टीम दिन भर खेतों की खाक छानती रही। लगभग तीन किमी में गन्ने की फसल लगे खेतों को खंगाला गया है। सर्विलांस के माध्यम से भी कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। पुलिस टीम ने इलाके के साथ-साथ श्रावस्ती जिले में भी युवक की शिनाखत करानी चाही, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। आसपास के जिलों के थानों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट मंगाई गई है।

सोमवार देर शाम थाना देहात अंतर्गत बालपुर जंगल चौकी के निकट गन्ने के खेत में अज्ञात युवक की सिर कटी लाश पाई गई थी। मौके पर खून बिखरा नहीं मिला है जिससे प्रतीत होता है कि युवक की हत्या कहीं अन्य स्थान पर की गई है। बाद में उसका धड़ लाकर गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। कपड़ों पर भी खून के अधिक धब्बे नहीं पाए गए हैं। हाथ के कुछ हिस्से को जंगली जानवरों ने खा लिया था। डाग स्क्वायड को भी कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। मंगलवार अंधेरा होने तक तलाश करने के बाद बुधवार सुबह सिर की तलाश में चौकीदारों को लगा दिया गया।



- श्रावस्ती के गांवों में कपड़ों से पहचान कराने का प्रयास
- मंगाई गई आसपास के जिलों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट

करीब 24 चौकीदार दिन भर सिर की तलाश में जुटे रहे। पुलिसकर्मी भी आसपास के गांवों में जाकर युवक की शिनाखत की कोशिश में लगे हैं। पुलिस की टीम पड़ोसी जिला श्रावस्ती गई थी। वहां के जंगलवर्ती गांव में भी युवक की शिनाखत का प्रयास किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि अब तक सिर का पता नहीं चल सका है। युवक की शिनाखत भी नहीं हो पाई है। युवक के कपड़ों व मिले लाकेट से उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। अब तक सफलता नहीं मिली है। घटना का राजफाश करने की कोशिश की जा रही है।

# बिजली कर्मियों ने शुरू की हड़ताल

बलरामपुर, संवाददाता। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले बिजली कर्मियों ने अपनी मांगों के समर्थन में 36 घंटे की हड़ताल शुरू की है। अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में बुधवार को बिजली कर्मियों ने धरना प्रदर्शन कर पावर कार्पोरेशन के खिलाफ नारेबाजी की। सभा करके कहा कि इस बार मांगे नहीं मानी गई तो आर पार की लड़ाई होगी। आवश्यकता पड़ने पर अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा।

बुधवार सुबह पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार बिजली कर्मी अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंच गए। एकत्रित होते ही पावर कार्पोरेशन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। कार्यक्रम संयोजक मोहम्मद अकील ने बताया कि कार्य बहिष्कार गुरुवार रात दस बजे तक चलेगा। उसके बाद 72 घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बिजली कर्मी जेल भरो आंदोलन भी करेंगे। तुलसीपुर के अधिशासी अभियंता रितेष आनंद ने विभागीय कर्मियों की समस्याएं उठाई। कहा कि संसाधनों की कमी के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। पावर कार्पोरेशन केवल अपने हितों की बात करते हुए कर्मियों की चिंता नहीं कर रहा है। एसडीओ मीटर प्रेमचंद्र ने संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की बात कही। कहा कि संविदा कर्मियों के सहयोग से ही विभाग अपने कार्यों को संपादित कर रहा है। उपखण्ड अधिकारी प्रेमचंद ने कहा कि बिजली कर्मियों को इलाज की सुविधा नहीं उपलब्ध है। अवर अभियंता जेके पाल, केके तिवारी, संतोष मौर्य, दीपक तिवारी, अवनीश पाण्डेय, राम सागर आदि ने पावर सेक्टर में एम्लाई एक्ट लागू करने की मांग की। कहा कि ऊर्जा सेक्टर का निजीकरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर आरपी सिंह, लक्ष्मण प्रसाद, राजेश कुमार, महेन्द्र प्रताप सिंह व पवन आदि मौजूद थे।



अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते बिजली कर्मी

## कंट्रोल रूम की हुई स्थापना, हेल्पलाइन नंबर जारी

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार ने बताया कि विद्युत कर्मियों के 16 मार्च से 72 घंटे के सांकेतिक हड़ताल को देखते हुए विद्युत व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। समस्त एसडीएम, विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति प्रभावित न हो, इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। विद्युत उपकेन्द्रों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाए जाने का निर्देश दिया गया है। हड़ताल के दौरान आम जनमानस को समस्या न हो इसके लिए हेल्पलाइन नम्बर 1912 जारी किया गया है।

# दरगाह से सोने का पंजा व 30 हजार नकद ले गए चोर

**संसू, उतरौला :** नगर से सटे अमय देवरिया गांव स्थित दरगाह हजरत अब्बास में मंगलवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर दरगाह से 80 हजार कीमत के सोने के पंजे व दानपात्र तोड़कर करीब 30 हजार रुपये नकद उठा ले गए। दरगाह में चोरी से ग्रामीणों में आक्रोश है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया चोरों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है। शीघ्र ही चोरी का राजफाश होगा।

# 125 सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी देवीपाटन मेले की निगरानी



महंत मिथिलेश नाथ योगी के साथ चर्चा करते देवीपाटन मंडल के आयुक्त एमपी अग्रवाल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** 22 मार्च से शुरू हो रहे देवीपाटन मेले की निगरानी के लिए 125 सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। मंदिर में इस बार सुरक्षा का सख्त पहरा रहेगा। इसके लिए अन्य जिलों से भी पुलिस कर्मियों को लगाया जाएगा।

बुधवार की शाम देवीपाटन मंडल के आयुक्त एमपी अग्रवाल व अपर आयुक्त राकेश शर्मा तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर पहुंचे। यहां पर पार्किंग से लेकर अन्य बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण करने के बाद उन्होंने मंदिर के महंथ मिथिलेश नाथ योगी के साथ बैठक की।

बैठक में तैयारियों पर चर्चा करने के साथ ही इस बार ट्रैक्टर-ट्रालियों से श्रद्धालु आवागमन न करें, इसके लिए रणनीति तैयार की गई। आयुक्त ने अधिकारियों को इसके लिए प्लान तैयार करने को कहा। इस मौके पर डीएम डॉ. महेंद्र कुमार, एसपी केशव कुमार, एडीएम प्रदीप कुमार, एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य मौजूद थे।

**दुर्गा सप्तशती के पाठ की बनी योजना**...एडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिरों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण के साथ ही अष्टमी व नवमी को अखंड रामायण पाठ के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। एसडीएम व पर्यटन विभाग के अधिकारियों से इसको लेकर माइक्रोप्लान बनाने को कहा गया है।

## सख्त रहेगा पहरा, आयुक्त व डीएम ने भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

## महंत के साथ बैठक कर तैयारियों पर चर्चा

### 22 मार्च से 5 अप्रैल तक चलेगी मेला स्पेशल ट्रेन

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि देवीपाटन मेले को देखते हुए 22 मार्च से 5 अप्रैल के बीच गोंडा-तुलसीपुर-गोंडा के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी चलाई जाएगी। गाड़ी संख्या 05077 गोंडा-तुलसीपुर अनारक्षित मेला विशेष गाड़ी गोंडा जंक्शन से रात में 9 बजकर 50 मिनट, सुभागपुर से रात 10.07 बजे, इटिया थोक से रात 10.30 बजे, भवानीपुर कलां से 10.40 बजे, बलरामपुर से 10.52 बजे, झारखंडी से 10.59 बजे, गैंजहवा से 11.09 बजे, कौवापुर से 11.26 बजे, लक्ष्मणनगर से 11.36 बजे छूटकर रात में 12 बजकर 05 मिनट पर तुलसीपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन तुलसीपुर स्टेशन से सुबह सवा तीन बजे प्रस्थान करके सुबह 5.10 बजे गोंडा पहुंचेगी।

# शांतिभंग में आठ के खिलाफ कार्रवाई

**बलरामपुर।** ललिया पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में जिलेदार, शमसुद्दीन व जहीर के खिलाफ कार्रवाई की है। जरवा पुलिस पुरानी रंजिश को लेकर हंगामा करने के मामले में दुर्गा नगर के पांच लोगों पर शांतिभंग में कार्रवाई की है। इधर, सीओ राधारमण सिंह ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। (संवाद)

# पड़ोसी जिले से संपर्क साध रही पुलिस

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात के बालपुर चौकी गांव में सोमवार रात मिली युवक की सिरकटी लाश मामले में पुलिस खाली हाथ है। पड़ोसी जिलों से संपर्क साधने के अलावा पुलिस सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही है। कोतवाल देहात राजकुमार सरोज ने बताया कि बालपुर चौकी गांव में सोमवार को गन्ने के खेत में एक युवक का सिरकटा शव मिला था। पुलिस मान रही है कि हत्या करके शव को फेंका गया है। कोतवाल का कहना है कि जिले के सभी थानों की पुलिस से संपर्क साधा गया तो कोई सुराग नहीं मिला। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि अब गोंडा, बहराइच व श्रावस्ती पुलिस के अलावा सोशल मीडिया के जरिये भी शिनाख्त की कोशिश हो रही है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2023

हिन्दुस्तान

# डीएम और एसपी ने तैयारियों को परखा

नानपारा। बिजली कर्मियों के हड़ताल के मददेनजर डीएम व एसपी बुधवार की देर शाम नानपारा पहुंचे। यहां एसडीएम व बिजली अधिकारियों के संग बैठक की। बिजली आपूर्ति के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर की जा रही तैयारियों को परखा। डीएम ने कहा कि जिन लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उनका निर्धारण सही तरीके से होने चाहिए।

अधिशाषी अभियंता कृष्ण कुमार ने बताया कि हड़ताल के दौरान उपभोक्ता को समस्या न हो इसके लिए कंट्रोल रूम स्थापित कर एसएसओ की ड्यूटी लगा दी गई है। आउट सोर्सिंग से कार्य लिया जाएगा। हर हाल में 72 घंटे के हड़ताल के असर को बिजली व्यवस्था पर पड़ने नहीं दिया जाएगा।

हिन्दुस्त

# दहेज हत्या मामले के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- अन्य आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस
- मंगलवार को हुई थी वारदात

बहराइच, संवाददाता। रुपईडीहा थाने की पुलिस ने मंगलवार को देवरिया गांव में हुई दहेज हत्या मामले में फरार पति को दबोच लिया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

रुपईडीहा / बाबागंज संवाद के अनुसार एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को रुपईडीहा थाने के देवरिया गांव निवासिनी उड़ा पत्नी रहीश खान उर्फ सहीश खान की दहेज के लिए हत्या हुई थी। मृतका के पिता रामगांव थाने के गंभीरवा बाजार के मजरे छेदीपुरवा निवासी रफीक की तहरीर पर मृतका के पति सहित चार को नामजद कर पुलिस ने दहेज हत्या का केस दर्ज किया था। बुधवार को सीओ नानपारा राहुल पांडेय के पर्यवेक्षण में दरोगा अजेश कुमार की टीम ने बाबागंज बाजार में दबिश दी। पुलिस ने इस मामले में फरार हुए मृतका के पति रहीश खान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है।

हिन्दुस्तान

# बिजली कर्मियों की हड़ताल पर प्रशासन सख्त, चेतावनी दी

## संविदा कर्मियों संग आईटीआई व पॉलीटेक्निक के प्रशिक्षु संभालेंगे उपकेंद्र


कलेक्ट्रेट सभागार में बिजली अफसरों व कर्मियों के साथ बैठक करते डीएम।

**बहराइच, संवाददाता।** बिजली कर्मियों के 72 घंटे के हड़ताल के बीच बुधवार को डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने हक की आवाज बुलंद करने के नाम पर जनहित से जुड़ी सुविधाओं में अड़ंगा डालने पर एस्मा व अन्य कार्रवाई की कड़ी चेतावनी भी दे दी है। हड़ताल को देखते हुए संविदा कर्मियों संग आईटीआई व पॉलीटेक्निक के प्रशिक्षुओं की ओर से बिजली उपकेंद्रों पर आपूर्ति की जिम्मेदारी संभालने का प्लान तैयार किया गया है। कर्मियों की सुरक्षा के लिए उपकेंद्रों पर पुलिस भी पहरा देगी। एलआईयू भी स्थिति पर नजर रखेगी, ताकि हड़ताली कर्मी व्यवस्था में व्यवधान न डाल सकें।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति तीन माह पहले हुए समझौते पर कोई कदम न उठाने पर गुरुवार से 72 घंटे के लिए बिजली कर्मियों की हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान बिजली कर्मी पूरी तरह कार्य से दूर रहने का फैसला किया है। इसको देखते हुए डीएम डॉ. दिनेश चंद्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में तीन डिवीजनों के जेई, अधीशाषी अभियंता, अधीक्षण अभियंता व ठेकेदारों के संग दो घंटे संवाद किया। डीएम ने कहा कि जनहित को देखते हुए सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग करें, लेकिन बिजली आपूर्ति को ठप करने, उपकरणों को नुकसान व ड्यूटी पर कार्यरत कर्मियों के काम में बाधा नहीं डालेंगे, तो ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

**ईओ जलापूर्ति की व्यवस्था संभालेंगे :** बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जलापूर्ति की समस्या से निपटने की जिम्मेदारी सभी आठ निकायों के ईओ पर रहेगी।

**अस्पतालों तक निर्बाध पहुंचेगी बिजली:** अस्पतालों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए जिला स्तरीय अधिकारी उस क्षेत्र के उपकेंद्रों की निगहबानी करेंगे।

**जिला छोड़ने पर रोक, छुट्टियां रद:** प्रदेशव्यापी हड़ताल के प्रभाव को देखते हुए डीएम ने अगले 72 घंटों के लिए अधिकारियों को जिला मुख्यालय न छोड़ने की चेतावनी दी है। बिजली विभाग के अधिकारियों को धरने से दूर रहने व छुट्टियों को रद करने के लिए कहा गया है।

> हड़ताल को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। हर स्तर पर मॉनीटरिंग की जाएगी। व्यवस्था में खलल डालने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –डॉ. दिनेश चंद, डीएम, बहराइच

**कंट्रोल रूम बना, इस नंबर पर करें कॉल:** अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार ने बताया कि बिजली समस्या के लिए मोबाइल नंबर 8005494418 पर सूचना दें।

# पुलिस ने गश्त कर दिलाया सुरक्षा का अहसास



हरदी के भगवानपुर कस्बे में पैदल गश्त करते पुलिसकर्मी • जागरण

**संसू, महसी (बहराइच) :** हरदी थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस कर्मियों ने पैदल गश्त की। आने जाने वाले वाहनों व संदिग्धों की जांच की। वाहन चालकों यातायात सुरक्षा के दृष्टिगत जरूरी टिप्स दिए।

थानाध्यक्ष ने एसआई अयोध्या सिंह, श्रीकृष्ण सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ भगवानपुर कस्बे में पैदल गश्त किया। सुरक्षा के बाबत ग्रामीणों से बातचीत की। यहां वाहनों की डिग्गी खोलवा कर जांच की। पिकेट ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों से संदिग्धों पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

# फर्जी शिकायतों से पुलिस हलकान!

संतोष श्रीवास्तव ● बहराइच

**जागरण विशेष**

- पुलिस को सफाई देते-देते परेशान आरोपित बनाए गए लोग
- कहीं चौकी तो कहीं थाने में सफाई देने की लगा रहे दौड़

तमाम चुनौतियों से जुझने वाली पुलिस फर्जी शिकायतों से भी हलकान है। शिकायतकर्ता कौन हैं, कहां का रहने वाला हैं? यह बात पुलिस के लिए पहेली बनी हुई है। जांच के दौरान आरोपित बनाए गए लोग भी पुलिस को सफाई देते-देते परेशान हैं।

साक्ष्य लेने के लिए जब शिकायतकर्ता की तलाश की गई तो शिकायतकर्ता का पता नहीं चलता। दरगाह इलाके के छावनी बाजार निवासी मनोज कुमार के नाम से तीन बार लगातार छावनी मुहल्ले के सभासद चुने जा रहे चांदबाबू, शक्तिकुंआ के पूर्व सभासद रईश व बारापत्थर निवासी शहबाज के खिलाफ सीएम व पीएम पोर्टल पर शिकायत की गई।

शिकायतकर्ता ने आरोपितों पर जमीनों की अवैध तरीके से खरीद फरोख्त करने, अवैध कालोनी विकसित कर मिलने वाले धन को देश विरोधी कार्यों में लगाने जैसे आरोप लगाए गए। शिकायतकर्ता ने आरोपों के संबंध में कोई साक्ष्य नहीं दिया। मामले को गंभीरता से लेकर दरगाह एसओ आरडी मौर्य, नगर कोतवाल शैलेश कुमार सिंह व देहात कोतवाल राकेश कुमार पांडेय ने जांच शुरू की तो शिकायतों की पुष्टि नहीं हो पाई।

अब चौकी-चौक इसी मामले की जांच कर रही है। पीड़ितों का आरोप है कि फर्जी शिकायत कर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। पुलिस शिकायतकर्ता का पता लगाने के लिए दौड़ रही है, लेकिन उस नाम का कोई भी युवक पूरे मुहल्ले में न होने से पुलिस भी परेशान है।

> फर्जी शिकायतें होती रहती हैं। यह जांच कराने पर ही पता चल पाता है कि शिकायतों में कितनी सच्चाई है।
>
> **– कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर**

# लूट के आरोपित की जमानत अर्जी खारिज

अदालत से

**जासं, बहराइच** : तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश इंद्र प्रकाश ने लूट व माल बरामदगी मामले की सुनवाई करते हुए आरोपित गुड्डू की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित ने 23 जून 2021 को नानपारा बाजार में खरीदारी करने जा रही निशा सिंह का गला दबाकर मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया था। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था। विवेचना के दौरान 27 जुलाई 2021 को उपनिरीक्षक अनुराग प्रताप सिंह ने आरोपित गुड्डू को गिरफ्तार करके लूटे गए माल के बारे में जानकारी प्राप्त करके उससे 5,600 रुपये की बरामदगी की थी। आरोपित ने लूट की घटना को कारित करने की बात स्वीकार की थी।

# अपहरणकर्ताओं की पत्नियों को भेजा जेल

**बहराइच।** रानीपुर थाना क्षेत्र में बीते शनिवार की शाम शौच गयी दो चचेरी बहनों के अपहरण के बाद पांचवे दिन भी पुलिस खाली हाथ है। पांचवे दिन भी पुलिस को अपहरण कर्ता समुदाय विशेष के युवकों का कोई सुराग नहीं लगा है। किशोरियों की बरामदगी भी नहीं हो सकी है। जिसके चलते किशोरियों के परिजन अनहोनी की आशंका में सिसक रहे हैं।

वहीं पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में सात टीमें लगी होने और जल्द किशोरियों के बरामदगी का दावा कर रही है। हालांकि, मंगलवार को पुलिस ने अपहरण में सहयोग करने के आरोप में तीन महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। परिजन अनहोनी की आशंका को लेकर परेशान हैं। रानीपुर थाना प्रभारी शिवनाथ गुप्ता ने बताया कि एक अपहरण कर्ता की पत्नी व एक अन्य अपहरणकर्ता की दो पत्नियों ने सहयोग किया था। तीनों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# नेपाली शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा/बाबागंज।** थाना प्रभारी श्रीधर पाठक ने बताया कि अवैध शराब पर रोकथाम के लिए बुधवार को उपनिरीक्षक रूदल बहादुर सिंह, शिवम कुमार त्रिपाठी की टीम सिपाहियों व एसएसबी के साथ गस्त कर रही थी। इसी दौरान भारत-नेपाल सीमा के ईदगाह के पास एक संदिग्ध बाइक से आता दिखा। जिसे रोक कर तलाशी लेने पर उसके पास से 240 शीशी अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान बंजरिया निवासी मतऊ के रुप में हुई है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2023

# ऑपरेशन धरपकड़ के तहत 17 वारंटी पकड़े गए

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की ओर से वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए आपरेशन धरपकड़ का अभियान चलाया जा रहा है। 15 मार्च को अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में थाना प्रभारियों ने ऑपरेशन धरपकड़ चलाया। कोतवाली भिनगा में 02 वांरटी, थाना मल्हीपुर 02 वांरटी, थाना सोनवा में 02 वांरटी, थाना गिलौला में 04 वांरटी, थाना इकौना में 06 वांरटी व थाना नवीन माडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती में 01 वांरटी को गिरफ्तार किया।

# गोवध करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने गोवध के दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोटरसाइकिल व बंदूक तथा गोवध करने का सामान बरामद किया गया है। नामजद अभियुक्त बाबू खां पुत्र समी मोहम्मद निवासी हेमपुर थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया था। दूसरे आरोपी अनिल पुत्र मोलहे निवासी शाहपुर पूरे शिवदीन थाना सिरसिया को शाहपुर पूरेशिवदीन के पास औरा-इमली जंगल से गिरफ्तार किया गया।

# अनबन के कारण 62 परिवारों को टूटने से बचाया

**श्रावस्ती।** पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय के सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र संचालित है। जिसमें एक साल में 62 परिवारों को एक साथ रहने के लिए जारी किया गया और फिर से एक साथ रहने लगे। एसपी प्राची सिंह ने बताया 2022 में पारिवारिक वैचारिक मतभेद से संबंधित कुल 124 प्रकरण मिले थे। जिसमें दोनों पक्षों को तलब कर काउंसलिंग की गई। अनुभवी काउंसलिंग टीम व पुलिस के प्रयास से वैवाहिक अलगाव के 62 प्रकरणों में सुलह कराने में सफलता प्राप्त हुई।

# किशोरी को भगाने की दोषी महिला को सात वर्ष की सश्रम कैद

अदालत से

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा क्षेत्र के एक गांव में 10 वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी को भगाने की आरोपित महिला को सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। 30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया भिनगा क्षेत्र के एक गांव से 27 नवंबर 2013 को 15 वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई थी। रास्ते में शाहजहां ने उसे रोका और कहा कि यह जो आदमी खड़े हैं बहुत पैसे वाले हैं। इनके साथ चली जाओ और किशोरी को उनकी बाइक पर जबरदस्ती बैठा दिया। दोनों व्यक्ति उसे लेकर लक्ष्मनपुर बाजार चले गए। एक कमरे में बंद कर दिया। दोनों कुछ सामान लेने बाजार गए तो मौका पाकर किशोरी भाग गई। घर पहुंचकर परिवार के लोगों को पूरी बात बताई। किशोरी के बाबा की तहरीर पर भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित शाहजहां के विरुद्ध न्यायालय पर आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। विचारण अपर सत्र न्यायालय (फास्ट ट्रेक कोर्ट) पर हुआ। अपर जिला सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने शाहजहां को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। न्यायालय ने एसपी, पुलिस महानिदेशक लखनऊ, एडीजी अभियोजन, प्रमुख सचिव गृह को आरोपित शाहजहां की गिरफ्तारी के बावजूद अभियुक्तों का बयान न दर्ज किए जाने व दुष्कर्म करने वाले आरोपितों का पता न लगाने में विवेचक की ओर से की गई लापरवाही के लिए कार्रवाई को कहा है।

# गहमागहमी के बाद खाली हाथ लौटी नेपाल पुलिस

- भारतीय युवकों के साथ सात दिन पूर्व नेपाल से भाग कर आई थी महिला
- नेपाली पुलिस व महिला संगठन संग सिरसिया थाना पहुंचा था परिवार

**संसू, सिरसिया( श्रावस्ती)** : भारतीय क्षेत्र के दो युवकों के साथ सात दिन पूर्व नेपाल से भाग कर आई महिला को वापस ले जाने आई नेपाल पुलिस गहमागहमी के बाद खाली हाथ लौट गई। महिला ने अपने बयान में सिरसिया के युवक के साथ ही रहने की इच्छा जताई है।

नेपाल राष्ट्र के बांके जिले की महिला आठ मार्च को सिरसिया क्षेत्र के सीमावर्ती गांव निवासी दो युवकों के साथ चली आई थी। नौ मार्च को महिला के पिता ने सिरसिया थाना पहुंचकर युवकों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी थी। बुधवार को नेपाली पुलिस, महिला संगठन व ग्रामीणों के साथ पहुंचे परिवार के सदस्यों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने महिला को थाने बुलाया। नेपाल पुलिस की मौजूदगी में उसका बयान दर्ज किया गया। महिला ने सिरसिया निवासी युवक के साथ रहने की इच्छा जताई। नेपाल पुलिस ने महिला की इच्छा के विरुद्ध उसे वापस ले जाने से मना कर दिया। इसके बाद मामला शांत हो गया। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर उसे युवक के साथ भेजा गया है।

## मीडिया कर्मियों से उलझे प्रभारी निरीक्षक

थाने के सामने नेपाली नागरिक व पुलिस को देख मीडिया के लोग जानकारी के लिए अंदर गए। प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र राय जानकारी देने के बजाए मीडिया से उलझ गए और अभद्रता पर उतारू हो गए। भाषा की मर्यादा को भूलते हुए उन्होंने कोई जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

# वैचारिक मतभेद भुला 62 दंपती साथ रहने को राजी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** पुलिस विभाग की ओर से संचालित परिवार परामर्श केंद्र रूठे दंपतियों को मिलाने के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। केंद्र पर काउंसिलिंग कर अब तक पचास प्रतिशत मामलों में समझा-बुझाकर दंपती को साथ रहने के लिए राजी किया गया।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन स्थित एएचटीयू कार्यालय सभागार में पुलिस परिवार परामर्श केंद्र स्थापित कराया गया था। यहां पुलिस अधिकारियों, समाज सेवियों व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया था। इनकी ओर से यहां आने वाले पारिवारिक विवाद के मामलों में दंपती को अलग अलग व आमने सामने बैठा कर उनकी समस्याओं का निराकरण कर मनमुटाव दूर कराया जा रहा है।

## रूठे दंपती को मिलाने में मददगार साबित हो रहा परिवार परामर्श केंद्र

केंद्र पर अब तक पारिवारिक व वैचारिक मतभेद से संबंधित 124 मामले आए। इन सभी प्रकरणों में दोनों पक्षों को तलब कर काउंसिलिंग की गई। काउंसिलिंग टीम व पुलिस के प्रयास से वैवाहिक अलगाव के 62 प्रकरणों में सुलह कराई गई। 24 मामलों में सुलह नहीं हुई। 38 प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उसका निस्तारण नहीं हो सका।

# संरक्षित पशु वध के मामले में दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने संरक्षित पशु वध के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने एक बांका, एक छुरा, रस्सी, प्लास्टिक की तीन बोरी, एक मोटर साइकिल व एक भरुही बंदूक बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के हेमपुर निवासी बाबू खां व शाहपुर पूरे शिवदीन निवासी अनिल के रूप में हुई। इनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से आरोपियों को जेल भेजा गया है। संवाद

# 17 वारंटी चढ़े हत्थे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से मंगलवार रात अभियान चला कर 17 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें भिनगा पुलिस ने दो, मल्हीपुर पुलिस ने दो, सोनवा पुलिस ने दो, गिलौला पुलिस ने चार, इकौना पुलिस ने छह तथा नवीन मॉडर्न पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया। संवाद

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को एसपी प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 12 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें तीन भूमि विवाद, पांच पारिवारिक विवाद व चार अन्य विवाद से संबंधित थे। इस पर एसपी ने संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया है। संवाद

# किशोरी को भगाने के मामले में महिला को सात साल की कैद

**श्रावस्ती।** दस वर्ष पूर्व पंद्रह वर्षीय किशोरी को बहला-फुसला कर ले जाने में सहयोग करने वाली महिला को सात वर्ष कैद व तीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है।

अभियोजन की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय व्यवस्था सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 25 नवंबर, 2013 की शाम करीब सात बजे भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी शौच के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। मामले में किशोरी के बाबा ने गांव की ही शाहजहां पर पोती को बहला-फुसला कर दो लोगों के साथ भगाने का आरोप लगाया था। आरोपी किशोरी को लक्ष्मनपुर बाजार ले गए, जहां एक कमरे में बंद कर दिया। इसी बीच किशोरी मौका पाकर वहां से भाग आई और घर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर शाहजहां के खिलाफ आरोप पत्र भेजा था।

वहीं, पुलिस अन्य दोनों आरोपियों का पता नहीं लगा सकी। मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह ने शाहजहां को सात वर्ष की कैद व तीस हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, विवेचना में लापरवाही बरतने वाले विवेचक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक व प्रमुख सचिव गृह सहित एडीजी अभियोजन और अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन को कार्रवाई का निर्देश दिया है। संवाद

# शांतिभंग के आरोप में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने मंगलवार रात अभियान चलाकर छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग के आरोप में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं, पुलिस ने बुधवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 77 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 125000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। संवाद